


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 212 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.6, 2079 रविवार, 16 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## 'कोहिनूर हीरा वापस लाने के रास्ते तलाशता रहेगा भारत'

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने संकेत दिए कि यह दुनिया के सबसे बड़े हीरों में शुमार कोहिनूर को ब्रिटेन से वापस लाने के रास्ते तलाशता रहेगा। ब्रिटेन की सबसे लंबे समय तक राज करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद भारत में कोहिनूर को वापस लाने की मांग फिर से तेज हो गई है।

इस मांग के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कुछ साल पहले संसद में इस मुद्दे पर सरकार की प्रतिक्रिया का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि भारत सरकार ने कुछ साल पहले संसद में इसका जवाब दिया था। हमने कहा है कि हम समय-समय पर ब्रिटेन सरकार से बात करते रहे हैं। >14




# सलमान ड्रग्स लेता है, आमिर का पता नहीं : रामदेव

मुरादाबाद, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा, शाहरुख का बेटा ड्रग्स लेते पकड़ा गया, वो जेल गया। सलमान भी ड्रग्स लेता है। आमिर लेता है या नहीं, ये पता नहीं। पूरा बॉलीवुड ड्रग्स की चपेट में है। एक्ट्रेस का तो भगवान ही मालिक है। वे शनिवार को मुरादाबाद में आर्यवीर एवं वीरागना सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, इस्लाम में कोई शराब पी ले तो उसे कहते हैं कि वो नापाक हो गया, लेकिन जिन्ना दारू पीता था, वो मर गया.. अच्छा हुआ। इस्लाम में शराब को लेकर सख्ती है, तो वहां बीड़ी-सिगरेट का नशा हावी हो गया है। आज पूरे देश में कोई पवित्र समाज है तो वो सिर्फ आर्य समाज है, जिसे मानने वाले किसी भी प्रकार का नशा नहीं करते। बाबा रामदेव आर्य समाज के मंच से देश को नशामुक्त करने का आह्वान कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि जब इस्लाम में शराब पीने वाले को नापाक कहते हैं तो आप तो फिर भी ऋषियों के वशंज हैं। आप शराब, ड्रग्स, सिगरेट और दूसरा नशा क्यों नहीं छोड़ सकते। आर्यवीर दल के युवा देश में जहां भी रहें, वहां नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाएं। बाबा रामदेव ने नशे पर वार करते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। पहला हमला उन्होंने बॉलीवुड पर ही किया। कहा, बड़े-बड़े फिल्म स्टार ड्रग्स ले रहे हैं।

पूरी फिल्म इंडस्ट्री, बॉलीवुड नशे की गिरफ्त में है। आपने देखा होगा पिछले दिनों ड्रग्स लेते हुए सलमान खान का बेटा पकड़ा गया। वो जेल भी गया। बाबा रामदेव ने दो बार सलमान का नाम लिया, फिर आसपास के लोगों ने उन्हें करेक्ट किया कि वह सलमान नहीं शाहरुख का बेटा था। इसके बाद बाबा रामदेव ने कहा कि शाहरुख का बच्चा ड्रग्स लेते पकड़ा गया, सलमान भी ड्रग्स लेता है। बाबा रामदेव मुरादाबाद में सर्किट हाउस के पीछे बुद्धि विहार फेस टू में हुए आर्यवीर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, चुनाव आते ही कुछ राजनीतिक दल समाज को जातियों और पंथों में बांटने की कोशिश शुरू कर देते हैं। ओबीसी, दलित, आदिवासी, मुसलमान का गठजोड़ बनाने की कोशिश होती है। लेकिन ये कभी अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा, सिर्फ आर्य समाज है, जो कोई भेदभाव नहीं करता। यहां सभी जातियां एक समान हैं।

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में 15-16 किलो आईईडी मिला

जम्मू/श्रीनगर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार सुबह एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बम डिस्पोजल स्कॉड ने इसे डिफ्यूज कर दिया।

इस दौरान एहतियातन सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। बीच रोड विस्फोटक किसने रखा था, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अस्तांगू में दो गैस सिलिंडरों से लैस लगभग 15-16 किलो एक आईईडी की सूचना मिली। यह विस्फोटक बड़ियारा और कंबाथी गांव के बीच बांदीपोरा-सोपोर रोड पर मिला। इसके बाद पुलिस, सेना और बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची और इसे डिफ्यूज कर दिया। पुलिस का कहना है कि त्योहारी सीजन में आतंकी बड़ा हमला करने की फिराक में हैं। 13 अक्टूबर को रामबन जिले की गूल तहसील में 3 आईईडी, कई गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद किए गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और भारतीय सेना ने तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। पुलिस का कहना है कि आतंकवादियों ने जिले में हमला करने की साजिश रची थी, जिसे विफल कर दिया गया। 8 अक्टूबर को सुरक्षा बलों ने कठुआ जिले के बिलावेर इलाके से तीन आईईडी और स्टिकी बम मिले थे। पुलिस के अनुसार, 2 अक्टूबर को कठुआ से गिरफ्तार जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक आतंकवादी के खुलासे पर यह बरामदगी की गई थी।

कठुआ के एसएसपी आरसी कोतवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कठुआ के मलाड बिलावर निवासी पूर्व आतंकवादी जाकिर हुसैन भट की कड़ी पूछताछ और खुलासे पर तीन स्टिकी बम और तीन आईईडी बरामद किए गए। साथ ही डेटोनेटर, एक रिमोट कंट्रोल और विस्फोटक के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सहायक सामग्री भी मिली। >14

## अविमुक्तेश्वरानंद के अभिषेक पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के नए शंकराचार्य के रूप में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अभिषेक पर रोक लगा दी है। दरअसल, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ को सूचित किया कि पुरी में गोवर्धन मठ के शंकराचार्य ने एक हलफनामा दायर किया है कि ज्योतिष पीठ के नए शंकराचार्य के रूप में अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति का समर्थन नहीं किया गया है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उक्त आदेश पारित किया।

# 45 साल में अब तक की सबसे ज्यादा बेरोजगारी पीएम बताएं कहां हैं नौकरियां? : राहुल

बेल्लारी (कर्नाटक), 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुछ दिनों से हम भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर जा रहे हैं। ये सफर 3500 किमी. का है। इसकी शुरूआत कन्याकुमारी से की। उसके बाद केरल और अभी हम कर्नाटक में हैं। शुरूआत में हमने सोचा था कि 3500 किमी. पैदल चलना आसान नहीं है। मगर जब हमने चलना शुरू किया, कुछ दिन बाद चलना काफी आसान लगने लगा। ऐसा लग रहा था, जैसे कोई शक्ति पीछे से यात्रा को आगे की ओर धकेल रही है।



उन्होंने कहा कि 3500 किलोमीटर की मुश्किल दिखने वाली यात्रा को किसी ने आसान बनाया है, तो वो है जनता का प्यार, समर्थन और भागीदारी। जब भी यात्रा में थकान होती है, तब कोई ना कोई दौड़ता हुआ आता है और मदद करके चला जाता है।

कभी छोटा सा बच्चा कुछ कह देगा, कभी कोई विकलांग व्यक्ति आकर कुछ कह देगा, कभी कोई बुजुर्ग आकर कुछ कह देगा। उन शब्दों से मदद मिल जाती है। कर्नाटक के बल्लारी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज भारत में 45 साल में अब तक की सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। पीएम ने कहा था कि वह हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। तो वो नौकरियां कहां है?

बेल्लारी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में 2.5 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? अगर आप पुलिस सब-इंस्पेक्टर बनना चाहते हैं तो आप 80 लाख रुपये देकर ऐसा कर सकते हैं। अगर आपके पास पैसा है, तो आप कर्नाटक में सरकारी नौकरी खरीद सकते हैं। अगर आपके पास पैसा नहीं है तो आप जीवन भर बेरोजगार रह सकते हैं।

**यात्रा का पहला पड़ाव 1000 किलोमीटर :**

भारत जोड़ो यात्रा का आरंभ सात सितंबर 2022 को भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिणी छोर कन्याकुमारी से हुआ था। इस ऐतिहासिक यात्रा ने शनिवार को 1000 किलोमीटर की यात्रा तय कर ली। भारत जोड़ो यात्रा ने अपनी 1000 किलोमीटर की यात्रा बेल्लारी जिले के नजदीक पूरी की। यहां लाखों कांग्रेस समर्थकों के साथ एक विशाल सम्मेलन हुआ।








## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का फेसबुक पेज हैक

**बोले- सुबह ही हुआ ऐसा**

तिरुवनंतपुरम, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि उनका फेसबुक पेज हैक हो गया। खान ने केरल राजभवन की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि उन्हें सुबह से ही पेज हैक लग रहा था। इस मामले को फेसबुक को रिपोर्ट कर दिया गया है। फिलहाल पेज को रीस्टोर करने की कोशिशें जारी हैं।

# 'कोई भी जज लोगों को खुश करने के लिए काम नहीं करता'

## हिजाब बैन के समर्थन में फैसला सुनाने वाले जस्टिस गुप्ता ने कहा

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिजाब मामले में फैसला सुनाने वाले जस्टिस हेमंत गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट को अलविदा कह दिया है. अपनी विदाई के दौरान उन्होंने कहा कि एक जज का काम किसी को खुश करना नहीं है. क्योंकि कोर्ट के आदेश से कोई एक पक्ष नाखुश जरूर होगा. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की तरफ से दी गई विदाई समारोह के दौरान यह बात कही. हेमंत गुप्ता ने कहा कि लोगों को खुश करने की कोशिश करके कोई जज के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर सकता है. यह भूमिका सार्वजनिक जीवन में दूसरों के लिए है. उन्होंने इस दौरान बार और बेंच में अपनी लंबी यात्रा के बारे में भी बताया. वह कठोर थे और कभी-कभी अपना आपा भी खो देते थे.




### 2018 में बने एससी के मुख्य न्यायाधीश

गुप्ता को जुलाई 2002 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था. इसके बाद उनका ट्रांसफर फरवरी 2016 में पटना हाई कोर्ट में कर दिया गया था और इसी साल अक्टूबर में यहां कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था. उन्हें मार्च 2017 में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और नवंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया.

हेमंत गुप्ता ने माना की उन्होंने कई गलतियां भी की होंगी, लेकिन यह पूरी तरह से अनजाने में हुआ होगा.

### कैसा रहा हेमंत गुप्ता का सफरनामा

जस्टिस हेमंत गुप्ता का जन्म कानूनी पेशेवरों के परिवार में हुआ था. उनके पिता साल 1991 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए. जस्टिस गुप्ता ने 1980 में एक वकील के रूप में नामांकन किया और पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में अभ्यास किया और 1997 से 1999 के बीच एक अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में काम किया.

### यूयू ललित ने की जस्टिस गुप्ता की तारीफ

वहीं, भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने अपने भाषण में जस्टिस गुप्ता के अच्छे स्वभाव की तारीफ की. उन्होंने कहा कि हेमंत गुप्ता हर काम को सर्वश्रेष्ठ बनाते हैं.

उन्होंने कहा कि जस्टिस गुप्ता वह सबसे ज्यादा महान व्यक्ति हैं. उनके साथ कोई भी निर्णय दो सप्ताह के समय में तैयार हो जाएगा और यह उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाता है. एससीबीए के उपाध्यक्ष प्रदीप राय ने गुप्ता की तारीफ करते हुए उनकी पिता की गिरफ्तारी को याद किया.

## बंदूक की नोक पर आदिवासी नाबालिग से हैवानियत

श्योपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्योपुर में कट्टे की नोंक पर आदिवासी नाबालिग से दरिंदगी की घटना सामने आई है। दोनों ने मिलकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया है। नाबालिग बच्चों को लेकर परिजन थाने पहुंचे और पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मामला बीरपुर थाना क्षेत्र के चक सीताराम गांव का है। बताया गया है कि पीड़िता अपनी मां के साथ झोपड़ी में रहती है। बीती रात वह रोजाना की तरह झोपड़ी के भीतर सो रही थी, उसकी मां पास में बंधी हुई मवेशियों के पास खटिया बिछा कर लेटी थी, तभी दो आरोपी आए,वीरेंद्र रावत नाम के आरोपी ने नाबालिग युवती के हाथ पकड़ कर उसका मुंह बंद किया।

# एमएचए: के विजय कुमार ने

## गृह मंत्रालय के सुरक्षा सलाहकार पद से दिया इस्तीफा

### आगे काम करने में जताई असमर्थता

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। चंदन तस्कर वीरप्पन को मारने वाले दिग्गज आईपीएस अधिकारी के. विजय कुमार ने निजी कारणों से गृह मंत्रालय (एमएचए) के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आगे काम करने में असमर्थता जताई है।इस्तीफे के एलान के साथ ही कुमार ने दिल्ली में अपना आवास भी खाली कर दिया है और चेन्नई चले गए हैं।

### विजय कुमार ने पीएम मोदी, अमित शाह का आभार जताया




कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, एमएचए अधिकारियों और सभी प्रदेशों के पुलिस बलों के प्रमुखों के प्रति उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिये आभार जताया। वह मुख्य रूप से वामपंथी कट्टरवादियों और जम्मू कश्मीर के मसलों पर सरकार को सलाह दे रहे थे। भारतीय पुलिस सेवा के 1975 बैच के अधिकारी कुमार को 2012 में एमएचए में नियुक्ति मिली थी। वह इसी साल केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार भी रहे और 2019 में फिर गृह मंत्रालय में वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार बने।

## अर्धनग्न अवस्था में हाथ-पैर बंधे मिला दो दिन से लापता युवक

उज्जैन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के उज्जैन में माधव नगर थाना अंतर्गत कंचनपूरा में रहने वाले एक छात्र नितेश का दो दिन पहले अपहरण हो गया। बदमाशों ने नितेश के भाई विकास के मोबाइल पर मैसेज देकर 50 हजार रुपए मांगे थे। परिवारजनों ने दिए गए अकाउंट नंबर पर तीन बार में 50 हजार की राशि ट्रांसफर भी कर दी थी। इसके बाद भी बदमाशों ने नितेश को नहीं छोड़ा था। शुक्रवार को परिवार ने उज्जैन के माधव नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

## अपने खर्च पर परिवार संग यूरोप घूमने गए थे मंत्री और मुख्यमंत्री '

# केरल सरकार ने दी सफाई



तिरुवनंतपुरम, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल में सत्तारूढ़ माकपा और वामपंथी सरकार ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके कैबिनेट सहयोगियों के परिवार के सदस्य अपने स्वयं के खर्च पर यूरोप की यात्रा पर गए थे न कि राज्य सरकार के खर्च पर।

राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने यात्रा से लौटने के तुरंत बाद तिरुवनंतपुरम में संवाददाताओं से कहा कि सीएम के परिवार के सदस्य और अन्य मंत्री अपने खर्च पर यात्रा पर गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी पत्नी या परिवार के किसी अन्य सदस्य को यात्रा पर ले जाने में कुछ भी गलत नहीं है, जब तक कि यह राज्य के खर्च पर न हो। बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को जनता को यह बताने की जरूरत है कि उनके दौरे से राज्य को क्या फायदा हुआ है और आगे इससे लोगों को क्या फायदा होगा।

### विजयन की हो रही थी आलोचना

बता दें कि विजयन और अन्य मंत्रियों को यूरोप तथा दुबई और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर अपने परिवार के सदस्यों को साथ ले जाने को लेकर विभिन्न वर्गों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। माकपा के राज्य सचिवालय ने यात्रा के खिलाफ आलोचनाओं का विरोध करते हुए एक बयान में आरोप लगाया कि यूडीएफ मीडिया के जरिए जनता के बीच इस यात्रा को लेकर फर्जी खबरें फैला रही है।

### यह था यात्रा का उद्देश्य

माकपा के राज्य सचिवालय ने कहा कि विदेशी राष्ट्रों के साथ चर्चा करने तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए केरल में निवेश आकर्षित करने के अवसरों के तलाशने के वास्ते यह यात्रा आवश्यक थी।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियार गिरोह का भंडाफोड़ किया, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियारों के धंधे में लिप्त एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक शस्त्र निर्माता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी दिल्ली के जाफराबाद का रहने वाला है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के भिंड निवासी राजीव ओझा और लक्ष्मी नारायण, उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी जनक सिंह और दिल्ली के जाफराबाद निवासी राशिद के रूप में हुई है। स्पेशल पुलिस कमिश्नर (क्राइम) रविंद्र यादव ने कहा कि पुलिस ने जहांगीरपुरी में जाल बिछाकर पहले जनक सिंह को दबोचा और उसके पास से चार सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और 16 कारतूस जब्त किए गए।

## केरल में एयरपोर्ट से 3.4 किलो सोना जब्त दो यात्रियों को किया गया गिरफ्तार




कोच्चि, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने केरल में कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दो यात्रियों के पास से 1.7 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 3.4 किलोग्राम सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पीली धातु पेस्ट के रूप में पाई गई। उन्होंने बताया कि यात्री शुक्रवार को दोहा से पहुंचे थे। अधिकारियों ने कहा कि सोना कासरगोड के मूल निवासी यात्रियों के शरीर में छिपा हुआ था और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डीआरआई ने एक बयान में कहा कि डीआरआई को एक गुप्त सूचना मिली थी कि ये यात्री सोना लेकर आ रहे थे और हवाईअड्डे के माध्यम से सोने की तस्करी का प्रयास करेंगे।

अधिकारियों ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए हवाईअड्डे पर निगरानी बढ़ा दी और दोनों को पकड़ लिया। बयान में कहा गया है कि 11 अक्तूबर को भी इसी तरह की सोने की तस्करी का प्रयास किया गया था और 1.8 करोड़ रुपये मूल्य का 3.6 किलोग्राम सोना जब्त किया गया था।

# अकासा एयरलाइन के विमान से टकराया पक्षी

## बेंगलुरु जा रही फ्लाइट लौटी मुंबई

मुंबई, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। अकासा एयरलाइंस की मुंबई-बेंगलुरु उड़ान में आज खलल पड़ गया। मुंबई से उड़ान भरने के बाद उसके विमान से पक्षी टकरा गया। इस कारण फ्लाइट संख्या क्यूपी-1103 को वापस मुंबई लौटना पड़ा। विमान मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गया। विमान के सुरक्षित मुंबई लौटने के बाद उसकी जांच की गई। मीडिया रिपोर्ट के विमान में जलने की गंध आ रही थी। जांच में एक इंजन पर पक्षी के जलने के निशान मिले हैं। सूत्रों का कहना है कि विमान में बदबू तेजी से फैलने लगी थी। मुंबई लौटने पर जांच में पता चला कि यह पक्षी के जलने की गंध थी। उसके अलावा विमान या इंजन में कोई खराबी नहीं आई। अकासा एयर के प्रवक्ता ने इस घटना को लेकर




कहा कि 14 अक्तूबर को मुंबई से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी 1103 को एक पक्षी के टकराने के कारण कैबिन में दुर्गंध के कारण वापस मुंबई लौटना पड़ा। विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया और सभी यात्रियों को उतार दिया गया। विमान का गहन निरीक्षण किया गया। कंपनी की ग्राहक सेवा टीम ने यात्रियों की सहायता की और उनकी यात्रा को समायोजित करने की व्यवस्था की। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।

### डीजीसीए ने जारी की थी एडवायजरी

डी जी सी ए (डीजीसीए) ने अगस्त में देश के सभी हवाई अड्डों को एडवायजरी जारी कर वन्य जीवों व पक्षियों से उड़ानों को खतरे को लेकर आगाह किया था। यह कदम विमानों से पक्षियों के टकराने की कई घटनाओं के बाद जारी की गई थी। इसमें नागरिक विमानन महानिदेशालय ने ऐसी घटनाओं से बचने के लिए एयरपोर्ट पर नियमित गश्त, मानसून काल में पायलटों को सतर्क रहने, सूचित करना शामिल है। इसके साथ ही हवाई अड्डों को वन्यजीव जोखिम प्रबंधन की हर माह रिपोर्ट भेजना भी अनिवार्य किया गया।

## आईआईटी खड़गपुर के छात्रावास में मिला असम के छात्र का शव, सीएम ने जताया शोक



कोलकाता, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रावास में एक छात्र का शव मिला। पुलिस ने बताया कि लाला लाजपत राय हॉल में बंद कमरे से दुर्गंध आने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची कमरे का दरवाजा खोला, तो मैकेनिकल इंजीनियरिंग का छात्र 23 वर्षीय फैजान अहमद मृत पाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके, शोक जताया है। पुलिस के मुताबिक मृतक छात्र असम के तिनसुकिया का निवासी था। सूत्रों के मुताबिक छात्र दो दिनों से लापता था। वह फैजल राजेंद्र प्रसाद हॉल में रहता था। पुलिस ने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि वह क्यों और कब एलएलआर हॉल में गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन पुलिस सभी तरीके से इस मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर शोक जताया है।

# हल्ला कम पर गुजरात में चुप नहीं बैठी कांग्रेस

## प्रचार के लिए अपना रही यह खास रणनीति

अहमदाबाद, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इस बार हाइपर-लोकल कैंपेन पर जोर दे रही है। पार्टी की योजना गैर-पाटीदार समुदाय के नेताओं को आगे लाने की है। साथ ही सीधे मतदाताओं के साथ बैठकें की जा रही हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी भी इस साल राज्य में काफी जोर लगा रही है। कहा जा रहा है कि गुजरात में अब लड़ाई कांग्रेस और आप के बीच है, वो भी भाजपा के खिलाफ मुख्य विपक्षी दल बनने की। आप विधानसभा चुनाव के



लिए पहले ही अपने 41 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। कांग्रेस की ओर से इसमें देरी की जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस आलाकमान की ओर से टिकट बंटवारे में हो रही देरी के पीछे आप ही है। दरअसल, कांग्रेस को इस बात का डर है कि पार्टी के जिन नेताओं को इस बार टिकट नहीं मिला, उन्हें आप टिकट देकर लड़ा सकती है। 2017 के चुनाव में कांग्रेस ने 182 में से 77 जीतों पर जीत दर्ज की थी।

### 'आप गुजरात में नहीं ले पाएगी हमारी जगह'

कांग्रेस सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, 'आप गुजरात में हमारी जगह कभी नहीं ले पाएगी। यहां के मतदाता तीसरे मोर्चे को वोट देने के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने शंकरसिंह वाघेला से लेकर केशुभाई पटेल के नेतृत्व वाली पार्टियों को खारिज कर दिया है। गुजराती गौरव अहम वजह है और आप को यहां बाहरी के रूप में देखा जाता है। आप भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रही है। वो केवल कांग्रेस को तोड़ने की कोशिश में लगी हुई है। भाजपा के बहुत से नेताओं ने आप में शामिल होने में दिलचस्पी दिखाई है। उनका एकमात्र उद्देश्य हमें नुकसान पहुंचाना है, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है।'

### 'हर चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी क्यों?'

गोहिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का उदाहरण देते हुए कहा कि वह भी अपने समर्थकों से कह चुके हैं कि कांग्रेस को हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा कि मीडिया में भले ही न दिख रहे हों लेकिन लोगों से बीजेपी के खिलाफ वोट करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह विधानसभा चुनाव है। भाजपा हर चुनाव को नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी बना देती है। हम इसे लेकर स्थानीय नेताओं से सवाल करते हैं, क्योंकि वही यहां के लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। आखिर क्यों यह चुनाव जगदीश राठौर बनाम भूपेंद्र पटेल नहीं हो सकता है?'

### भारत जोड़ो यात्रा में गुजरात से दूरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों भारत यात्रा पर हैं। राहुल की इस बात को लेकर आलोचना हो रही है कि उनकी यात्रा गुजरात से होकर नहीं गुजरने वाली है। राज्य में कांग्रेस बीते 27 सालों से सत्ता से बाहर है। पिछले गुजरात विधानसभा चुनाव में राहुल ने राज्य के 27 मंदिरों का दौरा किया था। तब इस बात को लेकर सवाल उठे कि कांग्रेस को अपनी धर्मनिरेक्ष नीति से हटने की क्या जरूरत है। कांग्रेस पर हिंदुत्व को बढ़ावा देने के आरोप लगे। हालांकि, राहुल की ओर से 'मंदिर यात्रा', पाटीदार, दलित और ओबीसी नेताओं को साथ लाने की कोशिशों से पार्टी की सीटें 61 से बढ़कर 77 हो गईं।

# देश के इस हिस्से में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी कर दिया है। अब उत्तर और मध्य भारत के ज्यादातर राज्यों से मॉनसून की विदाई या तो हो चुकी है या फिर हो रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान विदर्भ, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और झारखंड के कुछ हिस्सों, आंतरिक ओडिशा के कुछ हिस्सों और पूरे पश्चिम बंगाल से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। हालांकि, अगले पांच दिनों के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। बारिश को लेकर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 18 और 19 को दक्षिण के कुछ राज्यों में बारिश की गतिविधियां कुछ



कम जरूर होंगी, लेकिन अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का दौर जारी रहेगा।

### इन इलाकों से हो चुकी है मॉनसून की वापसी

मौसम विभाग ने बताया हैकि जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, बिहार, दिल्ली समेत कई राज्यों से मॉनसून वापस जा चुका है। वहीं, महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश समेत अन्य राज्यों में आने वाले दिनों में मॉनसून पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

### दिल्ली में कैसा रहा आज का मौसम?

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार की सुबह सुहानी रही। हल्की धूप के साथ न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में दिन में आसमान साफ रहेगा और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह करीब साढ़े नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 175 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है।

## शादी के वादे का एफिडेविट देकर महिला से किया दुष्कर्म



नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के बिंदापुर इलाके में एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। आरोपी ने पीड़िता को शादी करने और साथ रहने का वादा किया था। इसके लिए उसे एफिडेविट दिया था, लेकिन महिला के गर्भवती होते ही आरोपी ने उसे छोड़ दिया। पीड़ित जब उसके घर पहुंची तो पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा है। पीड़ित महिला की शिकायत पर बिंदापुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता बिंदापुर इलाके में रहती है। आरोपी मूलरूप से तमिलनाडु का रहने वाला है और यहां किराये के मकान में रहता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी से उसकी मुलाकात सितंबर 2021 में हुई थी। इसके बाद उन दोनों में दोस्ती हो गई। आरोपी ने उसे बताया कि उसके परिजन शादी के लिए लड़की ढूंढ रहे हैं और वह उससे शादी करना चाहता है। उसने पीड़िता को कोर्ट के दस्तावेज पर एक एफिडेविट बनाकर दिया था। इसमें आरोपी ने शादी करने और जिंदगी भर साथ रहने की बात लिखी थी। पीड़िता उसके बाद साथ रहने लगी। सच्चाई पता लगने पर उसने पुलिस को शिकायत दी है।

### पीड़ित की पहचान बताना अपराध

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने शुक्रवार को हाईकोर्ट से कहा कि पिछले साल दुष्कर्म पीड़िता दलित बच्ची की पहचान उजागर करने संबंधी कांग्रेस नेता के कथित ट्वीट को हटाने के बारे में ट्विटर के दावे के बावजूद इस तरह का खुलासा करने का अपराध अब भी बनता है। बच्ची के माता-पिता के साथ एक तस्वीर ट्विटर पर साझा कर पीड़िता की पहचान का कथित तौर पर खुलासा करने को लेकर एक एफआईआर दर्ज करने वाली याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा एवं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ सुनवाई कर रही है।

सुविचार: आत्मा की हत्या करके अगर स्वर्ग भी मिले तो नरक है।

## टीआरएस सरकार कृषि पंप सेटों पर मीटर लगाने की अनुमति नहीं देती : केटीआर

### केन्द्र पर लगाया किसानों के अस्तित्व को खतरे में डालने का आरोप



हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री केटी रामाराव ने दोहराया है कि टीआरएस सरकार कृषि पंप सेटों पर बिजली के मीटर लगाने की अनुमति नहीं देगी और केंद्र के फैसले का विरोध करने के लिए यह किसी भी हद तक जाएगी। हैदराबाद के बाहरी इलाके तुर्कयमजल नगर पालिका के मननेगुडा में किसानों के लिए एक जागरूकता बैठक को संबोधित करते हुए, मंत्री केटी रामाराव ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार टीआरएस सरकार पर कृषि पंप सेटों पर मीटर लगाने और बजटीय आवंटन पर अन्य ऋण देने के लिए दबाव बना रही है। हालांकि, मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव किसानों के हितों के लिए केंद्र के कदम का विरोध कर रहे हैं। किसानों के खिलाफ एकतरफा नीतियों को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए, केटीआर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश में खाद्यान्न की खरीद का निजीकरण करने की योजना बना रही है और यह कदम किसानों के अस्तित्व के लिए खतरा बनने जा रहा है।

मोदी सरकार किसानों की जागरूकता को कम करके आंक रही है, मंत्री ने कहा कि इसका एकमात्र एजेंडा किसान को खेती छोड़ना और कॉरपोरेट कंपनियों के सामने आत्मसमर्पण करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था।

यहां तक कि जब देश बढ़ती मुद्रास्फीति से त्रस्त था, पिछले आठ वर्षों में केवल एक कॉर्पोरेट दिग्गज की संपत्ति दोगुनी हो गई है। मंत्री ने बताया कि टीआरएस ने केंद्र से नलगोंडा के लिए 18,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने की मांग की थी और अपने उम्मीदवार को उपचुनाव से वापस लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

यह कहते हुए कि तेलंगाना में खेती का क्षेत्र लगभग 1.35 करोड़ एकड़ तक पहुंच गया है, मंत्री ने कहा कि 2022 में तेलंगाना धान का उत्पादन अब लगभग 3.50 करोड़ टन है, जबकि 2014 में यह 68 लाख टन था।

केटीआर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके लोगों के सभी वर्गों को समृद्ध बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी कुछ लोगों को ठेके देकर अमीर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना भारत का एकमात्र राज्य है जो सभी क्षेत्रों में बाधित बिजली की आपूर्ति कर रहा है और ऐसी सुविधा देश में कहीं नहीं है। इस अवसर पर मंत्री निरंजन रेड्डी, सबिता इंद्र रेड्डी और अन्य नेता उपस्थित थे।

## टीआरएस के पूर्व सांसद ने छोड़ी पार्टी
### मुख्यमंत्री केसीआर को भेजा अपना त्यागपत्र



हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के भोंगीर (भुवनगिरी) लोकसभा सीट से टीआरएस के पूर्व सांसद बूरा नरसैय्या गौड़ ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को अपना त्यागपत्र भेजा। राजनीतिक गलियारों में अफवाहें फैलने लगीं हैं कि बूरा नरसैय्या गौड़ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इस बारे में पूछे जाने पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, चुग ने यह भी कहा कि भाजपा में शामिल होने के लिए किसी का भी स्वागत है, क्योंकि यह एक राष्ट्रीय पार्टी है।

इस बीच, अफवाहों को विश्वसनीय बताते हुए, बीजेपी की जॉइनिंग कमेटी के सदस्य और पूर्व सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने ट्विटर का सहारा लिया और नरसैय्या गौड़ की प्रशंसा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में की, जिसने कभी अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, भूमि हथियाने या अपराधों के लिए प्रसिद्ध नहीं था, और शराबी नहीं था। उन्होंने बूरा नरसैय्या गौड़ को एक उच्च शिक्षित व्यक्ति, एक वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट बताया। माना जा रहा है कि मुनुगोडु उपचुनाव के लिए गौड़ को टीआरएस से टिकट मिलने की उम्मीद थी। वह कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी को चुनावी मैदान में उतारने के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के फैसले से नाखुश थे।

नरसैय्या गौड़ तेलंगाना के प्रमुख ताड़ी-टप्पर समुदाय से आते हैं। यह समुदाय मुनुगोडु उपचुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। गौड़ के समर्थक शुरू में अपर कास्ट उम्मीदवार प्रभाकर रेड्डी को मैदान में उतारने के पार्टी नेतृत्व के फैसले के खिलाफ थे। आपको बता दें कि मुनुगोडु सीटपर 3 नवंबर को उपचुनाव होना है। कांग्रेस विधायक कोमाटी रेड्डी राज गोपाल रेड्डी के 2 अगस्त को विधायकी से इस्तीफा देने के बाद मुनुगोडु में उपचुनाव जरूरी हो गया था। उन्होंने भाजपा जॉइन कर ली है और मुनुगोडु से उसके टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी ने उपचुनाव में पलवई सरवंती को मैदान में उतारने का फैसला किया है।

## इंस्टाग्राम दोस्ती के जरिए महिलाओं को ठगने के आरोप में दो विदेशी गिरफ्तार

हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर क्राइम पुलिस ने इंस्टाग्राम दोस्ती में शामिल घाना के अलॉट पीटर उर्फ चिबुजा और नाइजीरिया के रोमांस जोशुआ नाम के दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बेगमपेट की एक महिला पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि ऑस्कर लियोन ने अपना परिचय यूएसए के एक डॉक्टर के रूप में दिया और कुछ दिनों के बाद पीड़िता ने उसके साथ व्हाट्सएप नंबर +17622377073 पर चैट की। बाद में उनकी दोस्ती हो गई और आरोपी ने उसे बताया कि वह एक पार्सल भेज रहा है जिसमें सोने के गहने, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और कुछ नकदी संलग्न है। बाद में, एक अन्य व्यक्ति ने पीड़िता को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग के एक अधिकारी के रूप में अपना परिचय देते हुए फोन किया और उससे ऑस्कर लियोन से प्राप्त उपहारों के लिए सीमा शुल्क कर का भुगतान करने की मांग की। उसने पीड़िता से विभिन्न आरोपों के लिए 2.2 लाख रुपये की राशि एकत्र की। जांच के दौरान साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को दिल्ली में पाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर, उन्होंने खुलासा किया कि वे छात्र वीज़ा पर दिल्ली गए थे, गोरे लोगों की तस्वीरों का उपयोग करके इंस्टाग्राम और फेसबुक पर नकली प्रोफाइल बनाए और महिलाओं को फॉलो / फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। बाद में उन्होंने +1 और +44 नंबरों से शुरू होने वाले मोबाइल नंबरों से बातचीत की और पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि वे विदेशियों के साथ चैट कर रहे हैं। बाद में, उन्होंने पीड़ित महिलाओं का विश्वास हासिल करने के बाद उनसे दोस्ती की और उन्हें बताया कि वे अपनी दोस्ती की निशानी के रूप में एक उपहार भेज रहे हैं। उन्होंने सोने के आभूषण, सेलफोन, लैपटॉप, नकदी आदि की तस्वीरें भेजीं। बाद में, उनके सहयोगियों ने पीड़ितों को बुलाया और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, दिल्ली के सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों के रूप में अपना परिचय दिया और पीड़ितों से सीमा शुल्क, आयकर, आरबीआई शुल्क, रूपांतरण शुल्क आदि के नाम पर धन एकत्र किया। पुलिस ने लोगों से फेसबुक/इंस्टाग्राम पर अज्ञात लोगों के फ्रेंड/फॉलो रिक्वेस्ट स्वीकार करते समय सावधानी बरतने की अपील की। पुलिस ने उनसे यह भी कहा कि वे सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों का प्रतिरूपण करने वाले टेलीफोन कॉल का मनोरंजन न करें।

## तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मानसून जोरदार हैदराबाद में सप्ताहांत में बारिश की संभावना

हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जोरदार होने के कारण, अगले दो दिनों में शहर में बारिश हो सकती है। 18 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है और भारत मौसम विज्ञान विभाग-हैदराबाद द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान मॉडल ने रविवार को हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बादल छाए रहने की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के मौसम बुलेटिन के अनुसार, 18 अक्टूबर को उत्तरी अंडमान समुद्र और पड़ोस के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। यह पश्चिम उत्तर-पश्चिम की ओर पश्चिम-मध्य की ओर बढ़ेगा और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से सटे 20 अक्टूबर के आसपास कम दबाव का क्षेत्र बन जाएगा। शनिवार को, शाम 5 बजे तक, सेरिलिंगमपल्ली में सबसे अधिक 4.8 मिमी वर्षा हुई, उसके बाद हयातनगर (3.8 मिमी), कुकटपल्ली (3.3 मिमी), और आसिफनगर (2.8 मिमी) का स्थान रहा। अक्टूबर की शुरुआत से मध्यम से भारी बारिश के कारण, हैदराबाद में अब तक कुल 147 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 89.3 मिमी है। शहर में पिछले कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जलस्रोतों में पानी का बहाव तेज हो गया है. मुसी को उस्मान सागर और हिमायत सागर के जलाशयों से प्रचुर मात्रा में पानी मिल रहा है। आदिलाबाद, कामारेड्डी, करीमनगर, सिद्दीपेट और वारंगल सहित लगभग सभी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई, जिससे जलाशयों में पानी भर गया। शनिवार को, उस्मान सागर में जल स्तर 1,790 फीट के पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) के मुकाबले 1,789.50 फीट दर्ज किया गया है। हिमायत सागर में जल स्तर 1,763.50 फीट के एफटीएल के मुकाबले 1,763.15 फीट दर्ज किया गया है। इसके अलावा, अधिकारियों ने शनिवार सुबह नागार्जुन सागर परियोजना के 22 शिखा वाले फाटकों को उठा लिया और उठाए गए फाटकों के माध्यम से पानी का कुल निर्वहन चार लाख क्यूसेक से अधिक है। परियोजना में जल स्तर 589 फीट तक पहुंच गया, जबकि पूरे जलाशय का स्तर 590 फीट है।

## शोक संतप्त परिवार की मदद के लिए युवाओं ने वाट्सएप के जरिए जुटाए 1.18 लाख रुपये

जनगांव, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के कोडाकंडला मंडल के रेगुला गांव के 47 लोगों ने, जिनमें मुख्य रूप से युवा हैं, एक हार्दिक भाव में एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 1.18 लाख रुपये एकत्र किए और 8 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने से मौत का शिकार हुए 28 वर्षीय बल्ला राजू के शोक संतप्त परिवार को राशि सौंप दी। यकैया का बेटा राजू हैदराबाद में कैब ड्राइवर के रूप में आजीविका चला रहा था और परिवार के लिए एकमात्र कमाने वाला था। हालांकि, जब वह दशहरा पर्व पर अपने माता-पिता से मिलने अपने गांव पहुंचे थे, तब उनकी अचानक मृत्यु हो गई। उनके निधन से उनकी पत्नी, बेटे और माता-पिता सहित गरीब परिवार दुख में डूब गया। इसके अलावा, राजू के पिता याकैया की पीठ की सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। परिवार की दुर्दशा से आहत कुछ ग्रामीणों ने मामले की जानकारी सीएमओ सचिव स्मिता सभरवाल ने ट्विटर के जरिए दी थी। सभरवाल ने तब जनगांव में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फिजियोथेरेपी सहित यकैया को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने एक गैर सरकारी संगठन स्मिताम हितम के सदस्यों से भी परिवार की मदद करने को कहा। इस बीच, वारंगल के जिला बाल संरक्षण अधिकारी गाडे महेंद्र रेड्डी और एक तकनीकी विशेषज्ञ एट्टे राजेश्वर रेड्डी द्वारा समन्वित युवाओं के एक समूह ने 'हेल्पिंग हैंड्स-रेगुला' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर 1.18 लाख रुपये का फंड जुटाने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पोस्ट ऑफिस में राजू के छह महीने के बेटे के नाम पर 80,000 रुपये जमा किए और शनिवार को यकैया के चिकित्सा खर्च के लिए 38,000 रुपये सौंपे।

## मेदक में दिनदहाड़े घर में सेंधमारी

मेदक, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। चिन्ना शंकरमपेट मंडल के चंदमपेट गांव में शुक्रवार को काम के लिए घर से निकले एक घर से अज्ञात बदमाश दिनदहाड़े सोने-चांदी के जेवर व 30 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। सब-इंस्पेक्टर सुभाष गौड़ के मुताबिक वडियाराम सत्यम्मा और उनका परिवार घर में ताला लगाकर काम पर निकला था। शुक्रवार की रात जब वे घर लौटे तो देखा कि दरवाजा खुला है और गहने व नकदी गायब है। उन्होंने 5 तोला सोना और 22 तोला चांदी के गहने और 30,000 रुपये गायब होने की शिकायत दर्ज कराई।









## पीएफआई कार्यकर्ताओं के संभावित हमलों पर खुफिया अलर्ट

हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस ने राज्य में एक निश्चित समुदाय पर संभावित पीएफआई हमलों के खिलाफ सभी पुलिस आयुक्तों को सतर्क रहने को कहा है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पीएफआई और इसके सहयोगियों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। तेलंगाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी सभी पुलिस ऑयुक्तों और अन्य अधिकारियों को लिखे गए पत्र में कहा है कि पीएफआई इनपुट्स से संकेत मिलता है कि पीएफआई कैडर केरल और तमिलनाडु में आरएसएस/हिंदू कार्यकर्ताओं पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं। तेलंगाना में भी इस तरह की समान संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। वरिष्ठ अधिकारी ने सतर्क करते हुए सभी यूनिट अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों की गतिविधियों पर पैनी नज़र रखें। किसी भी अप्रत्याशित घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती उपायों को करने के लिए अपने संबंधित क्षेत्राधिकार में सभी संबंधितों को संवेदनशील बनाएं और कानून और व्यवस्था, शांति और सद्भाव बनाए रखें।

## दमरे ने शांति नगर रेलवे कॉलोनी में किया शहरीय वन का विकास



हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यावरण संरक्षण और विकास के प्रयासों की दिशा में अपनी निरंतर यात्रा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे ने ट्विन सिटी क्षेत्र में शहरी वन विकसित किया है। इस संबंध में उत्तरी लल्लागुडा के शांति नगर रेलवे कॉलोनी में मियावाकी वृक्षारोपण किया गया है। इस पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। आज तक, मियावाकी वृक्षारोपण का 4300 वर्ग मीटर से अधिक पूरा हो चुका है और अन्य 1,100 वर्ग मीटर का काम प्रगति पर है और निकट भविष्य में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल मिलाकर, मियावाकी वृक्षारोपण शांति नगर कॉलोनी में 20,000 पौधों के साथ 5400 वर्ग मीटर में फैला होगा। यह परियोजना "से ट्रीज एनवायर्नमेंटल ट्रस्ट" (एनजीओ) के सहयोग से शुरू की गई है। मियावाकी एक शहरी वानिकी है जिसमें घने बहु प्रजाति के पौधे उगाए जाते हैं। यह पारिस्थितिक इंजीनियरिंग है जहां तेजी से बढ़ने वाले, घने, विभिन्न प्रजातियों के पौधों की व्यवस्था बनाने के लिए देशी पौधों/पेड़ों को वैज्ञानिक तरीके से लगाया जाता है। पौधों की वृद्धि सामान्य वृक्षारोपण की तुलना में दस गुना तेज होती है, वे दो साल बाद आत्मनिर्भर होते हैं और जीवित रहने की संभावना 100 फीसदी होती है। पौधे सूर्य का प्रकाश केवल ऊपर से प्राप्त करते हैं और बग़ल में नहीं बल्कि ऊपर की ओर बढ़ते हैं। 50-55 किस्मों (फलदार, औषधीय, फूल और लकड़ी आदि) की देशी प्रजातियों का चयन किया जाता है। दक्षिण मध्य रेलवे ने गदवाल और निजामाबाद में 2300 वर्ग मीटर के क्षेत्र में 8500 पौधों के साथ मियावाकी वृक्षारोपण भी पूरा कर लिया है। वास्तव में, दक्षिण मध्य रेलवे का हैदराबाद डिवीजन अपने अधिकार क्षेत्र में मियावाकी वृक्षारोपण को सक्रिय रूप से विकसित कर रहा है। शांति नगर कॉलोनी में वर्तमान वृक्षारोपण के अलावा, 2,300 वर्ग मीटर में फैले गदवाल और निजामाबाद रेलवे परिसर में मियावाकी वृक्षारोपण पहले ही विकसित किया जा चुका है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्षेत्र का उपयोग करने के लिए हैदराबाद मंडल टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी से अपने आवासीय क्षेत्रों में पौधे लगाने का भी आह्वान किया क्योंकि यह समय की आवश्यकता है।


## CLASSIFIEDS

### INDIAN AIR FORCE

INVITES APPLICATIONS FROM UNMARRIED INDIAN MALE CANDIDATES BORN BETWEEN 31 DEC 1999 AND 30 JUN 2005 AND PASSED MATRIC FROM ANY RECOGNISED BOARD FOR SELECTION TEST FOR AGNIVEERVAYU NON-COMBATANT FOR A ENGAGEMENT PERIOD OF FOUR YEARS. DETAILED INSTRUCTIONS AND APPLICATION FORMS ARE AVAILABLE AT MAIN GUARDROOM, AIR FORCE STATION BEGUMPET, BOWENPALLY P. O., HYDERABAD - 500011. COMPLETED APPLICATION FORMS ARE TO REACH THE SAME ADDRESS ON OR BEFORE 25 OCT 2022 EITHER BY HAND OR NORMAL POST.

### AIR FORCE SCHOOL

Air Force School Begumpet is inviting application for the post of 01 TGT (social Studies) on contractual basis. For requisites qualifications and other details visit school website www.airforceschoolbegumpet.edu.in

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# स्वास्थ्य विभाग और आईएमए में तनातनी!

## आईएमए की चेतावनी- सुपरीडेंटेंड का निबंलन वापस नहीं लिया तो गंभीर परिणाम, तेजस्वी बोले- 'आई एम अलर्जिक टू करप्शन'

पटना, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव बिहार के हेल्थ सिस्टम को सुधारने में लगे हैं। राज्य में स्वास्थ्य सेवा का हाल जानने के लिए वे सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच सहित एनएमसीएच व अन्य कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर चुके हैं। निरीक्षण के बाद हुई कार्रवाई से डॉक्टरों के संगठन आईएमए और स्वास्थ्य मंत्री आमने-सामने आ गए हैं। तनातनी की स्थिति बन गई है। अब नीतीश-तेजस्वी सरकार की इच्छा शक्ति की परीक्षा होनी है! स्वास्थ्य विभाग की बैठक में तेजस्वी यादव कह चुके हैं- 'आई एम अलर्जिक टू करप्शन'।

**आईएमए ने दी चेतावनी- निलंबन वापस नहीं हुा तो परिणाम गंभीर होंगे**

एक माह पूर्व तेजस्वी यादव द्वारा पीएमसीएच में औचक निरीक्षण के बाद एक जूनियर डॉक्टर का एक दिन का वेतन काटा गया था और सफाई एजेंसी पर 25 हजार रुपए का फाइन किया गया था। एजेंसी को चेतावनी दी गई कि आगे सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं रही तो कॉन्ट्रैक्ट भी रद्द कर दिया जाएगा। अब तेजस्वी यादव द्वारा गुरुवार को एनएमसीएच के औचक निरीक्षण के बाद वहां के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी है कि कार्य में लापरवाही, अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन नहीं करने, प्रशासनिक अक्षमता और विभागीय निदेशों की अवेहलना करने के कारण मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार सिंह को निलंबित किया गया है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद इंडियन



मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सामने आ गया है और शनिवार को आईएमए की आपात बैठक बुलायी गई। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डीएस सिंह ने कहा कि 'सरकार के इस निर्णय से डॉक्टरों में भारी आक्रोश है। सरकार अपनी कमियों को छुपाने के लिए डॉक्टरों को प्रताड़ित कर रही है। खुद कटघरे में होने के बावजूद डॉक्टरों पर कार्रवाई करती है। यह हमें स्वीकार्य नहीं।' आईएमए ने चेतावनी दी है कि 'सरकार डॉ. विनोद कुमार सिंह का निलंबन तत्काल वापस नहीं लेती है तो इसके परिणाम गंभीर होंगे।'

**60 दिनों की कार्ययोजना पर चल रहा काम**

इसी अक्टूबर माह में बायोमेट्रिक हाजरी बनाने का विरोध डॉक्टरों ने किया था। डॉक्टरों ने विरोध स्वरूप हड़ताल भी की थी। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने सितंबर माह में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों सहित सभी सिविल सर्जनों के साथ हाईलेवल मीटिंग बुलाई थी और 60 दिनों की कार्ययोजना बनाई थी। तेजस्वी ने बैठक में कहा था कि 'आई एम अलर्जिक टू करप्शन। विभाग में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की तरह स्कोर नहीं पूछेंगे बल्कि परफॉर्मेंस के स्कोर के आधार पर आपकी सेवा का मूल्यांकन करेंगे।' स्वास्थ्य सेवा की बदतर स्थिति को लेकर कई बार पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खटखटा चुके सोशल एक्टिविस्ट विकास चंद्र उर्फ गुड्डु बाबा कहते हैं कि आईएमए ने डॉक्टरों या कर्मचारियों के गलत कार्यों का विरोध कभी नहीं किया है। तेजस्वी यादव सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तो क्या गलत कर रहे हैं? विकास चंद्र ने कहा कि आईएमए से मैं आग्रह करता हूं कि आईएमए के अध्यक्ष व सदस्यों को जाकर अस्पतालों में देखना चाहिए कि अस्पतालों में बाथरुम जाने लायक नहीं है। कहा कि अगर आईएमए ने हड़ताल करवाई तो यह मरीजों के विरूद्ध जाना होगा।

# सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में चूक

## छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान स्टीमर जेपी सेतु से टकराया, हुए चोटिल

पटना, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी पटना से अभी बड़ी खबर आ रही है। सीएम की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। सीएम नीतीश कुमार आज पटना के छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान सीएम का स्टीमर जेपी सेतु पुल से टकरा गया। इससे सीएम नीतीश कुमार भी घायल हो गए।

**सीएम की सुरक्षा में चूक**

सीएम नीतीश कुमार आज पटना के छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान सीएम का स्टीमर जेपी सेतु पुल से टकरा गया। इस घटना में सीएम घायल हो गए। ये सुरक्षा की बड़ी चूक मानी जा रही है। वहीं, इस मामले को लेकर पटना जिला प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री को कोई चोट नहीं आयी है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण स्टीमर को बदला गया। बता दें कि हर साल छठ से पहले मुख्यमंत्री 2 से 3 बार तक गंगा घाटों का निरीक्षण करते हैं। इसकी मुख्यमंत्री खुद



मॉनिटरिंग करते हैं।

**सीएम ने छठ घाटों का किया निरीक्षण**

बता दें कि सीएम नीतीश कुमार पटना के नासरीगंज घाट, पटना सिटी घाट, भद्र घाट, महेंद्रु घाट सहित कई घाटों का आज निरीक्षण किए। सीएम नीतीश कुमार छठ पर्व की तैयारी को लेकर घाटों का जायजा लिए। घाटों पर सुगम रास्ता, लाइट, साफ- सफाई और जलस्तर को लेकर निरीक्षण किए। इसको लेकर अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। वहीं, इस बार छठ पूजा 30 अक्टूबर 2022 को मनाई जाएगी।

30 अक्टूबर रविवार का दिन है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पूजा मनाते हैं। अभी भी मानसून सक्रिय रहने से गंगा नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया है। इससे कई छठ घाटों पर अभी भी पानी है।

# बारिश में धंसी सड़क पर हादसा

## कंटेनर और बीएमडब्ल्यू की भिड़ंत में चार मरे



लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को एक बीएमडब्ल्यू और एक कंटेनर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हलियापुर थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस वे पर विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर ने सुल्तानपुर से जा रही बीएमडब्ल्यू को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का इंजन और उसमें सवार चारों लोग उड़ गए और कुछ दूर जाकर गिरे। उन्होंने कहा कि पुलिस और यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईडा) के अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य के लिए तत्काल मौके पर पहुंचे। जिला मजिस्ट्रेट रवीश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी सोमेन बर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतक उत्तराखंड के रहने वाले थे। पिछले हफ्ते तेज बारिश के बाद एक्सप्रेस-वे पर 5 फीट गहरे और 15 फीट चौड़े गड्ढे में एक कार फंस गई थी। बता दें, लखनऊ को पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे का उद्घाटन फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव से पहले नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

# बिल्डर गब्बू सिंह के 31 ठिकानों पर छापेमारी

## गब्बू सिंह जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह के करीबी

पटना, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के करीबी और बिहार के नामचीन बिल्डर एवं रिपब्लिक होटल के मालिक राजीव सिंह उर्फ गब्बू सिंह के करीब 31 ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर विभाग ने छापेमारी की। वहीं, इस मामले में अभी मीडिया के हवाले से एक बड़ी सूचना मिल रही है। गब्बू सिंह के अकाउंटेंट के यहां आज आयकर विभाग की छापामारी चल रही है। आयकर विभाग की छापेमारी आज भी जारी है।

**गब्बू सिंह के अकाउंटेंट के यहां छापेमारी!**

बिहार के नामचीन बिल्डर एवं रिपब्लिक होटल के मालिक राजीव सिंह उर्फ गब्बू सिंह के करीब 31 ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। इस छापेमारी में आयकर विभाग को बड़ी सफलता मिली है। इस रेड में लाखों कैश, जेवरात, प्लाट के कागजात सहित कई सामग्री बरामद हुई है। आज भी आयकर



विभाग की कार्रवाई जारी है। मीडिया के हवाले सूचना आ रही है कि गब्बू सिंह के अकाउंटेंट यहां आज आयकर विभाग की छापामारी चल रही है।

बता दें कि गब्बू सिंह की पहचान बिहार के बड़े बिल्डर के रूप में होती है। श्री सिंह के रिश्ते कई बड़े राजनेताओं से होने की चर्चा है।

पटना के बाहर भी करोड़ों रुपये का कारोबार फैला हुआ है। अब तक लाखों के गहने और 50 लाख कैश के अलावा करोड़ों के निवेश आदि के दस्तावेज बरामद हो चुका है। आधाा दर्जन लॉकर मिले हैं इनको सीज कर दिया गया है। अभी तक करोड़ों की टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। गाजियाबाद और नोएडा में करोड़ों के मूल्य के प्लॉट-अपार्टमेंट है। इसमें शामिल हैं। श्री गोविंद कंस्ट्रक्शन कंपनी बिल्डिंग के अलावा आपदा और सिंचाई क्षेत्र में भी काम करती है। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि इसमें कोई नई बात नहीं हैं। आइटी, ईडी, सीबीआइ का इस्तेमाल ये लोग (बीजेपी) ऐसे करते हैं जैसे कोई कपड़ा बदल रहा है। अगर वह कार्रवाई करते हैं तो करते रहे।

# 'धीरे-धीरे' गंगा नदी में समा गया घर

## गंगा के कटाव का कहर जारी पिछले 2 दिनों में 5 घर नदी में समाए

भागलपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भागलपुर में गंगा के कटाव में देखते ही देखते एक और घर के पानी में विलीन होने का वीडियो सामने आया हैं। ये वीडियो वाकई दर्दनाक है। जहां 'स्लोली-स्लोली' (धीरे-धीरे) में एक पक्के का मकान पानी में गिर रहा है। मौजूद लोग के पास इस नजारे को देखने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं बचा था। उन्हीं में से किसी ने एक वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। अब ये वीडियो हर बार की तरह जिले में खूब वायरल हो रहा है।



हमने जब इस वायरल वीडियो की पड़ताल की तो पता चला कि ये वीडियो भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तीनटंगा दियारा का है, जहां पिछले 8 दिनों में करीब 12 घर कटाव में बह चुके हैं। यहां पिछले दो दिनों में ही करीब 5 घर गंगा में समाहित हो चुके है। इनके योगेंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, विजय ठाकुर, दिनकर मंडल, राजेश मंडल के घर शामिल है। गांव वालों की मानें तो पीछे 4 से 5 महीनों से कटाव जारी है। हालांकि बीच में पिछले एक महीने से कटाव में स्थिरता आई थीं। लेकिन गंगा के जलस्तर बढ़ने से एक बार फिर तेजी से कटाव हो रहे हैं। अब भी कई ऐसे घर है जो कटाव की जद में आने के कगार पर खड़े है।

इस मामले पर सीओ आशीष कुमार ने बताया कि जिन लोगों के घर पानी में विलीन हो गए है। उन्हें जल्द मुआवजा दिया जाएगा। उनकी कागजी करवाई कर उसे आगे भेजा जा रहा हैं। साथ हीं उन्होंने बताया कि फ्लड फाइटिंग के इंजीनियर इस घटना को रोकने की पूरी कोशिश में है। उन्होंने बताया कि इंजीनियर साहेब अपने हिसाब से कटाव को रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है। जहां पर टेक्निकली जरूरत है वहां कार्य किए जा रहे है।

# पटना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## कहा- मकान मालिक असामाजिक तत्वों की मदद से नहीं कर सकते किराएदारों को बेदखल

पटना, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। मकान मालिक और किराएदार का विवाद अक्सर सुर्खियों में रहता है। इससे संबंधित पटना हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इसे किराएदारों के पक्ष में कहा जा सकता है। फैसले में हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मकान मालिक असमाजिक तत्वों की मदद से किराएदार को जबरन बेदखल नहीं कर सकता है।

**जबरन बेदखल नहीं सकते बेदखल**

मामला पटना हाईकोर्ट में एक केस के सुनवाई का है। इस केस को लेकर हाईकोर्ट ने किराएदार को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने अपने फैसला में स्पष्ट किया कि गैरकानूनी तरीके से कोई मकान मालिक असामाजिक तत्त्वों की मदद लेकर किराएदार को जबरन बेदखल नहीं कर सकता है। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने



पटना के फ्रेजर रोड स्थित हैरिसंस होटल एवं अन्य की क्रिमिनल रीट याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है।

**पटना हाईकोर्ट ने ये भी कहा**

पटना हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि इस प्रकृति की उच्च स्तरीय कार्रवाई जो संपत्ति को हथियाने और अवैध तरीके से एक कब्जे वाले को बेदखल कर उसे अपना कब्जा वापस पाने हेतु दीवानी मुकदमों को दर्ज करने के लिए ही प्रोत्साहित करेगा। यदि मकान मालिक के साथ पुलिस की भी मिली भगत भी हो तब भी हाई कोर्ट इसकी अनदेखी नहीं कर सकता है। यदि न्यायालय इस तरह की उच्च स्तरीय कार्रवाई को स्वीकार करेगा तो कानून के शासन का कोई सम्मान नहीं करेगा और गैर कानूनी तत्व इसका फायदा उठाएंगे।


बता दें कि याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि 24 फरवरी, 2022 की आधी रात में मकान मालिक ने असामाजिक तत्वों की सहायता से जबरन कंपनी के आफिस को खाली करा दिया और परिसर में ताला जड़ दिया था। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। लेकिन पुलिस ने किराएदार की शिकायत पर एक्शन न लेकर मकान मालिक का साथ दिया था।

**एसएसपी को कोर्ट ने दिया निर्देश**

वहीं, इस मामले में कोर्ट ने पटना के एसएसपी तथा कोतवाली के थाना प्रभारी को याचिकाकर्ता होटल कंपनी को तुरंत उसके होटल परिसर का दखल वापस दिलाने का निर्देश दिया है।

# डेंगू प्रतिदिन बना रहा है नया रिकार्ड

## 373 मिले नये मरीज प्रशासन के तमाम दावे फेल



पटना, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिले में डेंगू के रोजाना रिकॉर्ड तोड़ केस सामने आ रहे हैं। बीते 15 छह दिनों से हर रोज औसतन 200 से 300 के आसपास नये मरीज मिल रहे हैं। शुक्रवार को फिर से जिले में 373 नये मरीज मिले हैं। इसके साथ ही जिले में कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 2696 के पार है। इनमें सबसे अधिक पीएमसीएच में 84, एनएमसीएच में 63 और आइजीआइएमएस में 58 कुल 205 मरीज संबंधित मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में चिह्नित किये गये हैं।

**डेंगू के 373 नये मरीज मिले**

इसके अलावा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, प्राइवेट लैब व प्राइवेट अस्पतालों में 168 मरीज के साथ कुल 373 मरीज डेंगू पॉजिटिव हुए हैं। पिछले 15 दिन में ही संख्या दो हजार के पार पहुंच गयी है। वहीं सिविल सर्जन डॉ केके राय ने कहा कि पीएमसीएच में 100 व एनएमसीएच में 75 बेड का डेंगू वार्ड हो गया है। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में 10 से 15 प्रतिशत डेंगू वार्डमें बेड की संख्या बढ़ा दी गयी है। पटना के पॉश व नवनिर्मित मुहल्लों में डेंगू मच्छर का कहर ज्यादा है। जबकि स्लम एरिया में डेंगू मच्छर का असर न के बराबर हैं। पटना में अचानक ही डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बाद यह शक किया गया कि गंदे इलाकों से ही इसके मच्छर पनप रहे हैं। इसे लेकर जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर प्रशासन के साथ नगर निगम व मलेरिया विभाग की टीम ने वैसे इलाकों का निरीक्षण किया, जहां डेंगू के मरीजों की संख्या अधिक थी। जांच में मामला उल्टा निकल गया।

## फरार चल रहे एक लाख के इनामी आईपीएस मणिलाल पाटीदार का सरेंडर

लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे एक लाख के इनामी आईपीएस मणिलाल पाटीदार ने आखिककार शनिवार को लखनऊ के अपर जिला सत्र न्यायाधीश/भष्टाचार निवारण अधिनियम लोकेश वरुण की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। महोबा के एसपी रहे पाटीदार के अधिवक्ता ऐश्वर्य प्रताप सिंह और रणधीर सिंह ने अदालत में तर्क दिया कि पाटीदार को झूठे मामले में फंसाया गया है। अदालत ने पाटीदार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

2014 बैच के आईपीएस अधिकारी पाटीदार को भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में शासन ने नौ सितंबर 2020 को सस्पेंड कर दिया था। पाटीदार के खिलाफ सितंबर 2020 में महोबा में क्रशर कारोबारी इन्द्रकांत त्रिपाठी को आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस के वसूली के खेल में क्रशर कारोबारी की जान गई थी। इसी मामले में पुलिस को उसकी तलाश थी।

# वाराणसी और जौनपुर में परीक्षा देते पकड़ा गए मुन्नाभाई

## सॉल्वर गैंग की तलाश में पुलिस

वाराणसी, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से शनिवार को आयोजित पीईटी यानी प्रारंभिक पात्रता परीक्षा में वाराणसी और जौनपुर से एक-एक मुन्ना भाई पकड़े गए। वाराणसी के जंसा स्थित केंद्र से एक मुन्ना भाई को पकड़ा गया। श्री युगल बिहारी इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा में अभ्यर्थी की जगह बिहार के सुपौल जिला के छातापुर थाना के मुस्सलाहपुर निवासी चंदन महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि सॉल्वर गैंग के कहने पर वह दूसरे की जगह परीक्षा देने बैठा था। उसे अदालत में पेश किया जाएगा। श्री युगल बिहारी इंटर कॉलेज के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानचार्य ने सूचना दी कि बलिया के नेमा के टोला, सिवान कलां निवासी रणजीत कुमार यादव को परीक्षा देनी था। कॉलेज के रूम नंबर-25 में सिटिंग प्लान के अनुसार रणजीत के बैठने की जगह निर्धारित थी। इसी बीच गोपनीय सूचना आई कि रणजीत की जगह कोई और परीक्षा देने के लिए बैठा है। सूचना के आधार पर रणजीत की जगह पर जाकर चेकिंग की गई तो उसकी जगह बैठे युवक की फोटो और आधार कार्ड वगैरह दुरुस्त मिला। उससे हस्ताक्षर वगैरह करा कर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपनी गलती स्वीकार कर ली। बताया कि सॉल्वर गैंग के कहने पर वह रणजीत की जगह परीक्षा देने बैठा था। उसका असली नाम चंदन महतो है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई के लिए चंदन को पुलिस को सौंप दिया गया।

पुलिस अब रणजीत और सॉल्वर गैंग की तलाश कर रही है। जंसा थाना प्रभारी चंद्रदीप ने बताया कि चंदन महतो से पूछताछ की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि वह सॉल्वर गैंग में कौन कौन शामिल है। कितने पैसे लेकर वह परीक्षा देने आया था और सॉल्वर गिरोह का सरगना कौन है। चंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## विकलांग पेंशन योजना के तहत मिलती है इतनी रकम

लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने साल 2016 में राज्य में रहने वाले दिव्यांग लोगों के लिए पेंशन योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत, सरकार राज्य में दिव्यांग व्यक्तियों को पेंशन के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस लेख में हम आपको इस योजना को विस्तार से बताएंगे साथ ही ये भी बताएंगे कि आप इस योजना के तहत कैसे आवेदन कर सकते हैं और आपको इसके लिए किन-किन दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी। दिव्यांगों को सरकार की तरफ से 300 रुपये पेंशन दी जाती है।

# पत्नी ने चप्पलों से कर दिया पति का इलाज

## बीच सड़क पर उतार दिया इश्क का बुखार

बरेली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के बरेली जिले में शादीशुदा व्यक्ति को दूसरी महिला के साथ मोहब्बत करना भारी पड़ गया। बीच सड़क पर पत्नी ने जब पति प्रेमिका की बाहों में बाहें डाले देखा तो इश्क का बुखार उतार दिया। दरअसल बहेड़ी स्टेशन पर तैनात रेलकर्मी के होश उस समय फाख्ता हो गए जब उसकी पत्नी ने प्रेमिका के साथ उसे देख लिया। इसके बाद तो वहीं सड़क पर ही हंगामा हो गया। पति के सामने ही चप्पलों से प्रेमिका की पिटाई कर दी। थाने में महिला उसके पति और प्रेमिका के बीच लंबी पंचायत चली।



इसके बाद तीनों को समझाकर छोड़ दिया गया। पुलिस के मुताबिक, इज्जतनगर रेल मंडल में एक कर्मचारी का पत्नी से दहेज एक्ट का मुकदमा चल रहा है। करीब पांच साल से दोनों अलग रहते हैं। पत्नी को पता चला कि उसके पति का किसी युवती से अफेयर है जो अक्सर दोनों साथ-साथ देखे जाते हैं। कई दिनों से वह नजर रख रही थी। शुक्रवार को उसकी पत्नी रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वहां देखा तो उसका पति और प्रेमिका बैठे थे। यह देखकर उसने आपा खो दिया। स्टेशन पर ही युवती की पिटाई कर दी। युवती स्टेशन से भागी तो मामला सड़क पर पहुंच गया।

# सीएम के आने से पहले खनन माफिया जफर गिरफ्तार

## मुरादाबाद में आज भी पुलिस पर चलाई गोली, मुठभेड़ में घायल, 3 दिन पहले पुलिस पर किए थे फायर

मुरादाबाद, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक लाख का इनामी खनन माफिया जफर अली शनिवार तड़के मुठभेड़ में अरेस्ट हुआ। तीन दिन पहले पुलिस टीम पर उसने गोलियां बरसाई थीं, जिसमें 6 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। एसएसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि जफर दिल्ली भागने की कोशिश कर रहा था, तभी सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे घेर लिया। उधर, सीएम योगी भी आज मुरादाबाद पहुंच रहे हैं। खनन माफिया जफर अली के साथ पुलिस की यह मुठभेड़ शनिवार तड़के करीब 5 बजे पाकबड़ा थाना क्षेत्र में हुई। एसएसपी ने बताया कि जफर अली अपना चेहरा छिपाकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। कैलसा रोड पर पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जफर अली के पैर में गोली लगी है। जफर पर कल यानी शुक्रवार को ही इनाम की राशि 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए की गई थी। वह मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र में कांकरखेड़ा का रहने वाला है। उत्तराखंड के भरतपुर में खनन माफिया और यूपी पुलिस के बीच फायरिंग में 12 अक्टूबर की देर शाम भाजपा नेता की पत्नी की मौत हो गई और 6 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इस दौरान खनन माफिया ने 12 पुलिसकर्मियों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाकर रखा। साथ ही उनके हथियार भी छीन लिए। एसओजी की कार को भी आग लगा दी। उत्तराखंड पुलिस ने यूपी पुलिस को किसी तरह वहां से छुड़ाया। यूपी पुलिस को 12 अक्टूबर की दोपहर में पता चला कि खनन माफिया जफर मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा इलाके में है। पुलिस ने दबिश दी तो जफर ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। घिरता देख जफर यहां से बॉर्डर क्रॉस कर पास के गांव भरतपुर पहुंच गया। यूपी पुलिस की टीम भी पीछा करते भरतपुर पहुंच गई। शाम साढ़े पांच बजे फिर से दोनों का आमना-सामना हुआ। यहां भी क्रॉस फायरिंग हो रही थी तभी भाजपा नेता गुरताज सिंह भुल्लर की पत्नी गुरजीत कौर इसकी चपेट में आ गईं और उनकी मौत हो गई।

# ग्लोबल कमर्शियल सैटेलाइट लांच मार्केट में कदम रखने की तैयारी



## 23 अक्टूबर को 36 सैटेलाइट स्पेस में भेजेगा इसरो

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) का सबसे भारी रॉकेट 'एलवीएम-3' 23 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से ब्रिटिश स्टार्टअप वनवेब के 36 सैटेलाइट का लांच करेगा। इस लांच के साथ ही 'एलवीएम-3' ग्लोबल कमर्शियल सैटेलाइट लांच मार्केट में कदम रखेगा। 'एलवीएम-3' को पहले 'जीएसएलवी एमके-3' रॉकेट के नाम से जाना जाता था।

**22-23 अक्टूबर की रात होगा लांच**

बेंगलुरु स्थित इसरो मुख्यालय ने शुक्रवार को कहा कि 'एलवीएम-3-एम2/वनवेब इंडिया-1 मिशन' का लांच 23 अक्टूबर (22 अक्टूबर की मध्यरात्रि) को भारतीय समयानुसार 12 बजकर 7 मिनट पर तय है। इसरो ने कहा, "क्रायो स्टेज, 'इक्विपमेंट बे' को जोड़ने का काम पूरा हो चुका है। सभी सैटेलाइट को एक कैप्सूल में भरकर रॉकेट में रख दिया गया है। प्रोजेक्टर की अंतिम जांच की जा रही है।"

**एक्सेस एसोसिएट्स के साथ 2 लांच कॉन्ट्रैक्ट साइन**

गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में इसरो ने कहा था कि स्पेस डिपार्टमेंट और स्पेस एजेंसी की कमर्शियल ब्रांच के तहत काम करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय इंटरप्राइस (सीपीएसई) न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने ब्रिटेन स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स के साथ 2 लांच कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए थे। इन कॉन्ट्रैक्ट के तहत एलवीएम-3 रॉकेट के जरिए वनवेब के निचली कक्षा के ब्रॉडबैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट का लांच किया जाना था।

**इसरो के लिए मील का पत्थर**

इसरो ने कहा, "यह मांग के आधार पर एनएसआईएल के जरिए पहला एलवीएम-3 समर्पित कमर्शियल लांच है।" स्पेस एजेंसी ने कहा, "वनवेब के साथ हुआ यह करार एनएसआईएल और इसरो के लिए मील का पत्थर है, क्योंकि इसके जरिए 'एलवीएम-3' रॉकेट ग्लोबल कमर्शियल सैटेलाइट लांच मार्केट में कदम रखने जा रहा है।"

**क्या है एलवीएम-3**

'एलवीएम-3' तीन चरणों वाला लांच व्हीकल है, जिसमें 2 ठोस मोटर स्ट्रैप-ऑन एक तरल प्रणोदक चरण और एक क्रायोजेनिक चरण शामिल है। यह रॉकेट 4 टन के सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में प्रोजेक्ट करने में सक्षम है। भारत की भारती इंटरप्राइजेज वनवेब में एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक है।

# कांग्रेस की रैली से पहले सीएम बोम्मई का राहुल पर तंज

## 'फेल मिसाइल' को लॉन्च करने की हो रही कोशिश



बेंगलुरू, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत जोड़ो यात्रा के बीच कर्नाटक के बेल्लारी में कांग्रेस की बड़ी रैली से पहले मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राहुल गांधी पर तंज कसा है। शनिवार को उन्होंने कहा, कांग्रेस एक बार फिर से 'फेल हो चुकी मिसाइल' को लॉन्च करने का प्रयास कर रही है। दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा के 1000 किलोमीटर का सफर पूरे होने पर इस रैली का कांग्रेस की ओर से आयोजन किया जा रहा है।

इस रैली में पूरे देश से कांग्रेस के बड़े नेता शिरकत करेंगे। ऐसे में रैली पर सीएम बोम्मई ने कहा कि यह बेमतलब है, क्योंकि देश पहले से ही एकजुट है और संघवाद में पूर्ण विश्वास करता है। कर्नाटक सीएम बोम्मई ने कहा, इस यात्रा का कोई मतलब नहीं है, जब देश पहले से ही एकजुट है। उन्होंने कहा, मैं पहले भी कह चुका हूं कि राहुल गांधी नाम की मिसाइल पहले भी फेल हो चुकी है। अब उसे दोबारा लॉन्च शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इस यात्रा का कोई मतलब नहीं है।

**वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रहा देश**

भाजपा नेता ने कहा, भारत मजबूत नेतृत्व में वैश्विक पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जी-7 जैसे देश आर्थिक मंदी का सामना कर रहे हैं, ऐसे समय में भारत सात फीसदी की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। बोम्मई ने कहा, 1999 में बेल्लारी से सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा था, उन्होंने इस क्षेत्र से आगे भी चुनाव लड़ने का वादा किया था, लेकिन वह मतदाताओं को धोखा देकर रायबरेली वापस चली गईं।

**सिद्धारमैया के स्तर तक नीचे नहीं गिरूंगा**

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से की गई टिप्पणी पर भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने मेरे ऊपर निजी टिप्पणी की है, लेकिन मैं इस स्तर तक नहीं गिरूंगा। वह स्वस्थ्य रहें और 100 साल तक जीवित रहें। दरअसल, सिद्धारमैया ने बोम्मई की घुटनों की समस्या को लेकर तंज सकते हुए कहा था कि वे चार किलोमीटर भी पैदल नहीं चल सकते।

# आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

## टीनू संघवी समेत अन्य बिल्डरों के ठिकानों पर रेड



इंदौर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंदौर शहर में आयकर विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। टीनू संघवी समेत अन्य बिल्डरों के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापे मारे। विभाग ने सुबह आठ बजे शहर में 18 ठिकानों पर जांच के लिए कार्रवाई शुरू की है। यह छापे रियल इस्टेट और आभूषणों का कारोबार करने वालों के यहां पड़े है। आय छिपाने और कर चोरी की आशंका में विभाग की टीमों ने रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े टीनू संघवी और लाभम ग्रुप के प्रमुख सुमित मंत्री के ठिकानों पर दबिश दी। साथ ही इनके सहयोगियों के यहां भी जांच करने आयकर विभाग टीमें पहुंची हैं। एचडी वायर्स और कुछ अन्य ज्वैलर्स के यहां भी जांच के लिए आयकर विभाग के अधिकारी पहुंचे हैं। टीनू संघवी कांग्रेस नेता पंकज संघवी के भाई है। टीनू संघवी की गिनती शहर के बड़े बिल्डरों में होती है। इनके बड़े भाई सुरेंद्र संघवी भी रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हुए हैं। दूसरे भाई पंकज संघवी कांग्रेस के नेता है। शहर में सांसद, मेयर और विधायक का चुनाव भी कांग्रेस के टिकट पर लड़ चुके हैं। पंकज गुजराती समाज के पदाधिकारी भी हैं। सुरेंद्र संघवी की एक कॉलोनी पर कुछ दिनों पहले प्रशासन ने कार्रवाई की थी और उनके खिलाफ कुछ समय पहले प्रशासन ने प्रकरण भी दर्ज करवाया है। फिलहाल उन्होंने अग्रिम जमानत ले रखी है। इनके अलावा दो चार्टर्ड अकाउंटेंट समेत तीन लोगों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। सुमित मंत्री कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के करीबी हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र राऊ में भी इनके कुछ प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा पिछले दिनों भी रियल स्टेट फर्म के विभिन्न ठिकानों पर छापे मारे थे। दिल्ली, लखनऊ, गुड़गांव, चंडीगढ़ सहित देशभर में कंपनी के आफिस और अधिकारियों के घर सहित 45 ठिकानों पर एक साथ डाली गई इस रेड में आयकर विभाग ने करोडों रुपये की राशि जब्त की थी।

# हिमाचल में रिस्क के मूड में नहीं भाजपा

## 12 विधायकों के कट सकते हैं टिकट! ये होगी रणनीति

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होना है और 8 दिसंबर को रिजल्ट के साथ नई सरकार के लिए सत्ता की राह खुल जाएगी। हिमाचल में भले ही भाजपा फ्रंट फुट पर खेल रही हो लेकिन इस पहाड़ी प्रदेश में रिस्क बिल्कुल भी नहीं लेना चाहती है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को सख्त हिदायत दी है कि टिकट चाहे जिसे मिले, सबको मिलकर कमल को विजयी बनाने के लिए काम करना चाहिए। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि शीर्ष नेतृत्व हिमाचल में टिकट बंटवारे को लेकर काफी फोकस्ड है।

बताया यह भी जा रहा है कि कम से कम 12 सिटिंग विधायकों को अपने टिकट से हाथ धोना पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए सूत्र बता रहे हैं कि कांग्रेस ने करीब 35 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। बस घोषणा होनी बाकी है। टिकटों के बंटवारे के लिए कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की एक बैठक भी हो चुकी है। हालांकि, दूसरी ओर भाजपा ने अभी इसके लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू ही नहीं की है। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व इस बार कई सिटिंग विधायकों के टिकट काट सकती है।

कैसे होगा टिकटों का बंटवारा

अब क्योंकि विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है और नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। भाजपा जल्द ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि 'काम नहीं टिकट नहीं' के फॉर्मूले पर पार्टी विधायकों को टिकट देना तय कर सकती है। जिन विधायकों के क्षेत्रों में जनता का अच्छा रिस्पॉन्स नहीं है उन्हें फिर टिकट दिया जाएगा, इसकी बेहद कम संभावना है।

**भाजपा हुई एक्टिव**

हिमाचल में भले ही कल यानी शुक्रवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ लेकिन, भाजपा दो माह पहले ही तैयारियां शुरू कर चुकी है। अगस्त महीने में सौदान सिंह को राज्य में चुनाव प्रभारी और देविंदर राणा को सह-प्रभारी नियुक्त किया जा चुका है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दोनों को विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में फीडबैक का जिम्मा सौंपा गया था, जो टिकट बंटवारे के वक्त फैसले में काम आ सके।



**उपचुनाव में करारी हार से सबक?**

भले ही साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 68 सीटों में से 44 पर जीत हासिल की और कुछ ही वक्त बाद कांग्रेस के दो विधायक भी भाजपा में शामिल हो गए लेकिन, बावजूद इसके पिछले साल चार सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। कांग्रेस ने यहां चारों सीटों पर जीत हासिल करके सभी को चौंका दिया था। हालांकि इस मामले में भाजपा ने तर्क दिया था कि कांग्रेस को पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की मौत के बाद सिंपेथी वोट मिले हैं। लेकिन भाजपा के लिए सोचने वाली बात यह थी कि पार्टी को सीएम जयराम ठाकुर के गृह क्षेत्र में भी हार का सामना करना पड़ा था।

**दिल्ली के भरोसे जयराम**

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर इस बार चुनाव में पूरी तरह से शीर्ष नेतृत्व के भरोसे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, एक महीने में पीएम मोदी दो बार हिमाचल का दौरा कर चुके हैं। शुक्रवार को उन्होंने चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस से पहले ऊना से चंडीगढ़ के लिए चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके अलावा आज गृह मंत्री अमित शाह का सिरमौर दौरा प्रस्तावित है।

# लोन मंजूर कर दो नहीं तो बम से उड़ा दूंगा ऑफिस

## एसबीआई बैंक के चेयरमैन को फोन पर धमकी



मुंबई, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक के दक्षिण मुंबई स्थित ऑफिस में लोन मंजूर नहीं किए जाने पर बैंक के चेयरमैन को धमकाने का मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर 10 लाख रुपए का कर्ज देने की मांग रखी और ऐसा नहीं होने पर चेयरमैन का अपहरण करके हत्या करने की धमकी दी। उसने कार्यालय को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नरीमन प्वाइंट इलाके के कॉरपोरेट सेंटर स्थित एसबीआई चेयरमैन के निजी सहायक के कार्यालय में धमकी भरा फोन कॉल आया था। अगले दिन इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि फोन पश्चिम बंगाल से किया गया था, लिहाजा मुंबई पुलिस का एक दल संदिग्ध का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए कोलकाता रवाना हो गया है। अधिकारी ने कहा कि बैंक कार्यालय के सहायक सुरक्षा प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव की ओर से गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई गई। इसके मुताबिक, फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना परिचय मोहम्मद जिया उल अली के तौर पर दिया और कहा कि बैंक को उसका 10 लाख रुपये का कर्ज मंजूर करना होगा। अधिकारी ने कहा, 'फोन करने वाले व्यक्ति ने धमकी दी थी कि अगर कर्ज मंजूर नहीं किया गया तो एसबीआई के अध्यक्ष का अपहरण कर हत्या कर दी जाएगी और बैंक के कॉरपोरेट दफ्तर को बम से उड़ा दिया जाएगा।' ऑफिसर के मुताबिक, पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उस फोन नंबर के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) हासिल कर लिए गए हैं, जिससे धमकी भरा कॉल आया था। मुंबई पुलिस के एक दल को आरोपी को पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल भेजा गया है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई का नेतृत्व वर्तमान में दिनेश कुमार खारा कर रहे हैं।

# हरकत से बाज नहीं आ रहे आतंकी

## शोपियां में कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या

जम्मू, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर में आतंकी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। शोपियां में आतंकियों ने एक बार फिर कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस का बयान भी सामने आया है। पुलिस ने बताया कि आतंकियों ने श्री पूरन कृष्ण भट को उस वक्त गोली मारी जब वह चौधरी गुंड में बाग की तरफ जा रहे थे। घायल को फौरन हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

**टेरर लिंक होने से हाल ही में 5 सरकारी कर्मचारी हुए थे बर्खास्त**

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को खत्म करने के लिए हालही में बड़ी कार्रवाई की गई थी। यहां आतंकवाद से संबंधित होने की वजह से 5 सरकारी कर्मचारियों को उनकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया गया था। ये लोग नार्को-टेरर सिंडिकेट चलाने और आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित संगठनों की सहायता करने के मामलों में शामिल थे।



बता दें कि सरकार उन सभी लोगों को गंभीरता से ढूंढ रही है, जिनका किसी भी तरह से आतंकियों से कोई कनेक्शन है। जिन 5 लोगों के खिलाफ ये कार्रवाई हुई है, उनके नाम तनवीर सलीम डार, अफक अहमद वानी, इफ्तिखार अद्राबी, इरशाद अहमद खान, अब्दुल मोमिन पीर है। इसमे तनवीर जम्मू कश्मीर पुलिस में कॉनस्टेबल के रूप में सेवाएं दे रहा था। अफक अहमद वानी बारामूला सेंट्रेल कॉपरेटिव बैंक में मैनेजर था और इफ्तिखार अद्राबी बीडीओ ऑफिस में प्लांटेशन सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा था और बाद में विलेज लेवल वर्कर बन गया था। वहीं इरशाद अहमद खान जल शक्ति विभाग में सेवाएं दे रहा था और अब्दुल मोमिन पीर पीएचई सबडिवीजन में असिस्टेंट लाइनमैन के रूप में सेवाएं दे रहा था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या | में | कन्या.. | 04-14 बजे |
| चंद्र- | मिथुन | में | तुला- | 06-19 बजे |
| मंगल | मिथुन | में | वृश्चिक | 08-30 बजे |
| बुध- | कन्या | में | धनु--- | 10-43 बजे |
| गुरु- | मीन | में | मकर- | 12-49 बजे |
| शुक्र- | कन्या | में | कुंभ- | 14-40 बजे |
| शनि- | मकर | में | मीन... | 16-18 बजे |
| राहु- | मेष | में | मेष-- | 17-54 बजे |
| केतु- | तुला | में | वृष-- | 19-38 बजे |
| | | | मिथुन.. | 21-39 बजे |
| | | | कर्क... | 23-51 बजे |
| | | | सिंह... | 02-04 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी **- 07-03** तक उपरान्त, सप्तमी
मास - कार्तिक कृष्ण पक्ष ,रविवार, **16 Oct**
नक्षत्र -आर्द्रा **- 02 -14** - राततक,उपरान्त पुनर्वसु
योग - परिघ **- 15 - 07** - तक उप- शिव
करण- वणिज **-07 - 03** - तक,उप- विष्टि
विशेष:-
व्रत -त्योहार - मंगल मिथुन मे

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**16:25** से
**17:53** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:12 - 07:38 | अशुभ | शुभ. | 17:53 - 19:25 | शुभ |
| चंचल | 07:38 - 09:06 | शुभ | अमृत. | 19:25 - 20:57 | शुभ |
| लाभ | 09:06 - 10:34 | शुभ | चंचल. | 20:57 - 22:29 | शुभ |
| अमृत | 10:34 - 12:02 | शुभ | रोग. | 22:29 - 00:02 | अशुभ |
| काल. | 12:02 - 13:29 | अशुभ | काल. | 00:02 - 01:34 | अशुभ |
| शुभ. | 13:29 - 14:57 | शुभ | लाभ. | 01:34 - 03:06 | शुभ |
| रोग | 14:57 - 16:25 | अशुभ | उत्पात | 03:06 - 04:38 | अशुभ |
| उत्पात | 16:25 - 17:50 | अशुभ | शुभ | 04:38 - 06:12 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलावों का या तो खुद कारण बनेगा या बदलाव लाने वाले लोगों से मुलाकात का माध्यम बनेगा ।हालाँकि,सभी बदलाव आपके लिए अच्छे नही रहेंगे। इससे पहले कि आप बदलाव को स्वीकार कर आगे बढ़े आपको यह भी देखना होगा कि क्या यह बदलाव आपके लिए आने वाले समय में लाभकारी साबित होंगे।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे ।स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या हैं। आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं। उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें ।सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा ।ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है,सतर्क और सक्रिय रहें।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे। लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें ।कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है ।आज का दिन अपने लिए कुछ ख़ास करने के लिए बहुत अच्छा है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): ।अपनी प्राक्रतिक रचनात्मक ऊर्जा को बाहर निकालें और फिर आपका दिन आराम से अच्छा जायेगा ।आपको अपने स्वास्थ्य और अपने निजी जीवन में भी व्यवस्था को बहल करने की आवश्यकता है ।विकर्षित करने वाली चीजों पर ध्यान ना दें और वही कार्य पूरी एकाग्रता से करें जो आपके लिए लाभकारी हों।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आपके मिलनसार स्वभाव के कारण आपके बहुत सारे दोस्त हैं लेकिन ये सभी विश्वसनीय नही हैं ।आज किसी भी दोस्त पर विश्वास करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह से जान लें ।आज आप बिलकुल स्पष्ट सोच रहे हैं और आप मुश्किल योजना बनायेंगे और उसे बहुत अच्छी तरह कार्यान्वित भी कर पायेंगे।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें ।यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है ।अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ। आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आपके प्रतिद्वंदी आपके खिलाफ योजनाये बनाकर आपको नुक्सान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन आप आसानी से उनपर जीत हासिल कर पायेंगे,मजेदार तो यह है कि खुद उन्हें भी आपकी उपलब्धि के लिए आपकी तारीफ करनी होगी ।इस गंभीर स्थिति को थोडा हल्का-फुल्का बनाने के लिए दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कोई लगातार पूरी वफादारी सहायता और समर्थन से आपके साथ बना हुआ है आज आपके पास इसका बदला उतारने और उसका साथ देने का एक मौका आएगा। आपको उसका साथ देने में एक मुश्किल स्थिति से भी गुजरना पद सकता है,पर अंतत इससे आपका रिश्ता मजबूत ही होगा।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आप अपने आस पास बदलाव लाने के लिए उत्साह से भरे हैं ।लेकिन आपके लिए शांति से बैठकर यह सोचना अच्छा रहेगा कि क्या बदलाव की कोई जरुरत भी है अब जबकि आप अपनी परियोजनाओं को आगे बढाने की तैयारी कर रहे हैं बेहतर होगा कि आप ये परियोजनाएं अपने लिए किसी और को चुनने दें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज आप खुद की जरुरत से अधिक आलोचना करने के मूड में हैं ।आपको भी पता है कि आपकी अधिकतर चिंताएं निरर्थक हैं,फिर भी आप चिंता करते रहते हैं ।इसका एकमात्र समाधान यह है कि अपने किसी ऐसे करीबी से सा अपनी चिंताओं के बारे में बात करें जो आपको सहारा दे सके।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज आप किसी भी अच्छे-बुरे तरीके से अपना लक्ष्य पा लेने के मूड में हैं ।काफी समय तक हाशिये पर रहने के बाद आपको आज अपने ग्रहों की बदौलत काफी आत्मविश्वास का अनुभव होगा ।आप अपनी मानसिक प्रवृति के आधार पर फैसले ले सकते हैं,यकीन मानिए वे सही ही साबित होंगें।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# 24 घंटे के अंदर जीएन साईबाबा की खुशी पर ग्रहण, एचसी के फैसले पर एससी ने लगाई रोक, नहीं होंगे रिहा

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा सहित सभी छह आरोपी अगले आदेश तक जेल से रिहा नहीं होंगे. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है. बता दें कि बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने शुक्रवार को जीएन साईबाबा को माआवोदियों से कथित संबंधों के आरोपों से बरी कर दिया था. साथ ही कोर्ट ने उन्हें तत्काल रिहा करने का आदेश जारी किया था. हालांकि इस फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. सुप्रीम कोर्ट ने जीएन साईबाबा की हाउस अरेस्ट की गुहार को भी ठुकरा दिया है. कोर्ट ने कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है. कोर्ट ने कहा कि उन्हें एक गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की अपील को मंजूर करते हुए आरोपी साईंबाबा समेत अन्य आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ नोटिस जारी किया है. सुप्रीम कोर्ट ने साईबाबा सहित अन्य आरोपियों से 8 दिसंबर तक जवाब तलब किया है. इस मामले में अगली सुनवाई 8 दिसंबर को होगी.




# कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मुस्लिम व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलुरु, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में एक मुस्लिम व्यक्ति को एक लड़की से शादी के बहाने उसका धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में कर्नाटक धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है. बेंगलुरु नॉर्थ डिवीजन के पुलिस उपाधीक्षक विनायक पाटिल के मुताबिक महिला की मां की शिकायत पर सैयद मुईन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.पुलिस ने बताया कि 6 अक्टूबर को एक 18 वर्षीय युवती की मां की शिकायत पर लड़की की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था. इसके बाद आठ अक्टूबर को महिला और पुरुष से थाने में पूछताछ की गई. महिला की मां ने गुरुवार रात फिर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी को शादी के बहाने सैयद मुईन ने दूसरे धर्म में परिवर्तन करा दिया है. पाटिल ने मीडिया से कहा कि तदनुसार, कर्नाटक धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# समाज सेवा के मसीहा : बाबा आमटे

अतुल कुमार





**ऐसे समाज** सुधारक और समाज सेवी बहुत कम होते हैं जो अपने मूल पेशे को छोड सारा जीवन समाज सेवा में झोंक देते हैं. पैंतीस वर्ष की उम्र में वकालत में नाम कमा रहे युवक ने पहली बार जब एक कुष्ठ रोगी को देखा तो उससे दूर न जा उसको सहारा दिया . अमूमन देखा यह जाता कि लोग जब भी कुष्ठ रोगी को देखते तो उससे किनारा कर दूर चले जाते हैं या उसे उपेक्षा भरी नज़रों से देख उसका तिरस्कार करते हैं . लेकिन उस नौजवान ने यह नहीं किया बल्कि उसके लिये दवा का इंतज़ाम कर उसे अपनाया .आज दया और सेवा का ऐसा रूप लगभग लुप्त हो रहा हो तब ऐसे महान सेवी ,चिंतक, साहित्यकार और बेमिसाल व्यक्तित्व के बारे में सोच लगता है कि न जाने वह कौन सी मिट्टी के बने होंगे ! जिन्होंने अपने जीवन में ऐसे समर्पित काम किये जिससे पीढियां लाभांवित हुईं और हो रही हैं .कोढ जैसी बीमारी और उसके मरीज़ों के उपचार के लिये हर उस कोशिश को कामयाब बनाया जिससे कि समाज में ठुकराये इन असहाय लोगों को सम्मान मिले .कोढ से पीडित लोगों को सम्मान दिलवाने के लिये पहले उस बीमारी का अध्ययन किया ,कोढी रोग क्लीनिक में काम किया और उस समय के कलकत्ता स्कूल आफ ट्रापिकल मेडिसन में इस बीमारी पर कोर्स किया . वह नहीं चाहते कि यह रोगी बेसहारा और लाचार बने रहें . इसे मिशन बना कोढियों के लिये संरक्षक बने यह महान सुधारक कोई और नहीं बाबा आमटे थे .जिन्होंने अपनी निस्वार्थ सेवा से इन पेशेंटस के प्रति समाज के नज़रिये को बदला .

उनकी धारणानुसार इस रोग में शरीर के अंग बाद में टूटते या निकलते हैं उसके पहले वह मानसिक रूप से टूट जाता है क्योंकि उससे बहिष्कृतों जैसा सलूक किया जाता है .उनका आत्म सम्मान बिखर जाता है . उनके प्रति अजीब रवैया अपना उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जाता है . जो पूरी तरह से अनुचित है .बाबा आमटे ने इस रोग से शूर वीर की मानिंद टक्कर ली रोग के कीटाणुओं को अपने शरीर में इंजेक्ट कर उसके इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों का परीक्षण अपने जिस्म पर पहले किया जिससे कि उन लाचार मरीज़ों का विश्वास और उत्साह बढे . उनके चेहरों से खोयी मुस्कान लौटे. सुर्ख पड चुकी आंखों में आशा और भरोसे की चमक जागे . यह कोई साधारण काम नहीं था कि ज़िंदगी की खो रही उम्मीद और खुशियों को लौटा उनमें जीवन की आस को बढाएं .वास्तव में यह देव तुल्य काम था जिसे बाबा आमटे ने किया .

उन दिनों जब कुष्ट रोग को सामाजिक कलंक माना जाता .इससे पीडित रोगी को लोग हिकारत से देखते तब बाबा आमटे का दोस्ताना भरा हाथ उनके कंधों पर होता जो मुस्कान भरी शैली में कहते " मैं तुम्हारे साथ हूं " .रोगियों के प्रति संबल ,सहयोग और स्नेह का भाव सदा उनके मन में रहता . उन्हें देख उदास रोगियों के चेहरों पर खुशी छा जाती . जो कुष्ठ रोगी समाज में अलग थलग हो कर ज़िंदगी चलाने के लिये भीख मांगते उन्हें बाबा ने श्रम के सहारे समाज में सिर उठा कर जीना सिखाया .उनकी धारणा थी कि " हम बिना अंगुली के रह सकते हैं लेकिन हमारे जीवन में आत्म सम्मान नहीं है तो हमारा जीवन व्यर्थ है . इसके लिये आनंद वन के अलावा और भी कुष्ठ रोगी सेवा संस्थानों की स्थापना की जहां हज़ारों रोगियों की सेवा सुश्रुषा की जाती है जिसमें सोमनाथ ,अशोक वन, आदि आश्रम प्रमुख हैं .रोगियों को दर्द से राहत देने के लिये अथक परिश्रम किया .और उन्हें क्लीनिकों में जा इलाज करवाने के लिये प्रेरित किया कोढ के बारे में फैले कई मिथकों और विचारों का पर्दाफाश किया .

ध्यान रहे उस समय साइंस आज जितनी डेवलप नहीं थी ,चिकित्सा के तौर तरीके भी विकसित नहीं थे . बिजली की व्यवस्था न के बराबर थी सारी चुनौतियों का सामना करते हुए मरीज़ों के इलाज के लिये जिस तंत्र को डेवलप किया वह ऐतिहासिक उपलब्धि है जिसे उनके दूर दृष्टा नज़रिये ने समझा .वह कहते कभी भी सपने में मत जीयो यह आपकी प्रगति में रुकावट का कारण बनते हैं उनको साकार करने के लिये कडा परिश्रम करो . उनका मूल मंत्र सदा " श्रम ही है श्रीराम हमारा " रहा .आगे चल यही उनकी पहचान बनी .

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और विनोबा भावे से बहुत प्रभावित थे उनके बताए दर्शन का अनुसरण किया .इनके साथ मिल पूरे देश का दौरा किया और गांवों में अभावों में रह रहे लोगों की तकलीफों को निकट से देखा और समझा .सार्वजनिक जीवन की शुरुआत एक वकील के तौर पर की इसमें बहुत सफल हुए .सन 1942 में गांधी के भारत छोडो आंदोलन से प्रेरित हो स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गये . इस दौरान जेल भी गये कई गिरफ्तार हुए नेताओं के मुकदमे लडने के लिये अपने साथी वकीलों को संगठित किया जिससे अंग्रेज़ों की हुकूमत में घबराहट फैल गयी .स्वतंत्रता आंदोलन में खुल कर भाग लिया . जीवन परिचय की बात करें तो समाज सेवी बाबा आमटे के पिता देवीदास उन्हें बहुत प्यार करते थे पूरा नाम मुरलीधर देवीदास आमटे था लेकिन उनके माता पिता उन्हें प्रेम से " बाबा " कह पुकारते आगे चल यही नाम उनकी पहचान बना . एम ए एल एल बी तक पढाई की वकालत में सफल हुए लेकिन जीवन की धारा तब बदली जब युवावस्था में उन्होंने एक कोढी को और उसकी असहनीय पीडा को देखा .

समाज में गरीबों पर होने वाले ज़ुल्मों और अत्याचारों को भली भांति जानते उनके साथ डट कर खडे होते उनके सुख दुख को अपना मानते . विशाल हृदय व्यक्तित्व का साकार परिचय देते . कभी महसूस नहीं होने देते कि वह कुष्ठ रोगियों की सेवा कर रहे हैं ! जबकि वह करते . इसका अहसास उन्हें नहीं होने देते . धनी – संपन्न परिवार से थे चाहते तो जीवन भर ऐशो आराम की ज़िंदगी जी सकते लेकिन सेवा के लिये कठिन राह चुनी और आजीवन उसी पर चले .अपनी सारी दौलत देश के लोगों के कल्याण के लिये दान कर खुद को महात्मा गांधी के आश्रम में रखा दबे कुचले बेसहारा लोगों की सेवा को जीवन का मिशन बनाया .लोक सेवा को आधार बना .वन्य जीव संरक्षण के लिये भी महत्वपूर्ण संघर्ष किया .लोगों में पर्यावरण संरक्षण को ले जागृति फैलायी .प्राकृतिक संसाधनों के ज़रूरत से ज़्यादा इस्तेमाल और दोहन से होने वाले नुकसानों की जानकारी दी प्राकृतिक असंतुलन से होंने वाली मुश्किलों को बताया

अच्छे साहित्यकार थे ." उज्वल उद्यासाठी " काव्य और " ज्वाला आणि फुले " काव्य संग्रह उनकी सर्वाधिक लोकप्रिय कृतियां हैं .वह कहते " मैं एक बडा नेता नहीं बनना चाहता ,केवल समाज में ज़रूरतमंद लोगों के लिये अपनी शक्तिअनुसार उनकी सहायता करना चाहता हूं " .यह भी कहते " किसी आदमी को भीख देने से वह अकर्मण्य हो जाता है .इससे बेहतर है कि उसे जीवन जीने के लिये कोई आजीविका का साधन प्रदान किया जाए ताकि वह भीख मांगने की आदत से छुटकारा पा सके ." बाबा आमटे का जन्म 26 दिसंबर 1914 को वर्धा ज़िले के हिंगण घाट गांव महाराष्ट्र में ज़मींदार परिवार में हुआ. तेज़ ग़ाडी चलाना पसंद था .युवावस्था में अंग्रेज़ी फिल्में देख उस पर समीक्षाएं लिखते अमेरिकन अदाकारा नोर्मा शियरर ने पत्र लिख उनकी लिखी फिल्म समीक्षाओं की सराहना की . राष्ट्रीय एकता को बढावा देने के लिये सन 1985 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक और सन 1988 में असम से गुजरात तक पद यात्रा की .ब्रिटिश सैनिकों से एक लडकी की जान बचायी तो महात्मा गांधी ने उन्हें " अभय सेवक " का नाम दिया .सामाजिक कार्यों के लिये अपने को न्योछावर किया .उनकी पत्नी साधना आमटे ने भी उनके साथ मिल सामाजिक कार्यों में कदम से कदम मिला जन सेवी कार्य किये .उनके दो बेटे डा विकास आमटे और डा प्रकाश आमटे बहुएं डा मंदाकिनी तथा डा भारती सभी डाक्टर हैं इन चारों का भी सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान है .

बाबा आमटे उन लोगों में से थे जिन्होंने पूरा जीवन समाज कल्याण के कार्यों में लगाया केवल अपने लिये नहीं जीये बल्कि दूसरों के लिये जीये. उनका पूरा नाम मुरलीधर देवदास आमटे था .देश के सबसे प्रसिद्ध व पुरस्कारों से सम्मानित समाज सेवी थे . अस्पतालों में दवाइयां और फल बांट देना बहुत आसान है मगर सडांध मार रहे शरीर से मवाद को साफ करना और बगैर किसी स्वार्थ के उसे गले लगाने का काम बाबा आमटे जैसे महान समर्पित समाज सेवी ने किया .जब भी किसी दीन दुखी को देखते तो मुस्कुराकर अपना हाथ उसकी ओर बढाते . उन्होंने विश्वविद्यालय ,स्कूल, अस्पताल ,और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये जिसमें हज़ारों विद्यार्थी शिक्षा पा रहे हैं तो अनेक रोगी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं . अब ? सोचिये ऐसी समाज सेवा कहां देखने मिलती है ! लोग एक मुट्ठी अनाज भी दान देते हैं तो वह फोटो सेशन बनता है .

9 फरवरी 2008 को जीवन की अंतिम सांस ली . हैरत भरी बात तो यह है कि एक जन्म में कई जन्मों के काम किये . मुश्किल यह है कि बाबा आमटे जैसे महान शख्सियतों के नाम काम और योगदान को हम कब समझेंगे ?उनका पूरा यशस्वी जीवन किसी बडे वट वृक्ष से कम नहीं दीखता जो सदा छाया देता है .वास्तव में वह समाज सेवा के मसीहा थे .

# काव्य कुंज

## नमो गंगे



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

ऋषि ने कहा
हे मां गंगे तू सदा
तीव्र गति से भागती रहती है
जरा ठहर जा विश्राम कर
नहीं तो थक कर निढाल होगी
पर यह तो बता तेरा मिलन कहां होता है
तेरा उद्गम कहां होता है
मां गंगा बोली इस धरा की मां हूं
यही जन्मी हूं , भगवान शिव की कृपा हूं
हर घर हर खेत को, हर प्यासे को मां प्रकृति को
अपने अमृत से जीवंत करती हूं
इस धरा को, मां वसुंधरा करती हूं
अपनी मंद समीर से, सबजीव आत्माओं को
हर्षित एवं तृप्त करती हूं
मेरा वेग अपार है, मेरा मार्ग अवरुद्ध बनाकर
मैं रुकी तो किनारे टूट जाएंगे, जीवन संतप्त होगा
जल ही जल चारों और होगा
अमृत जल बिना जीवन शून्य है
प्रश्न मत कर मुझे जाने दे
ऋषि बोला, मां भागीरथी तुझे नमन
हे पतित पावनी तुझे नमन
हे पाप हरणी तुझे नमन
हे हिम जटा वासनी तुझे नमन
हे शिव प्रिया तुझे नमन
हे मात गंगे तुझे नमन
मां तुझे शत-शत नमन

## जीना है तो ऐसे जियो...



मनीषा झा, मुंबई

बनना है तो किसी की ताकत बनो
किसी की कमज़ोरी कभी नहीं
बनना है तो हर किसी की प्रेरणा बनो
कभी किसी की मजबूरी नहीं
हर किसी की दुःख की दवा बनो
किसी की दर्द का कारण नहीं
देना है तो औरों के चेहरे पे मुस्कान दो
किसी के आखों में गम के आसूं नही
त्याग करना है तो अपने क्रोध को करो
कभी अपने रिश्ते की नहीं
पाना है तो उसे पाओ जो आपका लक्ष्य हैं
उसे नही जिससे आपकी जिंदगी खराब हो,
बनना है तो हर किसी की दोस्त बनो
किसी का दुश्मन नहीं
देना है तो सभी को शुभ आशीष दो
किसी को कभी बददुआ नहीं
जलाना है तो अपने अंदर की बुरी आदतें को
अपनी अच्छाई को नही
करना है तो जिंदगी में संघर्ष करो
किसी से छल कपट नही
पाना है तो अपने मंजिल को पा लो
आलस को त्याग कर आगे बढ़ो
जीना है तो ऐसे जियो
हर किसी को नाज हो तुझ पर
खुद को इस तरह काबिल बना लो
कोई कुछ बोलने से पहले सोचे
एक नया इतिहास रचों अपने जीवन में,
इस तरह बनो अपने जीवन में
निभा सको तो सच्चे वादे करो
वरना किसी को धोका मत दो जीवन में,
बनना है तो सबका प्यार बनो
कभी किसी की नफरत नहीं

## दिव्य प्रकाश



-डॉ. माध्वी बोरसे!
रावतभाटा कोटा

ऐसा प्रकाश हम बने,
दिव्य उजाला लेकर आए,
अंधेरे है जीवन में बहुत घने,
हम भी थोड़ी रोशनी बन जाए।
अपने हुनर के सेज से,
कुछ नहीं तो अपने आसपास चमकाए,
प्रेम और दीनता के तेज से,
इंसानियत के दीए जलाएं।
अखंड नैतिकता की ज्योति हो,
जो कभी भुज ना पाए,
चमकदार माला पीरोती हो,
जो हमारे अस्तित्व को सजाए।
सकारात्मकता का चिराग बनकर,
स्वयं में उचित दृष्टिकोण लाए,
यज्ञ की आग सी जलकर,
समस्त नकारात्मकता को जलाए।
ऐसा प्रकाश हम बने,
दिव्य उजाला लेकर आए,
अंधेरे है जीवन में बहुत घने,
हम भी थोड़ी रोशनी बन जाए।

## गुलशन



टी तारासिंह
हैदराबाद

दिन ढल जाए रात ना जाए
मखमली सैया पर भी निंद नहीं आये
एक पल भी रात भर चैन से ना रहे
रात का सन्नाटा चुबता रहे बार बार
तेरी ही दर्द लिए है रात भर
किस्मत का खेल है दर्द है सहना
बस आंखो में लिए है सपने
कसमें तोडकर फरीयाद भी किये है
फर्क कुछ भी नहीं पड़ा गम झेल रहे
सपने भी अब शिकायत करने लगे
जिंदगी में बहार नहीं खुशी नहीं
जीने की सब राहे है बदनाम
गुलशन में फुल खिले या ना खिले
जिंदगी का गम अब बर्दाश्त करना है ।।

## "नारी"



हेमंत सुराना

नारी तेरे रूप अनेक,
हर रूप में गुण अनेक
कभी माँ,कभी अर्धांगिनी
कभी बहन तो कभी संगिनी
शील और शौर्य से भरपूर,
त्याग और संस्कार से भरपूर
घर आँगन को रोशन करती,
जीवन की कठोरता को सहती
विविध रूप है धरने वाली
सरस्वती का रूप है नारी,
लक्ष्मी का स्वरूप है नारी
ज़रुरत और ज़िम्मेदारियाँ,
उलझने और रिश्तेदारियाँ
समझने का बेमिसाल नजरिया
प्रेम हो,आस्था हो,
विश्वास हो,आधार हो
नारी तुम जग मे महान हो
तुमको है शत शत प्रणाम,
तुमको है शत शत प्रणाम ।

## सुनहरे पल



वाईवी रत्नम

कहाँ गए वो सुनहरे पल
बचपन था बहता निर्मल जल
खींच खाते थे गन्ने के डंडे
हिलती डुलती बैल गाड़ी से
बछड़े के पीछे होड़ लगाते थे
कुहुकते कोयल को उकसाते थे
दूर पोखरी में मछलियों सा
तैरते थे और उछलते थे
स्कूल जाने का सवाल ही नहीं
भूख प्यास की परवाह भी नहीं
जात-पात का न था विचार
डेनियल और गौस भी थे यार
घास के ढेर पर लेटकर
आसमान के सितारे गिनते थे
दोस्तों के कंधों का सहारा
माँ की नाज़ुक आँचल का प्यार
ओझल हो गया काल वाहिनी में
बचपन बना एक मधुर एहसास
ओ मेरे बचपन आ के मुझे छू जा
सोते हुए नादान शिशु के मुसकान सा ।।

## कादम्बरी फिर बोल उठी



कुमुद बाला,
हैदराबाद

संध्या की आँखों पर
रजनी ने चुपके से ऊँगली फेरी
चमके सितारे जुगनू से चंदा की
गेंद क्षितिज ने मारी
कादंबरी फिर बोल उठी
सुप्रभात की चंचल किरणों
को इक दिन का विश्राम मिला
पाज़ेब महावर सजे पाँव
थोड़ा सा आराम मिला
घटाओं से केश ने सुनाई नव वर्ष की शायरी
सूर्य किरण को जगने का नव वर्ष का आह्वान मिला
नये सवेरे की चितवन पर नव स्वप्न ने मारी पिचकारी
संध्या की आँखों पर रजनी ने चुपके से ऊँगली फेरी
चमके सितारे जुगनू से चंदा की गेंद क्षितिज ने मारी
कादंबरी फिर बोल उठी
सरसों की पीली बालियां चंद्र प्रकाश में चमक रहीं
भीनी - भीनी खुशबू लिये हरियाली भी दमक रही
सन्नाटे में कलकल धुन पर झरना कर रहा है नृत्य
कजरारे दृग के कोरों पे दो बूँदें थीं थिरक रहीं
शोभित मौसम की तूलिका ने स्वेद झटक छवि उकेरी
संध्या की आँखों पर रजनी ने चुपके से ऊँगली फेरी
चमके सितारे जुगनू से चंदा की गेंद क्षितिज ने मारी
कादंबरी फिर बोल उठी
सनन हवायें चलतीं जैसे गुनगुना रही हों लोरी
उड़ते - उड़ते थक गयी थी उस कटी पतंग की डोरी
कहाँ उड़ी और कहाँ चली अब वह कुछ भी याद नहीं
याद बहुत आता है बचपन और फगुनाई होरी
उन यादों से संचित अँखियों ने लगाई स्वप्न की ढेरी
संध्या की आँखों पर रजनी ने चुपके से ऊँगली फेरी
चमके सितारे जुगनू से चंदा की गेंद क्षितिज ने मारी
कादंबरी फिर बोल उठी

## महाकाल - लोक



गजानन पाण्डेय

ये धरती है बलिदान की
मेरे देश के किसान की
शास्त्री, सुभाष, गांधी की
मजदूरों के श्रम से
शिल्पियों के परिश्रम से
कला - संस्कृति से समृद्ध
ये भारत महान है ।
' महाकाल - लोक ' से
इसे मिली पहचान है ।
अब भी बाकी हैं..... ।

## अब भी बाकी हैं....



डॉ. डी. डी.
देसाई

मत पीला असूओं के कड़वे घूँट हे जिंदगी,
बह जाने दे इन्हें,
अश्कों के दर्या अब भी बाकी हैं।
हताश न होना
दुनिया के तानों से.. हे इंसान,
खुद को कर मजबूत,
इम्तेहान अब भी बाकी हैं।
अंधेरा मिटाया हैं रातभर जलते दियों ने,
रहने दे रोशनदान, तूफान अब भी बाकी हैं।
इतरना मत अपने महालों की चका-चौन्ध से,
आँख उठा के देख, अहम के खंडहर अब भी बाकी हैं।
कब तक हिसाब रखूँ गैरों के हमलों का,
अपनों ने दिए जख्मों के निशान अब भी बाकी हैं।
कर हौसला बुलंद...बढ़ते रहना कदम...हे पथिक,
मंजिलों पर लहूलुहान तलवों काआना अब भी बाकी हैं।
मिट गयी हैं हस्ती.. पर दहन मत करना मेरा शरीर,
इतिहास के पन्नों में दर्ज होना अब भी बाकी हैं.....।

## अहोई माता की कृपा दृष्टि



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

अहोई माता की कृपा दृष्टि से,
परिवार हरे भरे गुलजार हैं।
हिंदू धर्म में उत्साह पूर्वक
मनाते नित्य नए त्यौहार हैं।।
जीवन में मधुर रस भरकर, ताजगी भरते हैं त्यौहार,
रिश्तो में नजदीकियां, आत्मीयता लाते हैं त्यौहार,
हर ऋतु का विशेष महत्व, हर ऋतु के अपने त्यौहार,
कुछ सिखाते मेल मिलाप ,कुछ सिखाते परोपकार।
त्योहार हमारे जीवन के अमूल्य आधार हैं।
अहोई माता की कृपा दृष्टि से,परिवार हरे भरे गुलजार हैं।
हिंदू धर्म में उत्साह पूर्वक मनाते नित्य नए त्यौहार हैं।।
पति को समर्पित संपूर्ण जीवन,जैसे तारों बीच चांद एक,
पति संग घर की बगिया महके, घर में हों बच्चे अनेक,
बांझ रहे न कोई नारी, हे अहोई माता विनती करे हरेक
अहोई माता की कृपा से, बाल किलकारियां पाए हरेक,
तन,मन से व्रत करती हैं स्त्रियां, मानती न कभी हार हैं।
अहोई माता की कृपा दृष्टि से,परिवार हरे भरे गुलजार हैं।।
हिंदू धर्म में उत्साह पूर्वक मनाते नित्य नए त्यौहार हैं।।
हे अहोई माता सबके जीवन की बाधाऐं हर लेना,
निरोगी रहे संतानें सारी ऐसा सब को जीवन देना
हे अहोई माता सबको सुख समृद्धि से तर कर देना,
आसमान के तारों जैसी हर संतान को आयु देना।
कोई बला न आए बालकों पर बस करते यही मनुहार हैं।
अहोई माता की कृपा दृष्टि से,परिवार हरे भरे गुलजार हैं।।
हिंदू धर्म में उत्साह पूर्वक मनाते नित्य नए त्यौहार हैं।।

## मेरा चाँद



रेणुका अग्रवाल

गीत मीठा सुना रहा है चाँद।
मीत मेरा बता रहा है चाँद।
छन छन करती आई है चाँदनी
किरण किरण सजा रहा है चाँद।
रूठ कर जबसे तुम चली गई
उदासी मे आँसू बहा रहा है चाँद।
लो लौट आई चाँदनी फ़िर से
चाँदनी को मना रहा है चाँद।
मिलकर चाँदनी से देखो तुम
घोड़े सा हिनहिना रहा है चाँद।
क़ुदरत ने छटा बिखेर दी है जब
जमीं उजली बना रहा है चाँद।
प्रिय तुम ही मेरे दिल के चाँद हो
सूरत देख व्रत खोलूँ तू ही मेरा चाँद।
अपना रिश्ता रूह से बंधा हुआ है
मैं हूँ तुम्हारी चाँदनी तुम मेरे चाँद।
बायना दूँ सास को भर भर लूँ आशीष
बिन सास के तुम कभी थे न मेरे चाँद।

## चंगा ते...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

चंगा ते लगदा ए
नीनावे दा फेरा
मुट्ठी खोल वेख लै
खलोता सी अंधेरा
ताउम्र भरते रहा
हीरे मोतियों से थैलियां
खुश रहे ,सलामत रहे
दस दस पीढ़ियां
चारों तरफ वाह वाहवाह की भरमार थी
कल तक कन्नी काटते आज ग़मगुस्सार थी
समझ नहीं पाता पगला कैसी भिनसार थी
क्योंकर बगियाँ में अलौकिक बहार थी
हकीकत से अनजान झूमता नाचता गाता है
मदमस्त दीवाना फुले नहीं समाता है
संध्या हुई,चलने की तैयारी
छींके से लटका,
काम नहीं आई कोई यारी
लंग गया ऐंज ही सुखद सुहेला
अर्थी पर पड़ा था मौन अकेला
चंगा ते...

## स्नेह दीप जलाएं



डॉ टी महादेव राव

स्नेह दीप जलाएं भाव तिमिर भगाएं
सोते आशा खगों को ज्योतिपुंज दे जगाएं
दरकने न दें कभी आस्था के कगार को
दृढ़ करें श्रम जल से भावना आधार को
विशाल हृदय में किंतु सारा विश्व समाये
स्नेहदीप जलाएं भाव तिमिर भगाएं
शुष्क न हो पाए प्रेम-सरिता का जल
न फैले कुंठा कंटकों से घृणा का मरुस्थल
नवोल्लास माणिकों से हृदयानुभूतियां सजाएं
स्नेहदीप जलाएं भाव तिमिर भगाएं
अलगाववाद को वैमनस्यता संग जलने दो
प्रकाशमय गगन को विशालता में विचरने दो
विश्व को शांति गीत हम सब मिल सुनाएं
स्नेहदीप जलाएं भाव तिमिर भगाएं।।

## जिंदगानी के दीप जलाए रखना



संजीव ठाकुर,
रायपुर

जिंदगानी के दीप जलाए रखना,
संकट से अपने को बचाए रखना।
समय विपरीत है आतताई है काल,
मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखना।
संगी छूटे, साथी छुटे,छूटे रिश्तेदार।
इस समय मनोबल बनाये रखना।
ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल इस घड़ी में,
सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।
अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।
परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।
आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय शक्ति।
बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए रखना।
जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये रखना।
रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना ।
अच्छा समय तो गुजर ही जाता है
इस संकट को भी पैरों तले दबाए रखना।
यह तेरी,मेरी, उसकी बात नहीं है,
सम्पूर्ण मानवता को बनाए रखना ।
बहुत जल्दी नव सूरज उदित होगा,
फिर नए फूल खिलखिलायेंगे।
आशाओं से मुस्कुराती जिंदगानी के दीप जलाए रखना।

## अरमानों के समंदर में ,

हिम्मत की नाव उतारी ,
मेहनत की पतवार बनाई ,
चल नाविक अब तेरी बारी ।
तू न रुकना कभी ,
ज्ञान तेरे साथ है।
चलता रह चलता रह ,
मंजिल तेरे पास है ।
आए गर तूफान कभी
हिम्मत तू न हारेगा ,
हौसला है तेरे पास गर
तो बाजी मारेगा ।
समंदर है ये संसार बस चलते जाओ
आत्मविश्वास रखो मन में
आगे बढ़ते जाओ , बढ़ते जाओ ....

-पवन कुमार शर्मा

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# करोड़ों रुपये का सवाल बना रोटी और पराठा पर जीएसटी

रेडी-टु-ईट पराठे पर क्या रोटी जितना ही लगना चाहिए? दलील है कि दोनों ही आटे से बनते हैं, इस्तेमाल का तरीका भी एक जैसा है, इसलिए बराबर टैक्स लगना चाहिए। इस तरह की जिरह पिछले 20 महीने से जारी थी और अब फैसला आ चुका है।

गुजरात की अपीलेट अथॉरिटी ऑफ एडवांस रूलिंग के मुताबिक रोटी पर 5%, जबकि पराठे पर 18% जीएसटी लगेगा। अथॉरिटी ने कहा कि पराठे का करीब आधा हिस्सा आटा होता है और इनमें आलू, मूली, प्याज के साथ वेजिटेबल ऑयल और नमक भी होता है, जबकि रोटी में सिर्फ आटा और पानी होता है।

टैक्स सिस्टम में रोटी और पराठे जैसे झगड़े पहले भी होते रहे हैं। सचिन तेंदुलकर क्रिकेटर हैं या एक्टर? पैराशूट नारियल तेल बालों के लिए है या खाने के लिए? डाबर का लाल दंत मंजन टूथ पाउडर है या आयुर्वेदिक दवा? नेस्ले की किटकैट चॉकलेट है या बिस्किट?ये सवाल आपको भले ही बेहद आसान लग रहे हों, लेकिन टैक्स चुकाने वालों और टैक्स वसूलने वालों के लिए ये करोड़ों रुपये के सवाल हैं।

## टैक्स बचाने के लिए सचिन ने खुद को एक्टर बताया, पैराशूट नारियल तेल बना खाने का तेल

### सचिन तेंदुलकर 'क्रिकेटर' या 'एक्टर'?

साल 2011 की बात है। सचिन तेंदुलकर को ईएसपीएन स्टार स्पोर्ट्स, पेप्सिको और वीजा कंपनियों से 5.92 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। उन्होंने IT Act के सेक्शन 80RR के तहत 1.77 करोड़ रुपये की छूट का दावा किया। 80RR के तहत अगर कोई खिलाड़ी, कलाकार और लेखक अपने काम के जरिए विदेशों से कमाई करता है तो उस रकम के एक हिस्से में टैक्स छूट ले सकता है। सचिन को ये कमाई विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के एवज में मिली थी, न कि क्रिकेट खेलने के लिए। इसलिए ये छूट 80RR के दायरे में आती है या नहीं इस पर टैक्स अथॉरिटी ने सवाल खड़े किए। सचिन तेंदुलकर ने साफ तौर पर कहा कि इस आय के लिए उनका मुख्य प्रोफेशन क्रिकेट खेलना नहीं बल्कि एक्टिंग है। चूंकि 80RR के तहत एक्टर को भी छूट मिलती है इसलिए उन्हें भी छूट मिलनी चाहिए। सीधे शब्दों में सचिन ने अपना मुख्य पेशा एक्टिंग करना बताया ना कि क्रिकेट खेलना। ट्रिब्यूनल ने माना कि विज्ञापन करते वक्त सचिन को लाइट और कैमरे का सामना करना पड़ता है। इसमें कल्पना और क्रिएटिविटी की जरूरत है, जिसका आम लोगों पर असर होता है। भले ही बतौर क्रिकेटर उन्होंने अपनी ब्रांड वैल्यू बनाई हो, लेकिन उनकी एक्टिंग को नकारा नहीं जा सकता। आखिरकार टैक्स अथॉरिटी ने सचिन के 'एक्टर' के दावे को स्वीकार किया और उन्हें सेक्शन 80RR के तहत टैक्स में छूट दी गई।



### पैराशूट नारियल तेल बालों के लिए है या खाने के लिए?

मेरिको कंपनी का पैराशूट नारियल तेल जाना-माना ब्रांड है। कंपनी ने अपने इस फ्लैगशिप प्रोडक्ट को एडिबल ऑयल की कैटेगरी में रखा था, जिससे कम एक्साइज ड्यूटी देनी पड़े। टैक्स अथॉरिटी ने इस पर आपत्ति जताई। टैक्स अथॉरिटी का कहना था कि आमतौर पर लोग इस तेल को बालों के लिए इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इसे कॉस्मेटिक हेयर ऑयल की कैटेगरी में रखना चाहिए और 8% एक्साइज ड्यूटी वसूलना चाहिए। पैराशूट कंपनी का कहना था कि वो अपने पैक में कहीं भी नहीं लिखते कि ये हेयर ऑयल है। विज्ञापनों में भी सिर्फ इसकी गुणवत्ता और शुद्धता की बात की जाती है। ये FSSAI द्वारा खाने के तेल के रूप में प्रमाणित है। अब लोग इसे किस रूप में इस्तेमाल करते हैं इसकी जिम्मेदार कंपनी की नहीं हो सकती। ट्रिब्यूनल ने पाया कि पैराशूट कोकोनट ऑयल को कहीं भी हेयर ऑयल के दावे के साथ नहीं बेचा जाता। इसका इंग्रेडिएंट भी खाने के तेल के रूप में इस्तेमाल करने योग्य है। लोग इसे हेयर ऑयल के रूप में इस्तेमाल करते हैं, सिर्फ इस वजह से ये हेयर ऑयल नहीं हो जाता। ट्रिब्यूनल ने पैराशूट कोकोनट ऑयल को खाने के तेल की श्रेणी में रखने की अनुमति दे दी। बाद में कंपनी ने पैराशूट एडवांस्ड लॉन्च किया, जिसे हेयर ऑयल की कैटेगरी में रखा गया।

### डाबर का लाल दंत मंजन टूथ पाउडर है या आयुर्वेदिक दवा?

डाबर लाल दंत मंजन काफी चर्चित प्रोडक्ट है। कंपनी ने इसे कॉस्मेटिक की बजाय आयुर्वेदिक दवा की कैटेगरी में रखा दिया था। इस कैटेगरी में एक्साइज ड्यूटी की दर कम थी। टैक्स अथॉरिटी ने इसे चुनौती देते हुए कहा कि ये टूथ पाउडर है जो दांतों की सफाई के लिए इस्तेमाल होता है। इससे किसी बीमारी का इलाज नहीं होता और ना ही इसे बेचने के लिए कोई अलग से ड्रग लाइसेंस की जरूरत होती है। डाबर का कहना था कि इसमें आयुर्वेदिक इंग्रेडिएंट मिले हुए हैं। इसे लोग दांतों की देखभाल के लिए इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इसे आयुर्वेदिक दवा की कैटेगरी में ही रखा जाना चाहिए। ओडिशा हाईकोर्ट ने 2003 में डाबर की याचिका पर फैसला सुनाते हुए टैक्स अथॉरिटी के तर्कों को सही माना। कोर्ट ने कहा कि ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत लाल दंत मंजन कहीं भी दवा की श्रेणी में आने के लिए जरूरी शर्तों को पूरा नहीं करता। इससे किसी बीमारी का इलाज नहीं होता। इसके विज्ञापन में भी मसूड़े स्वस्थ रखने और मुंह की बदबू दूर करने की बात कही गई है। इसलिए डाबर लाल दंत मंजन को टूथ पाउडर माना जाए आयुर्वेदिक दवा नहीं।

### किटकैट चॉकलेट या बिस्किट?

1999 की बात है। नेस्ले अपने प्रोडक्ट किटकैट को बिस्किट की कैटेगरी में रखना चाहता था, क्योंकि इसमें 10 प्रतिशत टैक्स लगता। टैक्स अथॉरिटी का मानना था कि ये चॉकलेट है और इससे 20% टैक्स वसूलना चाहिए। आखिरकार मामला मुंबई टैक्स, एक्साइज और गोल्ड ट्रिब्यूनल के पास पहुंचा। ट्रिब्यूनल को ये तय करना था कि किटकैट बिस्किट में चॉकलेट की कोटिंग है या चॉकलेट के अंदर बिस्किट रखा गया है। नेस्ले का कहना था कि हम इसे चॉकलेट बताकर नहीं बेचते। लोग इसे बिस्किट और चॉकलेट का मिश्रण समझकर खरीदते हैं। वहीं टैक्स अथॉरिटी का मानना था कि इसमें 68-70% चॉकलेट मिल्क है इसलिए इसे चॉकलेट माना जाना चाहिए। ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में कहा चॉकलेट में कोको होना जरूरी है, लेकिन सभी कोको चॉकलेट हों ऐसा जरूरी नहीं। आखिरकार किटकैट को बिस्किट माना गया और इसे 10 प्रतिशत टैक्स की कैटेगरी में ही रखा गया।

# ईरानियों की पहचान पारसी पहले मुसलमान बाद में



ये तस्वीर 70 के दशक के ईरान की है। उस दौरान यूरोपीय प्रभाव ज्यादा था

## अरबियों के बजाय भारत के पारसियों के जैसे हैं ईरानी खुद्दारी उनकी पहचान

फिल्म डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, अभिनेता और लेखक इम्तियाज अली का जन्म झारखंड के जमशेदपुर में हुआ था। 'कुरुक्षेत्र' और 'इम्तिहान' जैसे टीवी सीरियल्स से करिअर की शुरुआत करने वाले इम्तियाज अली को लोग 'जब वी मेट', 'लव आज कल' और 'रॉकस्टार' जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए जानते हैं। उनकी फिल्में संवेदनाओं को नया आकार देती हैं। वह अपनी ईरान यात्रा के दौरान जगे उन अहसासों का जिक्र कर रहे हैं जो उस सुदूर देश को भारत की जमीन से जोड़ते हैं...। ईरान में मेरी सबसे महत्वपूर्ण और खुशनुमा खोज ये थी कि ये लोग पारसी, पारसे, पार्स या पर्शियन पहले हैं और मुसलमान बाद में...। इन दोनों पहचानों में करीब 1000 साल का फासला है। सांस्कृतिक तौर पर उनका नाता भारत में रह रहे पारसियों या जरथूर्सथ्रियन्स से ज्यादा है और अपने आस-पास रहने वाले अरब लोगों से बहुत कम। मुझे लगता था कि आपसी फिक्र और बहुत स्पष्ट प्रैक्टिकल स्वभाव की सामाजिक पहचान जो भारतीय पारसियों में दिखती है, वो उनकी ऐतिहासिक नाव यात्रा और उसके बाद भारत में उनके सर्वाइवल की देन है। ईरान यात्रा में मुझे यह समझ आया कि यह पहचान उनके खून में है। यहां सामने वाला आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता है जैसा वो खुद अपने साथ चाहता है। रिश्ते बनाते हैं तो हमेशा ये ध्यान रखते हैं कि सामने वाला भी उनकी ही तरह एक परिवार का हिस्सा है और वो सब अंततः एक ही जैसे हैं।

मैंने ईरान को नूशीन की नजरों से देखा। उसमें, उसके देश, उसके लोगों, उसकी भाषा, उसके परिवार और उनके स्वभाव में मुझे अपनी खुद की परवरिश के कई कतरे नजर आ रहे थे। मैंने वहां जो फिरनी खाई... वो सिर्फ बचपन में ही खाई थी, फिर कभी नहीं मिली। मुझे पर्शियन या फारसी के शब्द इतने समझ में आने लगे थे कि अपने आस-पास होने वाली बातचीत मुझे समझ में आने लगी थी। इसमें एक खुशी का अहसास था। मैं एक रिश्ता महसूस कर रहा था। इस बात पर संतुष्टि महसूस कर रहा था कि अपने मौजूदा हर काम से दूर मैंने यहां छुट्टियां बिताने का फैसला किया। वहां के लोगों के असर से मुझे जो स्पष्ट, सरल और निश्छल विचार आए, वो मुझे हमेशा याद रहेंगे। ये मेरे लिए एक बड़ा सुकून था और इसी में मैं उनकी ताकत को महसूस करता हूं। संवेदनशील होना और उसकी पवित्रता बनाए रखना, अपनी भावनाओं को लेकर स्पष्ट होना और पूरी ईमानदारी से उन्हें निभाना... किसी दूसरे इंसान की तलाश के बजाय जो आप महसूस करते हैं, जो आप चाहते हैं उसे पूरी शिद्दत से निभाना। मैं उम्मीद करता हूं कि पार्स का ये असर मुझ पर हमेशा रहेगा क्योंकि ये मुझे खुद से मिलाता है। 'अपना खुद का देश होना कितना 80 के दशक का ख्याल है...' ये शब्द थे फिल्म मेकिंक के एक खुशदिल ईरानी प्रोफेसर के, जो तेहरान के एक घर के ड्रॉइंगरूम में बैठे थे। दरअसल, ये एक पार्टी थी और वो प्रोफेसर हमारे मनोरंजन के लिए एक पतला सा तारों वाला लोकल म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजा रहे थे। वहां कई संगीतकार थे, कुछ यूरोपीय स्टूडेंट्स और दूसरे लिबरल ईरानी ...सभी अपने पार्टीवियर में। लड़कियों ने शॉर्ट ड्रेसेस पहने थे, जो पीना चाहे उसके लिए काउंटर पर व्हिस्की भी मौजूद थी। यह तेहरान के इस सोशियो-इकोनॉमिक क्लास की सबसे बेहतर पार्टियों में से थी। वहां मौजूद कुछ ईरानी अंग्रेजी नहीं जानते थे। डिस्कशन किसी भी भाषा में हो, हममें से कुछ हमेशा बातचीत का रुख नहीं समझ पाते। ज्यादातर लोगों ने शराब नहीं पी थी, मगर एक गर्मजोशी थी जो उस अपार्टमेंट में मौजूद हम सभी को लपेटे हुए थी। ये गर्मजोशी ईरानी थी। इसकी वजह नूशीन थी, जो चाहती थी कि मैं उस रात उसके दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताऊं। मगर यह गर्मजोशी वहां मौजूद हर किसी में मौजूद थी, यह गर्मजोशी वहां पूरे माहौल में थी। ऐसा लगता था जैसे ईरान की हवा भी मेहमानों के इर्द-गिर्द कुछ ज्यादा गर्मजोशी से पेश आती है। मैं उस पार्टी में मौजूद हर शख्स से पहली बार... और शायद आखिरी बार मिल रहा था। मगर फिर भी ये बिल्कुल साफ था कि वो लोग वहां मेरे लिए थे और उनके लिए बहुत बड़ी बात थी कि मैं उनके बीच हूं।

आज जब मैं उस कमरे में मौजूद ईरानी लोगों के बारे में सोचता हूं तो लगता है कि वे आजाद लोग थे। वे आजाद थे उन राष्ट्रीय सिद्धांतों से मतभेद रखने के लिए जो उन्हें मानने पड़ते... वे आजाद थे कुछ राष्ट्रीय भावनाओं से सहमत होने के लिए जो उनकी अपने पड़ोसियों के बारे में थी...। वो सभी एक-दूसरे से जुड़े थे आत्म सम्मान और खुद्दारी के धागे से। एक बाहरी के तौर पर मैं जानता था कि इस कमरे में मौजूद लोगों के लिए आने वाले महीनों-सालों में काफी कुछ बदलने वाला था- अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध उठ गए... व्यापार बढ़ रहा है। मैं जानता था कि बाकी सबकी तरह ही वे भी अमेरिकी पूंजीवाद का वह वार झेलने वाले हैं जो देश को बिना पहचान और बिना दिमाग का एक बाजार बना देता है। मगर मैं ये भी जानता था कि इस वार का शिकार बने तमाम देशों में वे शायद उन कुछ देशों में से हैं जो अपनी पहचान बनाए रखने की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी वजह है उन्हें हमेशा ताकत देने वाली उनकी परिस्थिति... उन्हें एक साथ जोड़े रखने वाली आत्म सम्मान की वो डोर।

# खाद्य सुरक्षा को खत्म करता विकास



अमिताभ पाण्डेय

औद्योगिकीकरण, शहरीकरण के नाम पर विकास की अंधी दौड़ ने क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। इसके कारण दुनिया भर में मानवता के समक्ष अस्तित्व का संकट बढ़ता जा रहा है। इस विकास की रफ्तार जितनी तेज हो रही है, उतनी ही तेजी से गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की कमी हो रही है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में शामिल 107 देशों में भारत का स्थान 94 नंबर पर है ।बताना जरूरी है कि दुनियाभर में पर्याप्त भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 80 करोड लोग भूखे सोने के लिए मजबूर हैं। पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाने के कारण भारत में भी कुपोषित बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट के अध्ययन के मुताबिक दुनिया भर में लगभग 81 करोड लोग कुपोषित हैं। इनमें 5 साल से कम उम्र के 45% बच्चों की मौत कुपोषण से होती है। कुपोषण का मुख्य कारण पर्याप्त गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का उपलब्ध नहीं होना है। सभी को प्राप्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने, खाद्य पदार्थों का उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग हो रहा है। उससे नई नई बीमारियां सामने आ रही है। इससे प्राकृतिक संसाधनों, जल ,जंगल , जंगल में मिलने वाले खाद्य पदार्थों का भी नुकसान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि विकास के नाम पर पूंजीपतियों , समाज के प्रभावशाली लोगों के हितों का पोषण करने वाली शासन व्यवस्था ने जंगल , जंगल में रहने वालों को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया है । आदिम जाति , आदिवासी समाज के रीति रिवाज , खानपान , संस्कृति , परंपराओं का बलिदान विकास के नाम पर हो गया । यह सिलसिला अब भी चल रहा है । विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का जिस तरह दोहन किया जा रहा है ।जल जंगल और जमीन को जिस तरह से भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है , उसके कारण खाद्य संकट भी लगातार बढ़ रहा है।

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पृथ्वी पर खाद्य संकट बढ़ रहा है । ऐसी स्थिति में खाद्य पदार्थों का उत्पादन कम हो रहा है। जो खाद्य पदार्थ हम उत्पादन कर रहे हैं , उसमें रासायनिक पदार्थों की मात्रा इतनी अधिक बढ़ गई है कि उसे खाने के बाद लोग तरह-तरह की जानलेवा बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं आदिवासी समुदाय हमारे समाज का वह महत्वपूर्ण हिस्सा है। आदिवासी को जनकल्याण , विकास की नीतियां बनाने वालों ने आकर्षक योजनाओं लुभावने वादों के साथ लगातार छला है। जबसे शासन ने आदिवासी समाज की चिंता करना शुरू किया तभी से इस की खुशहाली को बुरी नजर लग गई ।

जंगल में मंगल करने वाले आदिवासी के हिस्से में अब न तो जंगल ही बचा है और न हीं आनंद मंगल । सरकारी नियम कानूनों की शक्ल में बाजार की ताकतें जंगल में लगातार , अंदर और अंदर तक घुसती चली गई। इसका बुरा परिणाम यह हुआ कि जंगल में रहने वाले आदिवासियों को जंगल से बाहर कर दिया गया । वहां जानवरों का भी जिंदा रहना मुश्किल हो गया । शासन के समर्थन से जंगल में प्राकृतिक साधनों की लूट का खेल शुरू हुआ। उसने प्राकृतिक आपदाओं के साथ ही भुखमरी , कुपोषण , आजीविका के संकट जैसी अनेक समस्याओं को जन्म दिया । इन समस्याओं के समाधान के नाम पर शासन तंत्र में बैठे योजना कारों ने जो योजनाएं बनाई वह बस उनके लिए ही लाभ का धंधा साबित हुई । अच्छे दिन केवल योजना बनाने वालों और उसके क्रियान्वयन में सहभागी रहने वालों के ही आए। ऐसी योजनाएं सुनियोजित भ्रष्टाचार का माध्यम बन गई ।नई नई योजनाओं के माध्यम से आदिम जाति समुदाय को बार-बार ठगा गया । शायद यही कारण है कि जो समुदाय प्रकृति के संरक्षण में सदैव स्वस्थ - मस्त रहता था , वह आज पोषण के संकट से जूझ रहा है । जंगल पर आधारित उसकी खाने पीने की व्यवस्था खत्म हो गई है। कंदमूल फल खाने वाले आदिवासी समुदाय को रासायनिक पदार्थों से युक्त वह खाद्य सामग्री भी खाना पड़ रही है जो जंगल आधारित जीवन शैली के अनुकूल नहीं है। सरकार ने आदिवासियों को उनके परंपरागत खाद्य पदार्थों से दूर कर , उन्हें राशन का अनाज उपलब्ध करवाया है । वह अनाज न तो गुणवत्ता युक्त है और न ही पर्याप्त । यही कारण है कि आदिवासी समुदाय के लोगों की पोषण सुरक्षा , खाद्य सुरक्षा खत्म हो गई है । उनकी परंपरागत खाद्य सुरक्षा का ताना-बाना टूट गया है । वह जी तोड़ मेहनत के बाद भी शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। आदिवासी समुदाय के पुरुष , महिलाएं और बच्चे सभी किसी न किसी बीमारी के शिकार हैं। आदिवासियों के हक अधिकार के नाम पर शासन और समाज के नीति निर्धारकों ने जो योजनाएं बनाई वह भ्रष्टाचार में घिर कर रह गई । उनका लाभ लक्षित वर्ग को नहीं मिल सका ।

आदिम समुदाय का विकास करने के नाम पर राजनीति , प्रशासन , पूंजीपतियों का गठजोड़ साल दर साल बड़े बजट की योजनाएं बना रहा है । इससे केवल उनकी ही स्वार्थ पूर्ति अधिक हो रही है । आदिवासी समुदाय के नाम पर बनने वाली बड़े बजट की योजनाएं यदि अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लेती तो पोषण की सुरक्षा , कुपोषण , शिशु मृत्यु दर , आवास एवं आजीविका के संकट जैसे ज्वलंत विषयों पर चर्चा - चिंतन ,- शोध- अध्ययन से बचा जा सकता था। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि आदिवासी समुदाय के लिए जंगल ही पूरा जीवन था । जहां वह जन्म लेता और वहीं उसका पूरा जीवन बीत जाता। जंगल में रहकर प्रकृति के सानिध्य में उसने कभी किसी भी प्रकार के अभाव अथवा असुरक्षा को महसूस नहीं किया। जब से सरकार को आदिवासी की चिंता हुई तभी से जंगल और उस पर आश्रित आदिवासी समुदाय अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं ।

जंगल और जंगल के प्राणी धीरे-धीरे ड्राइंग रूम में लगी फोटो में सिमटते जा रहे हैं । इसी प्रकार आदिवासी संस्कृति - सभ्यता , संग्रहालय में सहेज कर रखने लायक बना दी गई है। आदिवासियों का जीवन , उनकी जीवनशैली जानने के लिए अब हमें जंगल नहीं संग्रहालय की ओर जाना होगा । जहां उनके स्मृति चिन्ह सुरक्षित रखे गए हैं ।

यदि ऐसा ही हाल रहा तो आने वाले समय में देश और दुनिया में खाद्य पदार्थों का संकट लगातार बढ़ता ही रहेगा । हमें इसके समाधान के बारे में अभी से गंभीरता से मिलकर एकजुट प्रयास करना होंगे।

इसके लिए सभी देशों को मिलकर आगे आना होगा । ऐसी प्रभावशाली रणनीति पर काम करना होगा जिसके परिणाम स्वरूप प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त और पोषण की गुणवत्ता से युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

# जनसंख्या संतुलन की है जरूरत



श्याम जाजू

विजयादशमी को नागपुर में अपने वार्षिक उद्बोधन में संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत ने देश में बढ़ती जनसँख्या पर अपनी चिंता व्यक्त की और जनसँख्या नीति पर विचार का आव्हान किया।उन्होंने कहा कि जनसंख्या की वृद्धि और असंतुलन देश में एक बड़ी समस्या बन रहे हैं और इस पर आने वाले ५० वर्षों को ध्यान में रख कर समग्र नीति बनाने की आवश्यकता है।संघ प्रमुख द्वारा जनसँख्या वृद्धि और संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषय का उल्लेख अत्यंत सामायिक है।यह हमारे सामने घटती एक ऐसी विकराल समस्या है जिसे यदि समय रहते नहीं रोका गया तो यह राष्ट्र के अस्तित्व को ही संकट में डाल सकती है।

जनसँख्या की इस भारी वृद्धि के कारण आने वाले समय चुनौतियों से भरा होगा।देश के हर व्यक्ति को न्यूनतम जीवन गुणवत्ता देना हमारे देश के नीति नियंताओं के लिए एक असंभव सा लक्ष्य होगा।जब जनसंख्या विस्फोटक स्थिति में पहुँच जाती है तो संसाधनों के साथ उसकी ग़ैर-अनुपातित वृद्धि होने लगती है, इसलिये इसमें स्थिरता लाना ज़रूरी होता है।ब्रिटिश अर्थशास्त्री माल्थस के अनुसार संसाधनों में वृद्धि की तुलना में जनसंख्या दोगुनी रफ्तार से बढ़ती है।यह हम देश में भी देख रहे है।आज हमारे विकास की गति बहुत तेज है, पर जनसँख्या वृद्धि उससे भी अधिक।इसी असमानता की वजह से भारत विकास की ओर बढ़ते हुए भी वैश्विक सूचकांकों में पिछड़ जाता है।

बढ़ती आबादी आज एक बड़ा मुद्दा है और पूरे देश का मुद्दा है।इसके लिए संकीर्ण वर्गीय सोच और दलगत स्वार्थ से परे हट कर कार्य करने की जरुरत है।जनसंख्या में तीव्र वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव सभी पर पड़ता है।प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव, उनका अत्यधिक दोहन, उत्पादन में कमी, पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, अकाल, बाढ़, सूखा और परिणामतः प्रति व्यक्ति आय में कमी, निर्धनता, बेरोजगारी, अपर्याप्त जीवन, कुपोषण, महामारी और जानपदिक रोग आदि सभी के लिए बढ़ती आबादी जिम्मेदार है।

पर जनसँख्या वृद्धि के साथ जनसँख्या असंतुलन भी अहम् मुद्दा है जिसका उल्लेख संघ प्रमुख ने किया।दरअसल जनसंख्या संतुलन सामाजिक संतुलन का आधार है।जनसंख्या के असंतुलन से देश के अस्तित्व और पहचान के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है।भारत की पहचान सर्वपंथ समभाव और वसुधैवध कुटुम्बकम आदि सद्गुणों से है।

तथ्य यह है कि यह पहचान यहां के बहुसंख्यक समाज के कारण बनी है।जनसँख्या का असंतुलन यह सांस्कृतिक पहचान मिटा सकता है।इस दिशा में गंभीरता से सोचने का वक्त आ गया है।भारत में बीते एक दशक में मुस्लिम आबादी में लगभग 2.5 गुना बढ़ोतरी हुई है।यह शिक्षा, स्वास्थ्य, बढ़ती कट्टरता और अहिष्णुता से जुड़ी चिंताओं के केंद्र में है।यही उल्लेख संघ प्रमुख ने किया।बीती जुलाई में विश्व जनसंख्या दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक वर्ग विशेष की बढ़ती आबादी पर चिंता भी इसी संदर्भ में थी।उनकी और संघ प्रमुख की चिंता को मजहबी नजरिये से इतर स्वस्थ संदर्भ में देखने की जरूरत है।यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी वर्गों की आबादी पर नियंत्रण रखना अनिवार्य है, अन्यथा किसी वर्ग विशेष की आबादी यदि असामान्य रूप से बढ़ती रही तो देश में संसाधनों के उचित वितरण से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ अराजकता के हालात तक पैदा हो सकते हैं जिसका उदहारण हम पिछले दिनों मीडिया में आयी कई ख़बरों से देख सकते हैं।

संघ प्रमुख ने जनसंख्या वृद्धि दर को लेकर एक आंकड़े पर बात करते हुए कहा, "वर्ष 1951 से 2011 के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में भारी अंतर के कारण देश की जनसंख्या में जहां भारत में उत्पन्न मत पंथों के अनुयायियों का अनुपात 88 प्रतिशत से घटकर 83.8 प्रतिशत रह गया है, वहीं मुस्लिम जनसंख्या का अनुपात 9.8 प्रतिशत से बढ़ कर 14.23 प्रतिशत हो गया है।" उन्होंने यह भी कहा कि "विविध संप्रदायों की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी अंतर, अनवरत विदेशी घुसपैठ और मतांतरण के कारण देश की समग्र जनसंख्या विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों की जनसंख्या के अनुपात में बढ़ रहा असंतुलन, देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक पहचान के लिए गंभीर संकट का कारण बन गया है।

धर्म आधारित जनसंख्या असंतुलन एक महत्वपूर्ण विषय है जिसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।जनसंख्या असंतुलन से भौगोलिक सीमाओं में परिवर्तन होता है जिसका उल्लेख संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया। उदाहरण के तौर पर उन्होंने ईस्ट तिमोर, दक्षिण सूडान और कोसोवो का जिक्र किया जिनका सृजन मूल देश में जनसंख्या में संतुलन बिगड़ने से हुआ।समय आ गया है कि अब जनसंख्या नीति पर गंभीर मंथन हो।ऐसी समग्र नीति बने जो सब पर समान रूप से लागू हो।सामान नागरिक संहिता इसके लिए पहला सार्थक कदम होगा।

# इस दिवाली करा रहे घर की सजावट तो रखें इन बातों का ध्यान





हिंदू धर्म में वैसे तो सभी त्योहार महत्वपूर्ण होते हैं लेकिन दीपावली को बेहद ही खास माना जाता है यह सभी पर्वों में प्रमुख माना गया है लोग दिवाली से पहले अपने घर की साफ सफाई करते हैं और इस दौरान घर की सजावट पर भी ध्यान दिया जाता है वही वास्तुशास्त्र और फेंगशुई शास्त्र में भी घर की दिशाओं और चीजों से जुड़े कुछ नियम बताए गए है जिनका पालन करने से घर में सालभर खुशहाली और सुख समृद्धि बनी रहती है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा बता रहे हैं कि दिवाली के शुभ अवसर पर आप घर को कैसे सकारात्मकता और खुशहाली से भर सकते हैं तो आइए जानते हैं।

**जानिए फेंगशुई से जुड़े नियम—**

फेंगशुई की मानें तो घर की सजावट ऐसी होनी चाहिए जिससे शक्ति का संतुलन बनाए रखा जा सके। मान्यता है कि अधिक ऊर्जा घर परिवार को नुकसान पहुंचा सकती है और कम ऊर्जा होने पर वहां रहने वाले लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है ऐसे में अपने घर में लाइट्स की सजावट करते वक्त हमेशा ध्यान रखें कि वहां पर हल्के व नरम रंगों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए हल्के रंगों को शांति का प्रतीक माना गया है वही गहरे नीले रंग का उपयोग अगर अधिक किया जाता है तो वे मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं।

फेंगशुई की मानें तो जिन लोगों की जल्द शादी हुई है वे लोग अपने बेडरूम में गहरें रंगों को प्रयोग सजावट के लिए कर सकते हैं इसे ठीक माना गया है वहीं घर के डाइनिंग रूम में मेज की बनावट को हमेशा ही साधारण करना चाहिए वहीं खाने की मेज हमेशा ही आयताकार, गोलाकार, चतुर्भुज या फिर अंडाकार शेप में होनी चाहिए इसे अच्छा माना जाता है।





फेंगशुई में लकड़ी के टेबल को शुभ माना जाता है इससे सकारात्मक शक्ति का संचार पूरे घर में होता हैं वही अगर किसी को अनिद्रा की शिकायत है तो ऐसे लोगों को अपना बिस्तर उत्तर दिशा में लगाना चाहिए यह दिशा शांति का प्रतीक मानी जाती है जो अच्छी नींद लाने में सहायक होती है इस दिशा में सोना लाभकारी माना जाता है।

# इन राशियों पर 24 घंटे रहती है शनिदेव की कृपा

न्याय के देवता शनिदेव से हर कोई खौफ खाता है। वह कर्मों के अनुसार अच्छा या बुरा फल देते हैं। शनि ग्रह की कुंडली में स्थिति भी बड़े मायने रखती है। यदि ये कुंडली में अशुभ स्थिति में हो तो आर्थिक तंगी, दुर्घटना, दुख जैसी चीजें आती है। वहीं इनके कुंडली में शुभ होने पर सुख, धनलाभ, अच्छा भाग्य, सुरक्षा जैसी चीजें आपके साथ घटित होती है। शनिदेव जब आपसे प्रसन्न रहते हैं तो कुछ खास संकेत देते हैं।

1. यदि अचानक से किस्मत आपका साथ देने लगे और सारी चीजें भाग्य के दम पर हो जाए तो समझ जाइए कि शनिदेव आपसे खुश हैं। उनके प्रसन्न होने पर दुर्भाग्य हमेशा के लिए पीछा छोड़ देता है।

2. यदि शनिवार के दिन आपके मंदिर या कहीं ओर से जूते चप्पल चोरी हो जाए तो ये भी एक शुभ संकेत है। इसका मतलब है आपके ऊपर कोई आपत्ति आने वाली थी जो चली गई।

3. जॉब में अचानक प्रमोशन होना, बिजनेस में ज्यादा लाभ होगा या किसी भी प्रकार का धन लाभ होना भी यह दर्शाता है कि शनिदेव आप से बेहद खुश हैं।

4. यदि आप किसी दुर्घटना में बच जाते हैं, समाज में आपको मान



सम्मान ज्यादा मिलने लगता है या कोई भी ऐसी अच्छी चीज होती है जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी तो समझ जाइए कि शनिदेव आपके ऊपर मेहरबान हैं।

5. जब शनिदेव आपके ऊपर कृपा बरसाते हैं तो आपके बाल, नाखून, हड्डियां और आंखे जल्द कमजोर नहीं होते हैं। इनका सेहतमंद होना भी शनिदेव की प्रसन्नता को दर्शाता है।

**इन राशियों पर सदा मेहरबान रहते हैं शनिदेव**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक शनि ग्रह दो राशियों के स्वामी होते हैं। ये राशियां मकर और कुंभ हैं। कुंभ और मकर के सातवें भाव में शनिदेव होते हैं। वहीं तुला राशि के उच्च भाव में भी शनि होते हैं। शनि जब ग्यारहवें भाव में होते हैं तो ये बेहद शुभ होता है। इसलिए शनिदेव मकर, कुंभ और तुला राशि के लिए शुभ माने जाते हैं।

ऐसे करें शनिदेव को प्रसन्न

दीर्घायु, दुख, दुःख, वृद्धावस्था, अनुशासन, प्रतिबंध, जिम्मेदारी, देरी, महत्वाकांक्षा, नेतृत्व, अधिकार, विनम्रता, अखंडता और अनुभव से पैदा हुए ज्ञान इत्यादि चीजों का कंट्रोल शनिदेव के हाथ में होता है। यदि आप उन्हें कुछ खास उपायों से प्रसन्न कर दें तो वह आपको हर सुख देते हैं।

1. शनिदेव की पूजा करते समय शनि यंत्र का इस्तेमाल लाभकारी होता है। आप शनिवार को व्रत रखकर या किसी को काली चीजें दान कर जैसे उड़द दाल, काला तिल, काले कपड़े इत्यादि से भी शनिदेव को प्रसन्न कर सकते हैं।

2. शनिदेव को सरसों का तेल और काला तिल चढ़ाना भी शुभ माना जाता है। इसके अलावा आप घोड़े की नाल भी शनिदेव के मंदिर में चढ़ा सकते हैं। वहीं हनुमानजी को प्रसन्न करके भी आप शनिदेव को खुश कर सकते हैं।

3. पीपल के पेड़ की पूजा कर, कौवे को पीले चावल खिलाकर, काले कुत्ते को घी चुपड़ी रोटी देकर, काली गाय को चारा खिलाकर और किसी गरीब को पैसों का दान देकर भी शनिदेव को खुश किया जा सकता है।

# झुका हुआ पेड़ अक्सर फलदायक होता है

जीवन में आपका आचरण आपके सफलता के मानक को तय करता है। सिर्फ किताबी ज्ञान ही आपको ज्ञानी नहीं बनाता, बल्कि आपका लोगों के प्रति व्यवहार भी आपके ज्ञान को दूसरों के सामने प्रकट करता है। मसलन आप लोगों से बात कैसे करते हैं या फिर लोगों के साथ पेश कैसे आते हैं।

किसी भी व्यक्ति के साथ आपका बर्ताव आपकी श्रेष्टता का प्रतीक होता है। नीति के जानकारों के अनुसार किसी भी व्यक्ति का आचरण इस बात से भी तय होता है कि वह अपना व्यवहार दूसरों के साथ कैसा रखता है। ऐसे में यदि आपको जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंचना है तो आपको न सिर्फ अपने से बड़ों बल्कि छोटो की भावनाओं का आदन करना चाहिए। आइए अच्छे आचरण या फिर कहें व्यवहार के जीवन में क्या मायने हैं, इसे नीचे दिए गये 5 प्रेरक वाक्यों के माध्यम से जानने का प्रयास करते हैं।

किसी व्यक्ति को असली ज्ञान अपने अच्छे आचरण द्वारा दिया जा सकता है क्योंकि किसी भी विषय से संबंधित बातें भूली जा सकती हैं, लेकिन लोगों का अच्छा आचरण हमेशा याद रहता है।

यदि आप दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार रखते हैं तो निश्चित तौर पर लोग आप का सम्मान करेंगे। फिर चाहे वो आप के बॉस हो, उम्रदराज लोग हों या फिर कोई अनजान व्यक्ति, सभी आप से प्रभावित रहेंगे।

जीवन में किसी भी इंसान के व्यक्तित्व की असली पहचान उसका आचरण ही होता है। अच्छे आचरण के जरिए ही मनुष्य दूसरे व्यक्ति के दिल में अपनी जगह बनाने में कामयाब होता है।

अच्छा व्यवहार या फिर कहें आचरण मनुष्य द्वारा कमाई गई वह दौलत है, जिसे मनुष्य को न सिर्फ बांटना चाहिए बल्कि उसमें दिन-प्रतिदिन यथासंभव बढ़ोत्तरी भी करते जाना चाहिए।

किसी भी मनुष्य का पढ़ना, लिखना, बोलना, सुनना बेकार है, यदि उसका लोगों के प्रति आचरण अच्छा नहीं है।

# सूर्य गोचर: अगले 3 दिन में बदल जाएगी 3 राशियों की किस्मत

ग्रहों का गोचर हमारी राशियों पर अच्छा या बुरा असर डालता है। 17 अक्टूबर को ग्रहों के राजा सूर्य तुला राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसका सभी 12 राशियों पर शुभ और अशुभ असर पड़ेगा।


**धनतेरस से पहले ही बन जाओगे धनवान**


**कर्क राशि–** सूर्य का गोचर कर्क राशि के जातकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। सूर्य का राशि बदलना आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाएगा। आपके सभी अटके हुए काम पूरे होंगे। धन से जुड़ी सभी समस्याएं समाप्त होगी। नौकरी में प्रमोशन और बिजनेस में लाभ होगा। घर में शांति बनी रहेगी। दुख खत्म होंगे। नए मकान या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात लाभकारी रहेगी। रिश्ते नाते मजबूत होंगे। संतान का सुख मिलेगा। पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा। तनाव कम होगा। किसी शुभ काम से यात्रा पर जा सकते हैं। घर में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। कहीं पैसा लगाना है तो समय उत्तम है। भगवान में आस्था बढ़ेगी।



**सिंह राशि–** सूर्य का गोचर सिंह राशि के जातकों की किस्मत चमका देगा। इन्हें करियर में कई नए अवसर प्रदान होंगे। माँ लक्ष्मी आपके ऊपर मेहरबान होगी। अचानक कहीं से बड़े धन की प्राप्ति हो सकती है। जमीन जायदाद में फैसले आपके पक्ष में आएंगे। कोर्ट कचहरी के मामले भी सुलझ जाएंगे। सेहत अच्छी रहेगी। किसी सुंदर जगह जा सकते हैं। संतान आपकी सेवा करेगी। प्रेम प्रसंग के मामलों में सफलता हाथ लगेगी। विवाह के योग भी बन सकते हैं। व्यापारियों की कोई बड़ी डील फाइनल हो जाएगी। जॉब की वजह से विदेश यात्रा के योग बन सकते हैं। घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी। आप आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। धन चारों ओर से आएगा। आपकी हर जगह तारीफ होगी।

**मेष राशि–** सूर्य के गोचर का सीधा असर मेष राशि पर भी पड़ेगा। ये राशि परिवर्तन आपके लिए पैसा और शोहरत लेकर आएगा। समाज में आपकी इज्जत बढ़ेगी। लोग आपकी कामयाबी से जलने लगेंगे। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। आपकी फैन फॉलोइंग बढ़ेगी। लाइफ में नए दोस्त बनेंगे। कहीं दूर घूमने फिरने जा सकते हैं। किसी नए शख्स से मुलाकात आपकी लाइफ बदल देगी। आपकी खूब तरक्की होगी। पैसा कमाने का नया अवसर मिलेगा। नए जॉब के ऑफर आ सकते हैं। आपके काम की तारीफ होगी। जीवनसाथी से संबंध मधुर होंगे। बीमारियाँ आप से दूर रहेगी। किसी शुभ काम से यात्रा पर जा सकते हैं। इस यात्रा में भी धन लाभ हो सकता है। किसी को उधार दिया पैसा वापस मिल जाएगा। अटके हुए काम भी पूरे होंगे। पुराने सपनों को नए पंख मिलेंगे। विवाह के योग बन सकते हैं।

# शहनाज गिल ने फिर किया लोगों को इमोशनल



**गाना गाकर कही दिल की बात तो फैंस ने कहा- 'याद आ गई ना।**

पंजाब की कैटरीना कैफ कहलाने वालीं एक्ट्रेस और सिंगर शहनाज गिल को आज किसी परिचय की जरूरत नहीं हैं। 'बिग बॉस 13' के बाद उनकी पॉपुलैरिटी काफी ज्यादा बढ़ गई है। हम सभी जानते हैं कि शहनाज बेहद खूबसूरत और अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमाल की सिंगर भी हैं। ऐसे में शहनाज ने कुछ समय पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपनी आवाज का जादू बिखेर रही हैं। अपनी सिंगिंग स्किल्स से वीडियो में शहनाज गिल सबका दिल जीत रही हैं। आज ही शहनाज ने अपने ऑफीशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर किया है जिसे अब तक 6 लाख 47 हजार से ज्याद लाइक मिल चुके हैं।

# हिना खान ने बैकलेस ड्रेस पहनकर

## दिखाया बोल्ड अवतार, देखें हॉट लुक



मशहूर अदाकारा हिना खान अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपनी बोल्ड इमेज के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने टीवी से लेकर बॉलीवुड तक काम किया हुआ है। हिना खान ने टीवी सीरियल से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने सीधी-साधी संस्कारी बहू का किरदार निभाया था। हालांकि असल जिंदगी में एक्ट्रेस काफी बोल्ड हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने फैंस साथ अपने नए-नए फोटोशूट शेयर करती रहती हैं।

जिन्हें हिना के चाहनेवाले काफी पसंद करते हैं। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना नया फोटोशूट शेयर किया है। जिसमें एक्ट्रेस ऑरेंज कलर की बैकलेस ड्रेस में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में हिना बेहद ग्लैमरस लग रही हैं लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ हिना खान ने अपने लुक को पूरा किया है। उनका ये अंदाज सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ हिना खान ने अपने लुक को पूरा किया है। उनका ये अंदाज सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।

# राधिका आप्टे ने

## दिया ग़ुस्सा कंट्रोल करने का बेहतरीन टिप, बताया लाइफ़ का मंत्र



बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका आप्टे, जो हाल ही में ऋतिक रोशन और सैफ़ अली खान के साथ विक्रम वेधा में नज़र आईं थी, फ़िल्मों में अपने किरदारों से तो इम्प्रेस करतीं ही हैं लेकिन रियल लाइफ़ में भी वह अपने लाइफ़ मंत्र से लोगों को इंस्पायर करती हैं। हाल ही में बॉलीवुड हंगामा के साथ हुए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में राधिका आप्टे ने ग़ुस्सा कंट्रोल की बेहतरीन टिप दी।

**राधिका आप्टे की टिप**

बॉलीवुड हंगामा के साथ हुए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में राधिका ने रैपिड फायर सेगमेंट के दौरान ग़ुस्सा कंट्रोल करने का बेहतरीन टिप दिया। राधिका ने कहा, "यह वास्तव में मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं इन दिनों मुस्कुराना और हंसना सीख रही हूं। क्योंकि जब मुझे कभी-कभी बहुत, बहुत गुस्सा आता है तो बस मैं हंसने की कोशिश करती हूं, उन हालातों पर हंसती हूं। हंसने से कुछ सेकेंड्स में ही मससल्स रिलेक्स हो जाती हैं। तो बस मैं यही करने की कोशिश कर रही हूं।

# सोनाक्षी सिन्हा को डेट कर रहे हैं जहीर इकबाल

## अफेयर की खबरों पर एक्टर ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनीक्षी सिन्हा भले ही काफी समय से बड़े पर्दे पर नहीं दिखी हैं, लेकिन वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की रिलेशनशिप की खबरें कई बार सामने आती हैं और दोनों को अक्सर ही साथ में स्पॉट किया जाता है। दोनों के रिलेशनशिप के चर्चे काफी आम हो गए हैं, हालांकि दोनों ही इस पर कुछ भी कहने से हमेशा बचते रहे। अब जहीर इकबाल ने सोनाक्षी संग अपने रिश्ते पर खुलकर बात की है।

**सोनाक्षी को बताया अपना बेस्ट फ्रेंड**

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जहीर इकबाल ने सोनाक्षी संग अपने रिश्ते की शुरुआत का जिक्र किया है। एक्ट्रेस के बारे में बात करते हुए उन्होंने उनकी तारीफ में कसीदें पढ़ डाले। जहीर इकबाल के मुताबिक, 'यह सब एक शरारत से शुरू हुआ। मेरा और सोनाक्षी का रिश्ता पूरी तरह से प्लेटोनिक दोस्ती है। सोना के साथ काम करना एक धमाके की तरह है। सुबह उठना और अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ काम पर जाना बहुत अच्छा एहसास है। इसके अलावा वह प्रतिभा की भंडारी भी हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है'।

**सोनाक्षी के लिए जहीर इकबाल ने किया था पोस्ट**

बता दें कि, जून 2022 में सोनाक्षी सिन्हा के जन्मदिन पर जहीर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभिनेत्री का एक वीडियो साझा किया था। वीडियो में यूं तो दोनों प्लेन में बैठे मस्ती करते दिखे थे, लेकिन एक्ट्रेस के लिए कैप्शन में 'लव यू' लिखना और फिर सोनाक्षी की तरफ से भी कमेंट में लव यू कहकर जवाब आना, इनके रिलेशनशिप में होने की ओर इशारा कर रहा था। इस पोस्ट पर फैंस ही नहीं कई सेलेब्स ने भी प्यार बरसाया था।

**डबल एक्सएल में साथ दिखेंगे जहीर और सोनाक्षी**

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल एक साथ फिल्म डबल एक्सएल में नजर आएंगे। इन दिनों दोनों कलाकार फिल्म के प्रमोशन में जुटे हैं। फिल्म में इन दोनों के अलावा हुमा कुरैशी भी नजर आएंगी। फिल्म की कहानी एक प्लस साइज महिला की है, जो बॉडी शेमिंग करने वालों के खिलाफ लड़ती है। बता दें कि यह फिल्म आने वाले 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'मां भारती के सपूत' वेबसाइट लॉन्च में शामिल हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा

**बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा 'मां भारती के सपूत' वेब पोर्टल लॉन्च समारोह में शामिल हुए।**

**'मां भारती के सपूत' वेब पोर्टल लॉन्च समारोह नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक परिसर में आयोजित किया गया था।**

**इस समारोह में सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भारतीय सेना के प्रति अपने विचार साझा किए।**



नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक परिसर में सरकार के द्वारा हाल ही में 'मां भारती के सपूत' नाम से वेब पोर्टल लॉन्च समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी शिरकत की और इस दौरान अभिनेता ने एक सेना परिवार से आने कीअपनी बचपन की यादों के साथ-साथ विक्रम बत्रा की यात्रा को पर्दे पर दर्शाने के अपने हालिया अनुभव का साझा किया। गौरतलब है कि एक्टर सिद्धार्थ ने फिल्म शेरशाह में कैप्टन बत्रा का किरदार अदा किया था और वह खुद भी एक सैनिक परिवार से आते हैं।

**भारतीय सशस्त्र बल दुनिया में सर्वश्रेष्ठ- सिद्धार्थ मल्होत्रा**

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने समारोह में बात करते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बल दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं और यही वजह है कि हम अपनी स्वतंत्रता और लोकतंत्र का आनंद ले पाते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल के बारे में भी बताया और प्रत्येक भारतीय से सैन्य अभियानों के दौरान ड्यूटी के दौरान मारे गए या गंभीर रूप से घायल सैनिकों के परिवारों का समर्थन करने का आग्रह किया।

**क्या है 'मां भारती के सपूत' वेब पोर्टल का मुख्य उद्देश्य**

'मां भारती के सपूत' लॉन्च समारोह का शुभारंभ देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया। बता दें कि यह एक त्रि-सेवा कोष है, जिसका उपयोग देश की तीनों सेनाओं के उन सैनिकों के परिवारों को तत्काल सेवा उपलब्ध करवाने के लिए किया जाता है, जो सैन्य अभियानों के तहत अपना बलिदान देते हैं या गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इस वेबसाइट के लॉन्च का उद्देश्य फंड की प्रक्रिया को सुगम बनाना है ताकि लोग सीधे ऑनलाइन फंड में योगदान दे सकें। यहां तक की किसी भी व्यक्ति द्वारा सेना के लिए दिए गए फंड योगदान का प्रमाण पत्र भी इस वेबसाइट के जरिए आसानी से डाउनलोड किया जा सकेगा।

# दिवाली से पहले सलमान खान ने किया बड़ा धमाका

## अब इस दिन सिनेमाघरों में दहाड़ेगी 'टाइगर 3'



सुपरस्टार सलमान खान की फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। अभिनेता की मशहूर फ्रेंचाइजी टाइगर 1 और 2 रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज की तीसरी फिल्म टाइगर 3 का फैंस इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सलमान खान ने इस फिल्म को लेकर बड़ा धमाका किया है। दबंग खान ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। लेकिन टाइगर 3 के लिए दर्शकों को अभी थोड़ा लंबा इंतजार करना होगा। सलमान खान ने कुछ समय पहले टाइगर 3 को लेकर घोषणा की थी। तब से फैंस इस फिल्म की रिलीज डेट जानना चाह रहे थे। अब सलमान खान ने दिवाली से पहले बड़ा धमाका करते हुए बताया है कि उनकी फिल्म अगले साल यानि 2023 में दिवाली पर रिलीज होगी। इस फिल्म में भी कटरीना कैफ और सलमान खान की जोड़ी नजर आने वाली है। सलमान ने अपनी फिल्म की नई तारीख को लेकर सोशल मीडिया पर ट्वीट भी किया है।

सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर भी टाइगर 3 का लुक साझा किया है। इसके साथ ही लिखा है कि टाइगर 3 दिवाली 2023 पर रिलीज होगी। टाइगर हिंदी के साथ-साथ तमिल और तेलुगू में भी रिलीज होगी। दिवाली पर फिल्म की रिलीज होने का मतलब ये है कि अभी फैंस को इस फिल्म के लिए एक साल तक इंतजार करना होगा। बता दें कि इस फिल्म के निर्देशक मनीष शर्मा हैं और फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं।

टाइगर 1 और 2 दोनों में सलमान और कैटरीना की जोड़ी साथ नजर आई है।

# समंदर किनारे नोरा फतेही ने

## किया धमाकेदार डांस, देखकर लोग बोले- फायर



आज कल नोरा फतेही कई वजहों से हेडलाइंस में छाई हुई हैं। एक तरफ नोरा 'झलक दिखला जा' जज कर रही हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर उनके डांस ने गर्दा उड़ा दिया है। असल में नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वो संमदर किनारे डांस करती नजर आ रही हैं।

**नोरा का धमाकेदार डांस**

नोरा फतेही अपने डांस की बदौलत लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। नोरा के डांस मूव्स देख कर हर किसी का दिल धक-धक करने लगता है। एक बार फिर नोरा ने अपने धमाकेदार से फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। नोरा ने इंस्टाग्राम पर फैंस के लिये एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वो क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहनकर बिंदास डांस करती दिख रही हैं।

समंदर किनारे नोरा फतेही के किलर मूव्स लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। एक्ट्रेस के वीडियो पर लोग जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। किसी ने नोरा के डांस को 'फायर' बताया, तो किसी ने लिखा 'जबरदस्त'। डांस के साथ-साथ नोरा फतेही की कालिताना अदाएं भी देखने लायक हैं।

# सज-धज के निकलीं जैकलीन फर्नांडिज

## फैंस बोले- 'कालेधन वाली सफेद हीरोइन'



बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज इन दिनों मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में जैकलीन से दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने पूछताछ की थी, जिसमें उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। इस सबके इतर अब एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके चलते वो सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं हैं।जैकलीन फर्नांडिज की इस वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में एक्ट्रेस एक इवेंट में कैमरा पार्सनर्स को पोज देते हुए दिख रही हैं, लेकिन एक्ट्रेस का ये अंदाज लोगों को पसंद नहीं आ रहा है और लोग उनके वीडियो पर कमेंट कर खरी-खोटी सुना रहे हैं।

# मलाइका अरोड़ा ने 48 साल की उम्र में रैंप पर अपनी बोल्डनेस से लगाई आग

**लुक पर ठहरी फैंस की निगाहें**

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के लिए उम्र बस एक नंबर है। 48 साल की उम्र में जिस तरह से उन्होंने खुद को फट रखा है वो वाकई दूसरों के लिए एक मिसाल है। वो न सिर्फ खुद को बल्कि अपने फैंस को भी फिट रहने के लिए जागरूक करती हैं। मलाइका को उनकी बोल्डनेस के लिए भी जाना जाता है। पार्टी हो या फिर कोई इवेंट वो अपने ड्रेसिंग सेंस के जरिए हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच ही लेती हैं। यही नहीं मलाइका अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो के जरिए फैंस के होश उड़ाती हैं। इसी बीच उन्होंने लैक्मे फैशन वीक में अपने लुक से स्टेज पर आग लगा दी है। इस दौरान वो काफी बोल्ड अवतार में नजर आईं। इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर रिएक्ट कर रहे हैं।

**मलाइका ने बोल्ड लुक से रैंप पर आग**


मलाइका अरोड़ा के वायरल हो रहे वीडियो में लैक्मे फैशन वीक रैंप वॉक करती दिख रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने ब्लू स्कर्ट पहना रखा है, जिसे विंटर प्रिंट के साथ डिजाइन किया गया था। वहीं इसके साथ उन्होंने ऑफ शोल्डर मैचिंग ब्रालेट टॉप और साथ में फ्लोटिंग श्रग को टीमअप किया। इस ड्रेस में मलाइका बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं। मलाइका जिस अंदाज में रैंप पर वॉक करती नजर आ रही हैं उन्हें देखकर फैंस की धड़कनें तेज हो रही है।



**यूजर्स कर रहे हैं ऐसे कमेंट्स**

मलाइका अरोड़ा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अब तक काफी व्यूज मिल चुके हैं। इस पर कमेंट कर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां कुछ लोग इस उम्र में भी मलाइका की कमाल की फिटनेस देखकर उनकी तारीफ करे दिख रहे हैं। वहीं कई उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। इस वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'इस उम्र में भी वाकई कमाल लग रही हैं।' तो कई ने उन्हें आंटी बोलकर ट्रोल किया।

# मलाइका की फिगर देख चिढ़ गईं करीना? बोलीं- तुम्हें देखकर लगता नहीं कि...



अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। बता दें कि मलाइका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरें-वीडियो शेयर करती नजर आती हैं। मलाइका अरोड़ा 48 वर्ष की हैं, लेकिन फिटनेस के मामले में वह बॉलीवुड की नई एक्ट्रेस को भी टक्कर देती नजर आती हैं। मलाइका अपने टोन्ड फिगर के लिए जानी जाती हैं। वह अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं। इसके लिए वह घंटों जिम में बिताती हैं। वर्कआउट करने के मामले में भले ही मलाइका कोई समझौता नहीं करतीं, लेकिन जब बात खाने-पीने की आती है तो मलाइका अपनी पसंद का खाना जमकर खाती हैं। उनके हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट से तो कुछ यही इशारा मिल रहा है।

# फिल्म इंडस्ट्री के इस रंग को देख डिप्रेशन में चली गई थीं नरगिस फाखरी

**सालों बाद बताई आपबीती**



बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी काफी वक्त से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं। इम्तियाज अली की फिल्म 'रॉकस्टार' से उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी, जिसमें वह रणबीर कपूर के ऑपोजिट नजर आई थीं। इसके बाद उन्हें मद्रास कैफे, 'हाउसफुल 3' जैसी फिल्मों में भी देखा गया। वह 'स्पाई' के जरिए हॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं, लेकिन इतनी सक्सेस के बाद अचानक वह फिल्म इंडस्ट्री से नदारद हो गईं थी। अब अचानक उनका एक इंटरव्यू सामने आया है जिसके चलते वह सुर्खियों में हैं। नरगिस फाखरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वह इंडस्ट्री से खुश नहीं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी ईमानदारी उनपर भारी पड़ गई। वह कहती हैं, 'मैं पैंतरेबाजी नहीं करना जानती। मुझसे कहा गया कि मैं बहुत ईमानदार थी जो अच्छी बात नहीं थी। आप भले ही किसी के साथ कंफर्टेबल ना हो लेकिन आपको बातचीत करनी होगी। आपको एक गेम फेस रखना होगा जो मैं नहीं कर सकी। मुझे इमैच्योर कहा गया था'।

**'बॉलीवुड में होते हैं 3 चेहरे के लोग'**

नरगिस फाखरी के मुताबिक, 'लोगों के तीन चेहरे होते हैं। एक बिजनेस फेस, एक क्रिएटिव फेस और एक पर्सनल फेस'। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड में उन्होंने लगातार 8 साल काम किया और इस बीच उनके पास अपने परिवार के लिए भी समय नहीं था। स्ट्रेस की वजह से वह बीमार रहने लगीं। लगातार हेल्थ इश्यूज के कारण उन्हें लगने लगा कि क्या वह डिप्रेशन में चली गईं थी। वह नाखुश थीं और खुद से सवाल करती थीं कि 'मैं यहां पर क्यों हूं'। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपनी सेहत की वजह से उन्होंने 2 साल का ब्रेक लिया। फिर यूएस में विपाश्यना मेडिटेशन किया और उपवास की मदद ली।

# बाइडेन ने पाक को दुनिया का सबसे खतरनाक देश बताया

## यूएस प्रेसिडेंट बोले-पाकिस्तान के पास बिना किसी निगरानी के परमाणु हथियार हैं



वॉशिंगटन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पाकिस्तान को दुनिया का सबसे खतरनाक देश बताया है। उन्होंने शनिवार को कहा- मुझे लगता है कि शायद दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है पाकिस्तान। उनके पास बिना किसी निगरानी के परमाणु हथियार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के पास 160 परमाणु बम होने का अनुमान है।

बाइडेन चीन और रूस के संबंध में अमेरिकी विदेश नीति के बारे में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा- जिनपिंग एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिसे लगता है कि उनके पास बहुत सारी समस्याएं हैं। हम (अमेरिका) इसे कैसे संभालते हैं। रूस में जो हो रहा है उससे हम कैसे निपटेंगे...मुझे लगता है कि शायद दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक पाकिस्तान है।

**पाकिस्तान को मदद देता है अमेरिका**

अमेरिका ने 8 सितंबर को पाकिस्तान को F-16 फाइटर जेट के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर, यानी 3,581 करोड़ देने की मंजूरी दी थी। ये पिछले चार साल में इस्लामाबाद को दी जाने वाली सबसे बड़ी सुरक्षा सहायता थी। बावजूद इसके बाइडेन का पाकिस्तान को सबसे खतरनाक देश बताने वाला बयान सामने आया है। पाकिस्तान की 'नो फर्स्ट यूज' परमाणु नीति नहीं है। यह केवल पाकिस्तान के हाई कमान पर निर्भर करता है कि उन्हें कब और किस स्थिति में परमाणु हमला करना है। 1999 में पाक विदेश मंत्री ने 'नो फर्स्ट यूज' वाली परमाणु पॉलिसी को नकारते हुए कहा था, 'हम अपने देश की सुरक्षा की दिशा में हर जरूरी हथियार का इस्तेमाल कभी भी कर सकते हैं।' वहीं, भारत ने साल 1999 में अपनी 'नो फर्स्ट यूज' की परमाणु नीति घोषित की थी। इसके मुताबिक भारत कभी भी परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। भारत केवल परमाणु हमला होने की स्थिति में ही अपने परमाणु हथियारों का सहारा लेगा।

**भारत ने यूएस-पाकिस्तान संबंध पर उठाए थे सवाल**

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका और पाकिस्तान रिलेशन्स पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था-अमेरिका और पाकिस्तान के जो रिश्ते हैं, उनसे न ही कभी पाकिस्तान को फायदा हुआ है और न ही अमेरिका को। अब यूएस को इस बात पर चिंतन करना चाहिए की यूएस को पाकिस्तान के साथ संबंध बरकरार रखने से क्या फायदा मिल रहा है। दोनों देशों के रिश्ते आने वाले समय में कितने मजबूत और फायदेमंद हो सकते हैं, इस पर विचार करना चाहिए।

**पाक के पास भारत से ज्यादा परमाणु हथियार हैं**

स्वीडन के थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने (सिपरी रिपोर्ट 2020) की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन और पाकिस्तान के पास भारत से ज्यादा परमाणु हथियार हैं। मौजूदा वक्त में चीन के पास 320 और पाकिस्तान के पास 160 परमाणु हथियार हैं। भारत के पास 150 परमाणु हथियार हैं।

**सबसे ज्यादा न्यूक्लियर बम रूस के पास**

दुनिया में इस समय सर्वाधिक परमाणु हथियार रूस और अमेरिका के ही पास हैं। इनके पास ऐसे परमाणु बम भी हैं जो पूरे के पूरे शहर का नामो-निशान तक मिटा सकते हैं।

## 'पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश में नरसंहार किया था'

### अमेरिकी सांसदों के गंभीर आरोप, प्रस्ताव पेश

वाशिंगटन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के दो प्रभावशाली सांसदों ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसमें पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस प्रस्ताव में दोनों सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से 1971 में पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा जातीय बंगालियों और हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को 'नरसंहार' करार देने का अनुरोध किया गया है।

**भारतीय मूल के सांसदों ने पेश किया प्रस्ताव**

भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य रो खन्ना और सांसद सीव चाबोट ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में यह प्रस्ताव पेश किया। इसमें पाकिस्तान सरकार से ऐसे नरसंहार में उसकी भूमिका के लिए बांग्लादेश के लोगों से माफी मांगने के लिए भी कहा गया है। खन्ना ने कहा कि बांग्लादेश में 1971 में नरसंहार हुआ था और लाखों लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि उन लाखों मृतकों में से 80 फीसदी हिंदू थे। बांग्लादेशी समुदाय ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है।

# पाकिस्तान में हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस की हत्या

### आतंकियों ने बलूचिस्तान में मस्जिद के बाहर गोली मारी; एक महीने में 42 आतंकी हमले




इस्लामाबाद, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने शुक्रवार को खारान जिले में एक मस्जिद के बाहर मुहम्मद नूर मस्कानजई को गोली मारी। खारान एसपी ने बताया- हमले में मस्कानजई बुरी तरह से घायल हो गए।

इसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मस्कानजई ने अपने ऐतिहासिक फैसले में रीबा (ब्याज) आधारित बैंकिंग को शरिया के खिलाफ बताया था।

**बलूचिस्तान के सीएम ने जताया दुख**

मस्कानजई की मौत पर बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेंजों ने दुख जताया। उन्होंने कहा- मस्कानजई एक निडर जज थे, उनकी सर्विस को भुलाया नहीं जा सकता। आतंकी अपने इस कायराना हमले से देश को डरा नहीं सकते। क्वेटा बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अजमल खान कक्कड़ ने भी मस्कानजई के हत्या की निंदा की है। उन्होंने कहा- पाकिस्तान का हर नागरिक मस्कानजई की मौत से दुखी है। खान ने हमलावरों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**शुक्रवार को लोकल लीडर की गाड़ी में हुआ था विस्फोट**

बलूचिस्तान में शुक्रवार को एक कार में किए गए विस्फोट में 3 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि चार लोग घायल हुए थे। ये हमला मस्तंग जिले के काबू इलाके में एक लोकल लीडर की गाड़ी में किया गया था। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हुए हैं। पाकिस्तान के स्टेट लॉ मिनिस्टर शहादत हुसैन ने भी आतंकी हमले बढ़ने की बात कही है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सेक्योरिटी स्टडीज की रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त की तुलना में सितंबर में आतंकी हमले बढ़े हैं। इस्लामाबाद बेस्ड थिंक टैंक के अनुसार इस साल सितंबर में सबसे ज्यादा आतंकी हमले रिकॉर्ड किए गए। इन हमलों के पीछे प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान में सितंबर में 42 टेरर अटैक हुए हैं। अगस्त में 31 हमले हुए थे, जिनमें 37 लोगों की मौत और 55 लोग घायल हुए थे।

# अमेरिका में भारतीयों पर हमलों का विरोध तेज, श्वेत भी सड़कों पर उतरे

**अमेरिकी सपने टूट रहे**



अमेरिका में रह रहे भारतीयों पर हमले हो रहे हैं। उन्हें नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।

कैलिफोर्निया, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कैलिफोर्निया में भारतवंशी परिवार के चार सदस्यों की हत्या के बाद लोग सड़कों पर उतर आए हैं। जगह-जगह कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं। श्वेत समुदाय ने भी भारतीयों पर हमलों का विरोध किया है। कैलिफोर्निया में 3 अक्टूबर को जसदीप सिंह, उनकी पत्नी जसलीन कौर, 8 महीने की बेटी आरोही और भाई अमनदीप सिंह को अगवा कर मार दिया था। 6 अक्टूबर को उनके शव बरामद हुए थे। भारतवंशी परिवार के चारों सदस्यों का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**परिवार ने मदद की अपील की**

जसदीप के चचेरे भाई सुखदीप सिंह ने कहा- उनके जाने के बाद परिवार काफी बिखर गया है। मुझे नहीं पता कि मैं जो पीड़ा और दुःख महसूस कर रहा हूं, उसे कैसे बयां करूं। परिवार के करीबी रंजीत सिंह ने कहा- इस जबरदस्त संकट के बीच पीड़ित परिवार को हमारे समर्थन और हमारी मदद की जरूरत है। इसलिए हम स्थानीय समुदाय से हमारे साथ रहने और परिवार की मदद करने के लिए अपील करते हैं। अमनदीप सिंह की पत्नी जसप्रीत कौर और उनके 9 और 6 साल के दो बच्चों के लिए फंड इकट्ठा किया जा रहा है। मदद का मकसद बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना है।

**अमेरिका में सामाजिक अत्याचार बढ़ रहा**

फ्रांसीसी अमेरिकी कलाकार माइकल बर्जरॉन ने इस हत्याकांड पर हैरानी जाहिर करते हुए कहा कि वे रोजी-रोटी कमाने के लिए अमेरिका आए थे। अपने बुजुर्ग माता-पिता का सहारा थे। विरोध जता रहे स्थानीय लोगों ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। इन पर लिखा था- हम सिख समुदाय के साथ खड़े हैं।

# चीन में नेशनल कांग्रेस से पहले अपने ही राष्ट्रपति के खिलाफ जनता सड़कों पर



**अधिकारियों ने 'बीजिंग' को किया बैन**

बीजिंग, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। 16 अक्टूबर को चीन में सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं नेशनल कांग्रेस है। राजधानी बीजिंग के ग्रेट हॉल में होने वाले इस आयोजन से पहले बड़े स्तर पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अपनी सेंसर नीतियों के लिए मशहूर चीन ने अब सोशल मीडिया पर बीजिंग शब्द को ही सेंसर कर दिया है। जिनपिंग के खिलाफ असाधारण तौर पर प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इसे देखते हुए चीनी अथॉरिटीज ने सख्ती के साथ ऑनलाइन सेंसरशिप मुहिम छेड़ रखी है। जिस नेशनल कांग्रेस का आयोजन होना है, उसके तहत जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल को मंजूरी मिलेगी। इसके साथ ही वह आजीवन देश के राष्ट्रपति बनने की तरफ बढ़ जाएंगे।

**जिनपिंग को हटाने की मांग**

चीन में जिनपिंग के आजीवन कार्यकाल को मंजूरी मिले उससे पहले ही फ्लाईओवर से लेकर हर सड़क पर उन्हें हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। जनता बड़े पैमाने पर बैनर्स के साथ जिनपिंग को उनके पद से हटाने के लिए प्रदर्शन कर रही है। चीनी अथॉरिटीज ने इन प्रदर्शनों पर लगाम लगाने के लिए असाधारण फैसला लिया है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर बीजिंग शब्द को ही बैन कर दिया है। अब यह शब्द सर्च करने पर नजर नहीं आ रहा है। चीन में इन दिनों कोविड-19 केसेज में इजाफा हो रहा है। जीरो कोविड पॉलिसी के तहत कुछ शहरों में लॉकडाउन लगा है तो वहीं बड़े पैमाने पर टेस्टिंग को भी अंजाम दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट की मानें तो इसकी वजह से ही बीजिंग शब्द को सेंसरशिप ब्लैकलिस्ट में डाल दिया गया है।

**कोविड नीति से नाराज जनता**

बीजिंग के सितॉन्ग ब्रिज पर दो बड़े बैनर्स नजर आए थे जिनमें जिनपिंग को हटाने की मांग की गई थी। बैनर में लिखा था, 'कोविड टेस्ट को न कहें, खाने को हां। लॉकडाउन को न, आजादी को हां। झूठ को न और सम्मान को हां। सांस्कृतिक क्रांति को न, सुधारों को हां। महान नेता को ना, वोटिंग को हां। गुलाम मत बनिए, नागरिक बनिए।' इसके साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसी फोटोग्राफ्स और वीडियोज आ रहे हैं जिनमें ब्रिज के ऊपर से धुंआ निकल रहा है।

**ताकतवर नेता जिनपिंग**

जिनपिंग साल 2012 में पहली बार राष्ट्रपति बने थे और एक दशक से राष्ट्रपति हैं। इन 10 सालों में वह न सिर्फ चीन के बल्कि दुनिया के सबसे ताकतवर नेता बन चुके हैं। नेशनल कांग्रेस में वह उस स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां से उन्हें हटाना असंभव हो जाएगा। 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल के अलावा कई टॉप मिलिट्री लीडर्स को भी बड़ी जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

## खुद की ताजपोशी के लिए जिनपिंग ने ही तय किए नियम, कल होगी बड़ी बैठक

बीजिंग, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति के रूप में शी जिनपिंग की ताजपोशी से पहले कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) ने उनके समर्थन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। जिनपिंग के संभावित तीसरे कार्यकाल के लिए सीपीसी अपनी 20वीं कांग्रेस (महाधिवेशन) का कल से आयोजन करने जा रही है। खबर है कि इस दौरान जिनपिंग का समर्थन करने के लिए मंत्री परिषद का गठन किया जाएगा। हालांकि, फिलहाल जिनपिंग के नाम की घोषणा नहीं की जाएगी।

**जिनपिंग ने खुद तय किए नियम**

20वीं कांग्रेस की बैठक के लिए सभी नियम और कायदे शी जिनपिंग के द्वारा ही तय किए गए हैं। कल होने वाली बैठक में वह 2,296 निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बता दें यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब तीसरे कार्यकाल के लिए जिनपिंग का कड़ा विरोध हो रहा है।

# रूस ने तेज किए हमले तो आगे आया अमेरिका

## यूक्रेन को लड़ने के लिए देगा 72.5 करोड़ डॉलर के हथियार



वाशिंगटन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन को 72.5 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त हथियार और अन्य सैन्य सहायता प्रदान करेगा। यह घोषणा शुक्रवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठकों के बाद की गई। नाटो की बैठकों में यूरोप और दुनियाभर के रक्षा नेताओं ने कीव तथा अन्य क्षेत्रों में रूस की बमबारी बढ़ने के बीच यूक्रेन को हथियार व हवाई रक्षा प्रणालियां मुहैया कराने का संकल्प लिया है।

अधिकारियों ने बताया, 'अमेरिका के सैन्य पैकेज में कोई प्रमुख नया हथियार शामिल नहीं है। इसके बजाय अमेरिकी मदद का मकसद उन हथियार प्रणालियों के लिए हजारों गोला-बारूद का पुनः भंडारण करने में सहायता देना है, जिनका यूक्रेन ने रूस के खिलाफ सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है।' नए पैकेज में 'हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम्स' के लिए गोले-बारूद देना शामिल है।

**यूक्रेन को चाहिए एयर डिफेंस सिस्टम**

यह एक अहम हथियार है, जिसने डिपो, पुलों और अन्य अहम ठिकानों पर हमला करने की यूक्रेन की क्षमता में सुधार किया है। इस सप्ताह कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सैन्य सहायता देने की घोषणा की है। ये घोषणाएं यूरोपीय देशों के इस भय को दर्शाती हैं कि रूस का अगला निशाना वे हो सकते हैं। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में पत्रकारों को बताया कि यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है।

**यूक्रेन पर फिर तेज हुए रूस के हमले**

उन्होंने उदाहरण के लिए बताया कि रूस ने हाल ही में 24 घंटे की अवधि में यूक्रेन के ठिकानों पर 80 से अधिक मिसाइलें दागीं, लेकिन यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियां इनमें से केवल आधी मिसाइलों का पता लगा पाईं। रूस ने कामीकेज ड्रोन और मिसाइलों के जरिये कीव में अपने हमले तेज कर दिए हैं। उसने असैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया है, जिसमें एक अस्पताल, एक किंडरगार्टन और निकोपोल शहर की विभिन्न रिहायशी इमारतें शामिल हैं।

## यूक्रेन में इंटरनेट सेवाएं रोकने के संकेत

### मस्क बोले-अब अमेरिकी सरकार चुकाए स्टार लिंक का बिल

वॉशिंगटन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जंग से जर्जर हो चुके यूक्रेन में इंटरनेट सेवाएं ठप हो सकती हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने यूक्रेन में अपनी कंपनी स्टारलिंक की उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं लगातार जारी रखने में हाथ खड़े कर दिए हैं।

एलन मस्क ने कहा है कि वे अनिश्चितकाल तक ये सेवा जारी नहीं रख सकते। उन्होंने अमेरिकी सरकार से कहा है कि आगे की सेवाओं का बिल वह चुकाए। इससे पहले गुरुवार को आई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि स्टारलिंक ने अमेरिकी सेना को सूचित किया है कि वह अब इंटरनेट सेवाओं का खर्च नहीं उठा सकेगी। एलन मस्क ने भी इस रिपोर्ट की पुष्टि कर दी है।

# तुर्की की कोयला खदान में विस्फोट

### 28 की मौत-धमाके से 20 लोग घायल, 985 फीट की गहराई में फंसे 50 से ज्यादा मजदूर



अंकारा, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की में 14 अक्टूबर देर रात एक कोयला खदान में विस्फोट हो गया। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई। 28 लोगों के घायल होने की खबर है। खदान में अभी भी 50 लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालने का काम किया जा रहा है।

होम मिनिस्टर सुलेमान सोयलू ने कहा-धमाके की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। लोगों को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। करीब 50 मजदूर 985 फीट की गहराई में काम कर रहे थे। ये काफी खतरनाक इलाका है। यहां मजदूर अभी भी फंसे हुए हैं।

**धमाके के समय खदान में थे 110 लोग**

यह विस्फोट बार्टिन के अमासरा शहर में हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि खदानों में पाई जाने वाली ज्वलनशील गैसों की वजह से धमाका हुआ होगा। खदान में धमाके की सूचना मिलने के बाद होम मिनिस्टर सोयलू मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि विस्फोट के समय खदान के अंदर करीब 110 लोग मौजूद थे। ज्यादातर लोगों को बाहर निकाल लिया गया है।

**मौके पर भीड़ हुई इकट्ठा**

विस्फोट के बाद बचकर निकलने वाले एक मजदूर ने बताया कि धमाके के बाद बाहर निकलने में बहुत परेशानी जा रही थी। धूल और मलबे की वजह से कुछ भी ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। खदान में विस्फोट की सूचना मिलने के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई है। इस हादसे के बाद राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने साउथ-ईस्ट तुर्की की निर्धारित यात्रा को रद्द कर दिया है। अब वह अमासरा जाएंगे। तुर्की के मानीसा प्रांत में मई 2014 में एक कोयला खदान में विस्फोट होने से 301 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में सैकड़ों लोग घायल हो गए थे। इलेक्ट्रिक फॉल्ट की वजह से धमाका हुआ था।

विस्फोट के दौरान 580 लोग फंसे गए थे, लेकिन इनमें से कई लोग बाहर निकलने में सफल हो गए थे।

# अंटार्कटिका की दूसरी यात्रा अकेले पूरा करेंगी हरप्रीत चंडी, पहले भी बना चुकीं है रिकॉर्ड

लंदन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटिश सेना में भारतीय मूल की सिख अधिकारी और फिजियोथेरेपिस्ट कैप्टन हरप्रीत चंडी अब अंटार्कटिका की दूसरी चुनौती के लिए तैयार हैं। इससे पहले उन्होंने अंटार्कटिका के दक्षिणी ध्रुव (साउथ पोल) के दुर्गम मार्ग की अकेले यात्रा पूरी कर रिकॉर्ड बनाया था और ऐसा करने वाली वह भारतीय मूल की पहली महिला बनीं थीं।

**पहले चरण में दक्षिणी ध्रुव की यात्रा की थी**

कैप्टन हरप्रीत चंडी जनवरी में दक्षिणी ध्रुव से वापस लौटीं। उन्होंने पहले चरण में बिना किसी मदद के दक्षिणी ध्रुव के लिए अकेले एक हजार मील से ज्यादा की यात्रा पूरी की थी। तबसे उन्हें 'पोलर चंडी' के रूप में भी जाना जाता है।

**एशियन अचीवर्स अवॉर्ड से हो चुकीं सम्मानित**

33 वर्षीय सिख सेना अधिकारी के सामने नई चुनौती यह होगी कि उन्हें अपनी किट के सहारे अत्यंत ठंठे इलाके यानी बर्फीले इलाके में कम तापमान के साथ गुजरना होगा। चंडी को हाल ही में लंदन में 'यूनिफॉर्म्ड एंड सिविल सर्विस' कैटगरी में 'एशियन अचीवर्स अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया था।

**अभियान को लेकर कैप्टन हरप्रीत चंडी ने क्या कहा?**

चंडी कहती हैं, मेरा लक्ष्य अंटार्कटिका की अकेले और बिना मदद के यात्रा पूरा करना है। इसमें मुझे एक हजार मील से ज्यादा की यात्रा करनी होगी। माइनस 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान और 60 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा का सामना करना है। इस यात्रा करीब 75 दिन लगेंगे। उन्होंने आगे कहा, यह अभियान मुझे अंटार्कटिका महाद्वीप में अकेले और बिना मदद की यात्रा पूरी करने वाली पहली महिला बना देगा।

**तीन साल पहले किया था महाद्वीप पार करने का फैसला**

तीन साल पहले जब वह अंटार्कटिका के बारे में जान रही थी, तभी उन्होंने इस महाद्वीप को पार करने का फैसला कर लिया था। हालांकि तब उन्होंने 'अंटार्कटिका लॉजिस्टिक एंड एक्सपीडिशंस' (एएलई) के लिए अपना आवेदन नहीं दिया था। एएलई इस तरह के अभियानों के लिए अनुमति देता है।



## यमन के अस्पताल में तस्करी की दवाओं से 10 बच्चों की मौत

सना, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। यमन की राजधानी सना के एक सार्वजनिक अस्पताल में तस्करी की दवाएं लेने के बाद ल्यूकेमिया से पीड़ित दस बच्चों की मौत हो गई, हौथी-संचालित राज्य मीडिया ने हौथी-नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों के एक बयान का हवाला देते हुए बताया। हौथी द्वारा संचालित राज्य मीडिया ने शुक्रवार को सूचना दी, इस बीच तस्करी की दवाएं प्राप्त करने के बाद नौ अन्य बच्चे गंभीर स्थिति में हैं, गुरुवार शाम को जारी बयान में कहा गया है, एक जांच चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यमन के अस्पतालों में तस्करी की दवाएं आम हैं, जो वर्षों से दवाओं, उपकरणों और धन की कमी से जूझ रही हैं। गृहयुद्ध छिड़ने के बाद से यमन की आधे से अधिक चिकित्सा सुविधाएं ठप हो गई हैं। हौथी विद्रोहियों ने 2014 में उत्तरी यमन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया और सऊदी समर्थित यमनी सरकार को सना से बाहर निकाल दिया, जिससे अरब देश एक गृहयुद्ध में डूब गया जो आज भी जारी है। युद्ध ने हजारों लोगों को मार डाला है, 40 लाख लोगों को विस्थापित किया है और अरब देश को भुखमरी के कगार पर धकेल दिया है।

**सूर्यग्रहण मेला कुरुक्षेत्र बनाएगा इतिहास**

# 5 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे, सिक्योरिटी में तैनात होंगे 6500 पुलिसकर्मी-20 जोन में बंटा मेला परिसर

चंडीगढ़, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में 25 अक्टूबर को लगने वाला सूर्यग्रहण मेला हिस्ट्री लिखने जा रहा है। इस बार मेले में देशभर से 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए हरियाणा सरकार भी अलर्ट हो गई है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 6500 पुलिसकर्मियों को तैनात करने के निर्देश दिए जारी किए गए हैं। सुरक्षा में चूक न हो, इसके लिए पूरे मेला परिसर को 20 जोन में बांटा गया है। सीएम मनोहर ने सीएस संजीव कौशल को मेले में चाक चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।



**मेले के लिए दौड़ेंगी स्पेशल बसें**

कुरुक्षेत्र में सूर्यग्रहण मेले के लिए स्पेशल बसें चलाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को मेले तक पहुंचने में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मेले के सफलतापूर्ण आयोजन के लिए डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन, केडीबी और टूरिज्म डिपार्टमेंट को जिम्मेदारी दी गई है।

**अपडेट होगा पब्लिक एड्रेस सिस्टम**

ऑफिसर्स को निर्देश दिए गए हैं कि मेले में पब्लिक एड्रेस सिस्टम को अपडेट किया जाए। इससे कोई भी व्यक्ति मोबाइल ऐप के जरिए बड़ी आसानी से मेले से संबंधित सूचनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मेला ग्राउंड में एंबुलेंस की व्यवस्था, स्ट्रेचर्स, डॉक्टरों की टीमों को लगाने के लिए कहा गया है। अग्निशमन गाड़ियों की भी व्यवस्था होगी।

**ब्रह्मसरोवर में मौजूद रहेंगे गोताखोर**

ब्रहम्सरोवर पर नावों, गोताखोरों एवं तैराकों को लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। श्रद्धालुओं के रहने, पीने के पानी, शौचालय, पार्किंग, आदि सुविधाओं की भी उचित व्यवस्था की जाएगी। मेला क्षेत्र में बिजली और टेलिफोन की भी व्यवस्था की जाएगी।

**ट्रांसपोर्टेशन पर फोकस**

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ई-रिक्शा एवं मिनी बसें चलाई जाएंगी। पड़ोसी राज्यों के साथ भी परिवहन संबंधी समन्वय स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश सरकार की ओर से दिए गए हैं। मेला क्षेत्र को 20 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिसकी सुरक्षा के लिए लगभग 4500 पुलिसकर्मी और 2000 होमगार्ड तैनात किए जाएंगे।

**ड्रोन बनाएगा वीडियो**

मेला ग्राउंड में पुलिस कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। मेले एरिया की सुरक्षा के लिए ड्रोन की सहायता से वीडियोग्राफी भी की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेला क्षेत्र से मुख्य सडक़ तक एक डेडिकेटिड रूट बनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और पुलिस वाहनों की आवाजाही आसानी से हो सकेगी।

**ग्रुप इंश्योरेंस कराया जाएगा**

मेले के दौरान सभी श्रद्धालुओं का ग्रुप इंश्योरेंस करवाया जाएगा। पार्किंग के लिए 25 पार्किंग स्थलों को चिह्नित किया गया है। बैठक में बताया गया कि मेले के दौरान यदि कोई बच्चा या व्यक्ति गुम हो जाता है तो उनके लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। मेला क्षेत्र में जगह-जगह पर रिसेप्शन सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे।

# दुनिया के सबसे बड़े ज्वालामुखी माउना लोआ में हलचल बढ़ी

## 5.1 तीव्रता के भूकंप से 24 सेकंड पहले 4.6 तीव्रता का भूकंप आया

होनोलूलू, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के हवाई में दुनिया के सबसे बड़े और एक्टिव ज्वालामुखी मौना लोआ में 5.0 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब ये ज्वालामुखी बहुत ज्यादा अशांत हो गया है।

**1984 में फटा था माउना लोआ**



माउना लोआ में होने वाली हलचल ने वैज्ञानिकों की टेंशन बढ़ा दी है। 2021 से अब तक आए भूकंप से ज्वालामुखी बहुत ज्यादा अशांत हो गया है।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, ज्वालामुखी में एक के बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए। सबसे पहले 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसके 24 सेकेंड बाद जबरदस्त 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हवाई की वोल्केनो ऑब्जर्वेटरी के बयान के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पहाला शहर के दक्षिण में था।

**फिलहाल सुनामी का खतरा नहीं**

हवाई काउंटी मेयर मिच रोथ ने कहा-अभी किसी बड़े नुकसान या किसी के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, पहाला में कुछ इमारतों को मामूली नुकसान हुआ है। पेसेफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने बताया कि अभी हवाई में सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

**लोगों से सुरक्षित जगहों पर जाने की अपील**


मौना लोआ में अभी ज्वालामुखी फटा नहीं है, लेकिन वैज्ञानिक ज्वालामुखी पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने लोगों की सेफ्टी को देखते हुए उन्हें सुरक्षित जगहों पर जाने की अपील की है। वहां बसे कुछ लोगों ने भागने की भी तैयारी कर ली है। अगर माउना लोआ में पूर्ण विस्फोट होता है तो इसका लावा मात्र कुछ ही घंटे में स्थानीय बस्तियों तक पहुंच सकता है।

**पिछले साल धधकना शुरू हुआ था माउना लोआ**

हवाई की वोल्कानो आब्जरवेटरी के मुताबिक, मार्च 2021 में माउना लोआ में 200 भूकंप दर्ज किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इन भूकंप की तीव्रता 2.5 से कम दर्ज की गई थी। ज्यादातर भूकंप शिखर के करीब 6 किमी नीचे आए थे।

# इंसानों की तरह बातें करने वाला रोबोट पहुंचा म्यूजियम, लोगों से पूछता है हाल-चाल

दुबई, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। साइंस और टेक्नोलॉजी के इस दौर में चीजें तेजी से बदल रही है. कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों से काम छीन रहा है. इसका सबसे ताज़ा उधारण है ये रोबोट.



वैसे तो आपने रोबोट बहुत सारे देखें होंगे, लेकिन आज हम जिस रोबोट की बात करने जा रहे हैं वो बेहद खास है. दरअसल ये रोबोट सिर्फ चल फिर नहीं सकता बल्कि वो इंसानों की तरह बातें भी करता है. लिहाज़ा इस बेहद स्पेशल रोबोट को एक स्टाफ के तौर पर दुबई के एक म्यूजियम में रखा गया है।

इस रोबोट का नाम है अमेका. इसे कॉर्नवाल स्थित फर्म इंजीनियर आट्र्स द्वारा बनाया गया है. दुबई के म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है. इस वीडियो में देखा जा सकता है कि वो म्यूजियम में आने वाले गेस्ट का अभिवादन कर रहा है और वो उससे बातें कर रहा है। कंपनी के अनुसार अमेका सवालों के जवाब दे सकता है और लोगों को निर्देश दे सकता है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ये इस तरह के काम करने में सक्षम है.

इतना ही नहीं इसमें अलग-अलग चेहरे के भाव बनाने की क्षमता भी है, जैसे कि भौंकना, मुस्कुराना, पलक झपकना और अपने होठों को साफ करना. इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में रोबोट एक महिला के साथ बातचीत कर रहा है, जो संभवतः संग्रहालय की कर्मचारी है. बॉट ने उसे आश्वासन दिया कि वह मदद करने के लिए है न कि बदलने के लिए।

**बेहद खास है डिज़ाइन**

अमेका को संग्रहालय में 'टुमॉरो टुडे' प्रदर्शनी के बाहर रखा जाएगा. ये आयोजन लगभग 50 तकनीकी इनोवेशन को प्रदर्शित करता है जो "विश्व चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं." कहा जाता है कि अमेका को विशेष रूप से भविष्य की रोबोटिक्स प्रौद्योगिकियों में विकास के लिए एक मंच के रूप में डिजाइन किया गया है।

# खोज निकाले लोहे की बारिश वाले दो बाहरी ग्रह

**खास बातें**

- > दो बाह्यग्रहों की वायुमंडल में बरियम की उपस्थिति पाई गई है।
- > दोनों ही बाह्यग्रह बहुत गर्म और आकार में गुरु ग्रह की तुलना के हैं।
- > वायुमंडल की ऊपरी परत में इस तरह के भारी तत्वों की उपस्थिति हैरान कर रही है।

## वैज्ञानिकों को मिली बड़ी सफलता

पुर्तगाल, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुदूर बाह्यग्रहों के अध्ययन में वायुमंडल की संरचना का बहुत महत्व है. जीवन के संकेतों की तलाश में खगोलविदों को जिस भी तरह के ग्रह से ज्यादा आशाएं होती हैं, वे सबसे पहले उसके वायुमंडल के बारे में जानना चाहते हैं जिससे वे संबंधित ग्रह की आगे की संभावनाएं जान सकें.

नए अध्ययन में खगोलविदों ने यूरोपीय साउदर्न ऑब्जर्वेटरी के वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए किसी बाह्यग्रह में अब का खोजा गया सबसे भारी तत्व खोजा है. उन्होंने बेरियम नाम का यह तत्व दो बाह्यग्रहों के वायुमडंल में खोजा है. संयोग से हुई इस खोज ने वैज्ञानिकों को काफी हैरत में डाला है।

**दो ग्रहों के वायुमंडल की उच्च परत**



शोधकर्ताओं को WASP-76 b और WASP-121 b नाम के दो विशाल गैसीय बाह्यग्रहों के वायुमडंलों की ऊपरी परत में मिला है जो की और भी हैरत की बात मानी जा रही है क्योंकि सामन्यतया भारी तत्व गुरुत्व के प्रभाव से नीचे की ओर पाए जाने की संभावना ज्यादा होती है.

इससे खगोलविदों और वैज्ञानिकों ने इन ग्रहों के वायुमंडलों को लेकर कौतूहल बढ़ गया है।

**दोनों ही गर्म गुरु ग्रह**

पुर्तगाल के इन्स्टीट्यूटो डि एस्ट्रोफिसिका ए सिनेसियास डू एस्कोऔर यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्टो के पीएचडी छात्र थामस एजेवेदो सिल्वा को भी इसी बात पर हैरानी है कि यह वायुमडंल के उच्च परतों इन ग्रहों में ऐसे भारी तत्व कैसे और क्यों हैं. ये दोनों ग्रह साधारण बाह्यग्रह नहीं हैं. दोनों को ही अति गर्म गुरु ग्रह हैं क्योंकि उनका आकार गुरु ग्रह की तुलना का है. इन ग्रहों की सतह का तापमान 1000 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है।

**तारे के पास होने की विशेषताएं**

इन ग्रहों के गर्म होने की वजह उनका अपने तारों के बहुत पास होना है. इसका मतलब है कि दोनों अपने अपने तारों का चक्कर एक से दो ही दिन में लगा लेते हैं. इससे इन ग्रहों में कुछ खास तरह की विशेषताएं देखने को मिलती है. इनमें से एक यही है कि खगोलविद इन ग्रहों पर लोहे की वर्षा के पाए जाने की उम्मीद कर रहे हैं।

**लोहे से भी ज्यादा भारी होता है बेरियम**

फिर भी इन सब के बाद भी WASP-76 b और WASP-121 b, दोनों के वायुमंडल की ऊपरी परतों में बेरियम का पाया जाना हैरानी की बात है जो कि लोहे से 2.5 गुना ज्यादा भारी होता है.

शोधकर्ताओं का कहना है कि ग्रहों के उच्च गुरुत्व के चलते वे बेरियम जैसे भारी तत्व इन ग्रहों की सतह पर नहीं तो कम से कम वायुमंडल की निचली परतों तक जरूर गिर जाने चाहिए।

**दोबारा करनी पड़ी जांच**

एजेवेडो सिल्वा का कहना है कि यह एक तरह की 'दुर्घटनावश' होने वाली खोज है. वे बेरियम की खोज नहीं कर रहे थे ना ही उसकी किसी तरह की उम्मीद कर रहे थे. और जब उन्हें बेरियम की उपस्थिति का पता चला तो उन्हें एक बार फिर से अपने निषकर्षों की जांच करनी पड़ी क्योंकि इससे पहले इसे किसी भी बाह्यग्रह के वायुमंडल में नहीं पाया गया था।

# पूरा किया जीवनसाथी को चांद पर ले जाने का वादा!

न्यूयार्क, 15 अक्टूबर (एजेसियां) लगभग हर प्रेमी या पति अपने पार्टनर को ये वादा जरूरत करता है कि वो उसके लिए चांद-तारे तोड़कर ला सकता है. तोड़कर लाना अगर मुश्किल हो तो चांद पर ले जाने के वादे भी कभी-कभी कर दिए जाते हैं. हालांकि, ये वादे पूरे नहीं हो पाते, मगर अब एक शख्स ने इसे पूरा कर दिया है क्योंकि उसने अपनी पत्नी के साथ चांद पर जाने के दो टिकट बुक कर लिए हैं।

डेनिस टीटो एक अमेरिकी बिजनेसमैन हैं. वो दुनिया के पहले स्पेस टूरिस्ट भी हैं। साल 2001 में वो पहले ऐसे व्यक्ति बने थे जिन्होंने अपने पैसे खर्च कर अंतरिक्ष में घूमने जाने का रिकॉर्ड बनाया था. डेनिस अब फिर सुर्खियों में हैं क्योंकि वो अब अपनी पत्नी के साथ अंतरिक्ष में जाने की तैयारी कर रहे हैं. एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स एक मिशन की तैयारी में है जिसके तहत वो स्पेस टूरिज्म को बढ़ावा देगी. इसी मिशन का हिस्सा बनने के लिए डेनिस ने टिकट बुक कर लिया है।

**टीटो हैं पहले स्पेस टूरिस्ट**

स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप रॉकेट का प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है जिससे 82 वर्षीय डेनिस चांद तक जाएंगे. आपको बता दें कि साल 2001 में वो रूसी स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में गए थे. उस दौरान नासा की तरह से इस बात की खूब आलोचना और विरोध हुआ था. उस दौरान रूसी स्पेस एजेंसी को रुपयों की जरूरत थी तब उन्होंने 160 करोड़ रुपये दिए थे जिसके बाद वो अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की सैर करने गए थे. टीटो खुद एरोनॉटिक्स और एस्ट्रोनॉटिक्स इंजीनियरिंग की ट्रेनिंग ले चुके हैं और 1960 के दशक में वो नासा के जेट प्रोपल्शन लैब में भी काम करते थे. उसके बाद उन्होंने अपनी इन्वेस्टेमेंट मैनेजमेंट फर्म की शुरुआत की थी।

**अभी तक तय नहीं हुई है डेट**

अभी तक स्पेसएक्स की ओर से इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि इस अभियान की शुरुआत कब होगी या फिर इस यात्रा के लिए कितने रुपये खर्च किए जाएंगे. उनके साथ कुछ अन्य लोग भी इस यात्रा पर जाएंगे. टीटो ने स्पेसएक्स के साथ अगस्त 2021 में एक डील साइन की थी जिसके तहत उनके पास अगले 5 सालों में कभी भी यात्रा करने का विकल्प है. उन्होंने कहा कि उन्हें अंतरिक्ष यात्राओं के लिए पैसे देना जरा भी नहीं खलता है।


# ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2022 : कंगाल पाक व श्रीलंका भी पेट भरने में हमसे आगे

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में भारत की स्थिति और भी खराब हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत छह पायदान नीचे खिसक कर अब 121 देशों में 107वें स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण एशियाई देशों की बात करें तो भारत की स्थिति युद्धग्रस्त देश अफगानिस्तान से कुछ बेहतर है। अफगानिस्तान इस सूची में 109वें स्थान पर है। 29.1 स्कोर के साथ ग्लोबल हंगर इंडेक्स के प्रकाशकों ने भारत में 'भूख' की स्थिति को गंभीर बताया है। वहीं अगर पड़ोसी देशों की बात करें तो पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार की स्थिति हमसे बेहतर है। 121 देशों की सूची में पाकिस्तान 99वें, श्रीलंका 64वें, बांग्लादेश 84वें, नेपाल 81वें व म्यांमार 71वें स्थान पर है।

**इन देशों में भारत से भी खराब स्थिति**

ग्लोबल हंगर इंडेक्स के आंकड़ों को देखें तो जाम्बिया, अफगानिस्तान, तिमोर-लेस्ते, गिनी-बिसाऊ, सिएरा लियोन, लेसोथो, लाइबेरिया, नाइजर, हैती, चाड, डेम कांगो, मेडागास्कर, मध्य अफ्रीकी गणराज्य और यमन की स्थिति भारत से भी खराब है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिनी, मोजाम्बिक, युगांडा, जिम्बाब्वे, बुरुंडी, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सीरिया सहित 15 देशों के लिए रैंक का निर्धारण नहीं किया जा सकता है। वैश्विक भूख सूचकांक के आंकड़े सामने आने के बाद विपक्ष सरकार पर हावी हो गया है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि मोदी सरकार के आठ साल में 2014 के बाद से भारत का स्कोर खराब हुआ है।

## भारत 107वें नंबर पर पहुंचा



ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022

पड़ोसियों से पिछड़ा भारत

| देश | रैंकिंग |
|---|---|
| श्रीलंका | 64 |
| म्यांमार | 71 |
| नेपाल | 81 |
| बांग्लादेश | 84 |
| पाकिस्तान | 99 |
| भारत | 107 |
| अफगानिस्तान | 109 |

चिदंबरम ने एक ट्वीट में कहा, हिंदुत्व, हिंदी थोपना और नफरत फैलाना भूख की दवा नहीं है। इसके अलावा कार्ति चिदंबरम ने ट्वीट किया, भाजपा सरकार इन आंकड़ों को खारिज कर देगी और स्टडी करने वाले संगठन पर छापा मारेगी।

**सिसोदिया ने कसा तंज**

इन आंकड़ों के सामने आने के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, भाजपा भारत को पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के बारे में भाषण देती है, लेकिन 106 देश दिन में दो समय का भोजन उपलब्ध कराने में हमसे बेहतर हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा दिए बिना नंबर-1 नहीं बन सकता।

# आरएसएस पर फिल्म को लेकर मुंबई में रेस

## *विजयेंद्र प्रसाद की फिल्म से पहले शुरू हुई ये फिल्म*

मुंबई, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। साल 1925 में नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना करने वाले डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जीवनवृत्त (बायोपिक) परदे पर उतारने के लिए हिंदी सिनेमा में प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी फिल्मों के लेखक व राज्यसभा सदस्य के वी विजयेंद्र प्रसाद ने हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर फिल्म और वेब सीरीज बनाने का ऐलान किया है और उनकी इस कोशिशों के बारे में विस्तार से जानकारी सामने आने से पहले ही मुंबई न सिर्फ हेडगेवार पर फिल्म शुरू हो चुकी है बल्कि उसके गानों की रिकॉर्डिंग ने भी रफ्तार पकड़ ली है। किसी एक विषय पर एक ही समय में एक से अधिक फिल्में बनाने के मुंबई में पहले भी कई मामले हो चुके हैं।





हाल ही में विजयवाड़ा में संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रहे राम माधव की पुस्तक के विमोचन के दौरान के वी विजयेंद्र प्रसाद ने आरएसएस पर फिल्म और बेव सीरीज लिखने की घोषणा की थी। जानकारी के मुताबिक यह फिल्म आरएसएस के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के अलावा एम एस गोलवलकर, विनायक दामोदर सावरकर, के सुदर्शन और मोहन भागवत के भी कार्यों का लेखाजोखा दुनिया के सामने पेश करेगी। इस फिल्म के लिए तेलुगु, तमिल और हिंदी सिनेमा के अभिनेताओं से संपर्क भी किए जाने की चर्चा है। इससे पहले विजयेंद्र प्रसाद बीते लोकसभा चुनाव से पहले शिवाजी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के हिंदुत्व प्रसार पर भी फिल्म बनाने की योजना बना चुके हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रस्तावित इस फिल्म या वेब सीरीज की शूटिंग कब से शुरू होगी, इसके बारे में तो कोई सार्वजनिक जानकारी अभी मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के जरिये सामने नहीं आई है। लेकिन मुंबई में ही एक दूसरे निर्माता ने आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार की बायोपिक पर काम शुरू कर दिया है। दो दिन पहले इस बायोपिक की शुरुआत अनूप जलोटा के गाए एक गीत की रिकॉर्डिंग के साथ हुई है और जानकारी के मुताबिक ये फिल्म मराठी के अलावा हिंदी और अंग्रेजी में भी रिलीज की जाएगी। फिल्म बनाने वालों के मुताबिक मकरंद सावंत की लिखी हेडगेवार की ये बायोपिक 'डॉक्टरजी' को एक श्रद्धांजलि है और इस फिल्म में आजादी से पहले की उन घटनाओं को दिखाया जाएगा जिनके चलते दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बुनियाद पड़ी। संघ की स्थापना केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन नागपुर में की थी। इस फिल्म निर्माता जयानंद शेट्टी के मुताबिक, 'डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एक दूरदर्शी थे। वह क्रांति के प्रतीक हैं और हमेशा रहेंगे। हमारी फिल्म उनकी यात्रा, उनके संघर्ष और उनके आंदोलनों के प्रति एक श्रद्धांजलि है।'

वही फिल्म के निर्देशक सनी मंडावरा कहते हैं, 'ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार हमेशा सबसे आगे रहे। किसी ने भी उन पर कभी फिल्म नहीं बनाई है, यह समय है जब कि हम लोगों को उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करें।' फिल्म में हेडगेवार और संघ के उनके सहयोगियों की भूमिका निभाने वाले कलाकारों का चयन जारी है और जानकारी के मुताबिक जल्द ही इनके नामों की घोषणा की जाएगी। एक ही विषय पर एक जैसी फिल्में बनाने के मामले इससे पहले 'इंकलाब' और 'आज का एमएलए रामअवतार', 'तूफान' और 'जादूगर', 'दंगल' और 'सुल्तान' जैसी कई फिल्मों में सामने आ चुके हैं।

# नकल के लिए स्टूडेंट ने पेन पर ही बना दिए नोट्स पकड़ में तो आ गया मगर प्रोफेसर को भी हिला डाला

स्पेन, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। आपने अक्सर देखा होगा कि एग्जाम के समय कुछ स्टूडेंट नकल के लिए नए-नए तरीके अपनाते हैं. कई तो इसमें सफल भी हो जाते हैं. लेकिन कुछ पकड़ में आ जाते हैं. उनके नकल के तरीके को देख प्रोफेसर तक हिल जाते हैं. सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक खबर जमकर सुर्खियां बटोर रही है. मामला स्पेन का है, जहां एक लॉ स्टूडेंट ने नकल करने के लिए बहुत की नायाब तरीका निकाला था. लेकिन वो प्रोफेसर द्वारा पकड़ा गया. दरअसल, स्टूडेंट ने कई पेन पर छोटे-छोट नोट लिखे थे. उसने ये नोट कोड वर्ड में लिखे थे.

लॉ स्टूडेंट की यह खबर स्पेन की है, जहां उसे नकल करते हुए प्रोफेसर ने पकड़ लिया. इतना ही नहीं प्रोफेसर ने स्टूडेंट्स द्वारा यूज किए जा रहे कई पेन की तस्वीरें भी अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की हैं. पहली नजर में जब आप पेन देखेंगे तो आपको वो बहुत ही सामान्य से नजर आएंगे. लेकिन जब नजर गड़ाएंगे तो पाएंगे कि सभी पेन पर छोटे-छोटे नोट्स लिखे हुए हैं. छात्र ने तरीका तो बहुत नायाब निकाला लेकिन टीचर ने उसे पकड़ लिया.



# कांग्रेस अध्यक्ष बनते ही राजस्थान में बढ़ेगी सियासी हलचल

## गहलोत ने क्यों तोड़ा खड़गे के लिए प्रोटोकॉल, थरूर किसके लिए जरूरी

जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। 19 अक्टूबर को कांग्रेस को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इसके साथ कांग्रेस का नया अध्याय तो शुरू होगा ही, राजस्थान कांग्रेस में भी हलचल बढ़ने लगेगी। पिछले महीने हुई इस्तीफा पॉलिटिक्स के बाद कांग्रेस में बड़ी उठापटक की संभावनाएं जताई जा रही थी। मगर कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को देखते हुए उसे होल्ड किया गया। अब अध्यक्ष चुनाव के बाद राजस्थान कांग्रेस पर इसका असर देखने को मिल सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष बदलने के बाद इसका सीधा असर गहलोत पर देखने को मिल सकता है। माना जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे की दावेदारी अध्यक्ष के लिए मजबूत है। अगर ऐसा ही होता है तो यह अशोक गहलोत के लिए प्लस पॉइंट होगा।

इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि एक दिन पहले गहलोत प्रोटोकॉल तोड़कर खड़गे के समर्थन में वोट करने की अपील कर चुके हैं। इसके अलावा गहलोत और खड़गे के संबंध काफी पुराने हैं। दोनों एक साथ केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।

वहीं, 25 सितम्बर को हुई प्रेशर पॉलिटिक्स की आलाकमान को रिपोर्ट देने के दौरान भी खड़गे का गहलोत का क्लीन चिट दिलवाने में बड़ा रोल सामने आया था। ऐसे में यह माना जा रहा है कि अगर खड़गे अध्यक्ष बनते हैं तो यह गहलोत के लिए प्लस पॉइंट हो सकता है।

वहीं, राजनीतिक जानकारों का मानना है कि शशि थरूर अगर अध्यक्ष बनते हैं तो प्लस-माइनस जैसी स्थितियां नहीं होंगी। वो कांग्रेस संगठन और उसकी परिपाटी में अलग तरह का बदलाव ला सकते हैं।

अध्यक्ष के चुनाव का असर पायलट पर भी पड़ेगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि खड़गे के अध्यक्ष बनने की सूरत में पायलट को कोई सीधा फायदा तो होता नहीं दिख रहा है। क्योंकि नए अध्यक्ष की




प्रायोरिटी 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को ताकत देने के लिए 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को रिपीट करने की होगी।

ऐसे में पायलट को अपने साथ रखने के पूरे प्रयास होंगे। पूर्वी राजस्थान की 39 में से 28 सीटें फिलहाल कांग्रेस के पास हैं। यहां का गुर्जर-मीणा बेल्ट कांग्रेस के पास होने का बड़ा कारण सचिन पायलट हैं। इस बैल्ट में अच्छी सीट लाए बिना कांग्रेस का सरकार रिपीट करना मुश्किल है।

थरूर जिस माइंडसेट और नई तरह की वर्किंग को तवज्जो देते हैं, ऐसे में इसका फायदा पायलट को मिल सकता है। हालांकि, राजस्थान में सीटों की स्थिति और विधायकों का समर्थन हमेशा बड़ा फैक्टर रहेगा।

कांग्रेस के चुनाव के बाद जो बड़ा बदलाव तय माना जा रहा है वो संगठन में फेरबदल है। राजनीति के तमाम जानकार और कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि अध्यक्ष के चुनाव के बाद राजस्थान में भी बड़ा बदलाव होगा। जाट चेहरे को ही प्रदेशाध्यक्ष बनाए रखने की मजबूरी नहीं होती है तो गोविंद सिंह डोटासरा का प्रदेशाध्यक्ष बने रहना मुश्किल है।

इसकी संभावना है कि पायलट या उन्हीं के खेमे के व्यक्ति को पीसीसी चीफ बनाया जाए। इसी तरह का बदलाव जिला स्तरों पर भी देखने को मिलेगा। चाहें खड़गे बनें या थरूर संगठन में बदलाव होना तय है। संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव राजस्थान में एक बार फिर सियासी पारा चढ़ा सकता है।

**जोशी-धारीवाल पर भी होगा निर्णय**

राजस्थान में अध्यक्ष बनने के बाद सबसे बड़ा निर्णय जो देखने को मिलेगा। वो अनुशासनहीनता के दोषी पाए गए तीन नेताओं को लेकर हो सकता है। इसे लेकर मंत्री महेश जोशी, शांति धारीवाल और आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ को नोटिस दिए जा चुके हैं। तीनों ने अपने जवाब भी दे दिए हैं।

नए अध्यक्ष के पास कितनी ताकत, उस पर निर्भर होगी चीजें राजनीतिक जानकारों का कहना है कि नया कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस पर उसका क्या असर पड़ेगा यह उसे मिलने वाली ताकत पर निर्भर करेगा। लोगों का मानना है कि अगर नए अध्यक्ष के निर्णयों में गांधी परिवार का ज्यादा दखल नहीं होता है तो कांग्रेस में वर्किंग अलग तरह से देखने को मिल सकती है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए पार्टी का प्रोटोकॉल तोड़ा है। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की गाइडलाइन के मुताबिक वह किसी भी प्रत्याशी का खुलकर समर्थन नहीं कर सकते हैं, इसके बावजूद गहलोत ने खड़गे के लिए वोट मांगे।

# जेपी नड्डा का कोटा दौरा स्थगित

## 20 और 21 अक्टूबर को आना था कोटा



कोटा, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का दो दिवसीय राजस्थान दौरा स्थगित हो गया है। जेपी नड्डा का 20 और 21 अक्टूबर को प्रस्तावित कोटा संभाग प्रवास का कार्यक्रम था। नड्डा कोटा संभाग में हो रहे बीजेपी के बूथ सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे थे। इस संबंध में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, कोटा में संभाग स्तरीय बैठक लेने पहुंचे थे, लेकिन इसी बीच जेपी नड्डा के कोटा संभाग प्रवास के स्थगित होने की सूचना आ गई।

**नड्डा 20 और 21 अक्टूबर को कोटा के दो दिवसीय दौरे पर आने वाले थे**

उल्लेखनीय है कि जेपी नड्डा दिवाली से पहले राजस्थान दौरे पर आने वाले थे। प्रदेश पार्टी स्तर पर भी सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर कोटा में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर लगातार पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, लेकिन इसी बीच केंद्रीय नेतृत्व से उनका कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना आ गई। नड्डा 20 और 21 अक्टूबर को कोटा के दो दिवसीय दौरे पर आने वाले थे।

**हिमाचल चुनाव प्रमुख वजह**

चर्चा है कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की वजह से जेपी नड्डा का शेड्यूल बिजी है। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। इसलिए जेपी नड्डा राजस्थान के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि अब नए सिरे से जेपी नड्डा का कार्यक्रम बनाया जाएगा। बता दें हिमाचल प्रदेश जेपी नड्डा का गृह राज्य है।

# मंत्री के बेटे को रेप केस में राहत

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 11 जनवरी तक टाली सुनवाई, अग्रिम जमानत बरकरार

जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने राजस्थान के मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी को रेप मामले में मिली अग्रिम जमानत याचिका को बरकरार रखा है। अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त करने की मांग पर सुनवाई टाल दी है। इस मामले मे अगली सुनवाई 11 जनवरी 2023 को होगी। अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली इस याचिका पर जोशी की ओर जवाब पेश कर दोहराया कि आरोप सही नहीं हैं।

हाईकोर्ट की ओर से 21 जुलाई को रोहित जोशी को नोटिस जारी किया था। रेप पीड़िता ने रोहित जोशी को मिली अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त करने की मांग कर याचिका दायर की। 8 जून को तीस हजारी कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने रोहित जोशी को अग्रिम जमानत दी थी। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके भाई और पिता पर 10 जुलाई को जयपुर में हमला किया गया। इस हमले को लेकर युवती ने 13 जुलाई को



मंत्री महेश जोशी — उनके बेटे रोहित जोशी

जयपुर के रामगंज पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में जांच अभी अहम मोड़ पर है, ऐसे में आरोपित को अग्रिम जमानत पर छोड़ना ठीक नहीं है।

**दिल्ली पुलिस ने भी दायर की थी याचिका**

पीड़िता के जमानत रद्द की याचिका से पहले दिल्ली पुलिस ने भी रोहित की जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी। जिस पर कोर्ट ने दखल करने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि रेप पीड़िता के मुताबिक रोहित के मंत्री पुत्र होने की वजह से उसे राजस्थान पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। उसने मई महीने में दिल्ली में आकर एफआईआर दर्ज कराई थी। युवती की आरे से दिल्ली में दर्ज एफआईआर में रोहित पर शादी का झांसा देकर जनवरी 2021 से अप्रैल 2022 तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि जब वो रोहित की हरकतों का विरोध करती थी तो वो उसके साथ मारपीट करता था। मंत्री पुत्र रोहित जोशी पर सवाई माधोपुर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और जयपुर में अलग-अलग जगहों पर शारीरिक शोषण के आरोप लगाए हैं। युवती ने रोहित जोशी पर अपने पिता की धौंस दिखाकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया।

राजस्थान सरकार में जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी के बेटे रोहित के खिलाफ जयपुर की 23 साल की युवती ने दिल्ली में रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि रोहित जोशी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर कई बार रेप किया। मांग में सिंदूर भरकर शादी का झांसा दिया। बोला कि वो उसकी पत्नी बन चुकी है। जल्दी शादी कर लेगा। इसके बाद दोनों हनीमून पर चले गए। पीड़िता प्रेग्नेंट हुई तो अबॉर्शन करा दिया। आखिर परेशान होकर पीड़िता ने नॉर्थ दिल्ली के सदर थाने में मामला दर्ज करवाया।

# आरएएस के बाद अब आईएएस की बारी

## आईएएस अफसरों की तबादला सूची पर मंथन जारी, कई जिलों के बदलेंगे कलेक्टर

जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य सरकार ने हाल ही 201 आरएएस अफसरों के तबादले कर तहसील स्तर से राजधानी तक की ब्यूरोक्रेसी को मथ दिया है, अब जल्द ही एक तबादला सूची आईएएस अफसरों की जारी होने वाली है। कार्मिक विभाग में चल रही तैयारियों को देखते हुए लगता है कि एक बार फिर तबादले की चक्की घूमने वाली है जिसके बाद कुछ जिलों के कलेक्टरों सहित विभागों के सचिव, प्रमुख सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तरीय आला अफसर इधर उधर होंगे। सचिवालय में हाल ही जो राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बना था, वो भी अब शांत हो चुका है। अब चुनावी वर्ष की तैयारी के लिए प्रशासनिक मशीनरी को तैयार किए जाने की हलचल है।

सरकार में इस बात पर एक मत है कि अगर आचार संहिता के हिसाब से देखा जाए तो चुनाव के लिए महज 11 महीने ही शेष है। ऐसे में सभी जिलों व विभागों के लिए ब्यूरोक्रेसी की एक फाइनल टीम



बननी चाहिए। इस पर मंथन चल रहा है। संभवतः इसी महीने यह सूची जारी हो जाए।

सूत्रों के अनुसार लंबे अर्से से एक ही पद पर कार्य कर रहे प्रवीण गुप्ता, हेमंत गेरा, कृष्ण कुणाल जैसे वरिष्ठ आईएएस अफसरों सहित कुछ अन्य आला अफसरों का भी तबादला होना है।

**प्रमोटी आईएएस भी हैं शामिल**

हाल ही राजस्थान काडर से 4 आरएएस अफसरों मुकुल शर्मा, पुखराज सेन, श्रुति भारद्वाज, अरुण कुमार पुरोहित को भी आईएएस काडर की तुलनात्मक रूप से बेहतर मानी जानी वाली पोस्टिंग मिलेगी। इनके अतिरिक्त कुछ सीनियर प्रमोटी आईएएस और हैं, जो अभी तक कलेक्टर के पदों पर नहीं लगे हैं। ऐसे में उन्हें भी कुछ जिलों में कलेक्टर बनने का अवसर मिल सकता है।

**इन जिलों में बदल सकते हैं कलेक्टर**

जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर में क्रमश

प्रकाश राजपुरोहित, हिमांशु गुप्ता, ताराचंद मीणा, नथमल डिडेल, भगवती प्रसाद कलाल और टीना डाबी कलक्टर हैं। टॉप ब्यूरोक्रेसी में यूं तो तबादले का कोई नियम काम नहीं करता है, क्योंकि सरकार ने तीन-चार महीने में भी कलक्टर बदले हैं और कई बार तीन साल तक भी नहीं बदले। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि जोधपुर में साम्प्रदायिक तनाव के बाद हुई प्रशासनिक किरकिरी की कीमत सरकार ने चुकाई है। ऐसे में वहां कलेक्टर बदला जाना तय ही है। इधर टोंक व हनुमानगढ़ में कलेक्टर को करीब डेढ़ वर्ष हो गया। इस सरकार के कार्यकाल में आम तौर पर ज्यादातर कलेक्टरों को एक वर्ष से अधिक नहीं रखा गया है। उदयपुर जैसे संभागीय शहर में संभवतः अब सरकार प्रमोटी आईएएस को कलेक्टर नहीं रखना चाहती। कुछ अन्य जगहों पर स्थानीय मंत्रियों के अनुसार अफसरों को एडजस्ट किया जाएगा।

# सचिन पायलट का जेपी नड्डा के हिमाचल में चल पाएगा जादू?

## प्रियंका गांधी के साथ स्टार प्रचारक होंगे पायलट



जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में अग्निपरीक्षा होगी। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही हिमाचल प्रदेश में पर्यवेक्षक नियुक्त सचिन पायलट की भूमिका अहम हो गई है। पायलट के सामने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह राज्य को जीतना बड़ी चुनौती है। पायलट को कुशल नेतृत्व करना है ताकि उनका मुख्यमंत्री पद का दावा मजबूत हो सके। बता दें करीब तीन महीने पहले कांग्रेस आलाकमान ने सीएम भूपेश बघेल, प्रताप सिंह बाजवा के साथ-साथ सचिन पायलट को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पायलट हिमाचल चुनाव में सचिन पायलट की रणनीति और परफॉर्मेंस पर सबकी निगाह रहेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बहिष्कार के बाद सीएम गहलोत की विश्वनीयता संकट में है। हालांकि, सियासी घटनाक्रम पर सीएम गहलोत ने सोनिया गांधी से माफी मांग ली है, लेकिन सवाल विश्वनीयता का है। ऐसे में सचिन पायलट के लिए हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव अहम माने जा रहे हैं। कांग्रेस चुनाव जीत जाती है तो पायलट दमदार तरीके से कांग्रेस आलाकमान के समक्ष दावा पेश कर सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश का सियासी समीकरण भी पायलट के पक्ष में बताया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के गुर्जर वोटरों में पायलट सेंध लगा सकते हैं। हिमाचल के गुर्जर मोदी सरकार से इसलिए नाराज है। क्योंकि मोदी सरकार ने एसटी में अन्य जातियों को भी शामिल कर लिया। गुर्जर वोटर्स इससे नाराज है। सचिन पायलट गुर्जर वोटर्स की नाराजगी को कांग्रेस के पक्ष में भुना सकते हैं।

# जयपुर की पॉश कॉलोनी में घुसा लेपर्ड

## वॉक पर निकले युवक ने देखा, दहशत से घरों में कैद रहे लोग

जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर में शुक्रवार देर रात रिहायशी कॉलोनी में लेपर्ड घुस गया। वह काफी देर तक कॉलोनी में इधर-उधर घूमता रहा। डिनर के बाद वॉक पर निकले एक युवक ने देखा तो दहशत के मारे लोग घरों में कैद हो गए। लेपर्ड का सारा मूवमेंट सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया। हैरानी की बात है कि कॉलोनी के लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी फिर भी कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

पामकोर्ट कॉलोनी में रहने वाले एकलव्य ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद वह टहलने के लिए घर से बाहर निकले थे। तभी सड़क की दूसरी ओर से लेपर्ड उनकी और आता नजर आया। इस पर वह भाग कर अपने घर में आ गए। सभी को लेपर्ड के आने की जानकारी दी। पड़ोसियों को भी बताया। पूरी कॉलोनी में दहशत फैल गई। डर के मारे सभी लोगों ने खुद को घरों में ही बंद लिया।

कॉलोनी के ही राम मीणा ने बताया कि इससे पहले भी यहां लेपर्ड का



मूवमेंट देखा गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने तब से अब तक लोगों की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया। वहीं, बीती रात एक बार फिर यहां रहने वाले सैकड़ों लोगों की जान खतरे में पड़ गई। वन विभाग अब भी इस पूरे मामले पर खानापूर्ति कर रहा है। विभाग को झालाना वन क्षेत्र की फेंसिंग को मजबूत करना चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो।

इधर, जगतपुरा के रहने वाले विजय अग्रवाल ने बताया 'बीती रात लेपर्ड के आने के बाद हमने वन विभाग को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने हमें अपने घरों में रहने की हिदायत दी। कहा गया कि हम अपने डॉग्स को भी अंदर रखें। इसकी वजह से लोगों ने पूरी रात खौफ के साए में बिताई। अब तक लेपर्ड को पड़कने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।'

इस पूरे मामले पर डिसट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर कपिल चंद्रावल और रेंजर जनेश्वर चौधरी से बात कर वन विभाग का पक्ष जानने की कोशिश की, लेकिन दोनों ही अफसरों ने फोन नहीं उठाया।

वन्य जीव प्रेमी चमन सिंह ने बताया कि पाम कोर्ट कॉलोनी झालाना लेपर्ड रिजर्व के नजदीक है। ऐसे में कई बार खाने की तलाश में लेपर्ड वन क्षेत्र से शहरी इलाके में पहुंच जाते हैं। वे कुत्ते और मवेशियों को अपना शिकार बनाने की कोशिश करते हैं। अब तक लेपर्ड ने किसी भी इंसान पर हमला नहीं किया है। बता दें कि इससे पहले भी कई बार झालाना वन क्षेत्र से लेपर्ड शहरी इलाकों में पहुंच चुके हैं। कुछ वक्त पहले जयपुर के मोती डूंगरी की पहाड़ियों में लेपर्ड ने दस्तक देकर आम जनता को परेशान कर दिया था। वहीं बीते दिनों ओटीएस में लेपर्ड मूवमेंट के बाद सरकार के आला अधिकारी भी टेंशन में आ गए थे। करीब 10 महीने पहले भी एक लेपर्ड झालाना के जंगलों से निकल कर मालवीय नगर की पॉश कॉलोनी में घुस गया।

करीब तीन घंटे तक लोगों में तेंदुए की दहशत बनी रही। आखिरकार मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में कैद किया।

# किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाया जाम

जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के पाली जिले में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया है। किसानों का आरोप है कि जवाई बांध की जलवितरण बैठक डाक बंगले पर न कर इस बार प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए इसे पाली जिला मुख्यालय पर की है। किसानों को नजरअंदाज किया है। इस कारण किसानों को आंदोलन करना पड़ा। किसानों का कहना है कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर प्रशासन से वार्ता का इंतजार किया लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया। किसानों के जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस प्रशासन लगातार वाहनों को डायवर्ट करने का प्रयास कर रहा है। बता दें जवाई बांध पूरा भर जाने के साथ ही किसानों और प्रशासन के बीच विवाद शुरू हो गया था। जहां किसान सिंचाई के लिए चार पाण के लिए 4300 एमसीएफटी पानी मांग रहे थे।

# अशोक गहलोत के लिए सरदारशहर का उपचुनाव होगा 'लिटमस टेस्ट'



जयपुर, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में चूरू जिले की सरदारशहर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा के निधन से एक बार फिर से विधानसभा उपचुनाव होना तय हो गया है। विधानसभा चुनाव 2023 से पहले कांग्रेस और बीजेपी के लिए इसे सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। राजस्थान में सियासी संकट के बाद सीएम अशोक गहलोत की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इससे पहले पहले उपचुनाव में कांग्रेस ने उदयपुर की वल्लभनगर और प्रतापगढ़ के धरियावद विधानसभा सीट पर शानदार जीत दर्ज की थी। राज्य में गहलोत और पायलट कैंप की खींचतान के बीच कांग्रेस पार्टी के लिए यह उपचुनाव अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगा। सीएम गहलोत लोक कल्याणकारी योजनाओं के सहारे वोटर्स को लुभाएंगे, वहीं बीजेपी कानून व्यवस्था पर घेरने की कोशिश करेगी।

**उपचुनावों में कांग्रेस ने शानदारी जीत दर्ज की थी**

बता दें राजस्थान विधानसभा चुनाव 2018 के चुनावों में कांग्रेस को राज्य में 99 सीटें मिली थी. लेकिन चुनावों के बीच ही अलवर की रामगढ़ सीट पर बसपा प्रत्याशी का निधन हो गया था. जिससे चुनाव आयोग ने रामगढ़ विधानसभा सीट का चुनाव स्थगित कर दिया था। बाद में जब यहां चुनाव हुए तो कांग्रेस की ओर से साफिया जुबैर चुनाव जीतने में कामयाब रही। रामगढ़ सीट को जीतकर ही कांग्रेस के विधायकों की संख्या 100 हुई थी। कांग्रेस ने झुंझुनूं की मंडावा सीट जीतकर दमदार तरीके से एंट्री की। हालांकि, कांग्रेस को खींवसर विधानसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। चूरू की सुजानगढ़ और भीलवाड़ा जिले की सहाड़ा उपचुनाव भी कांग्रेस जीतने में सफल रही। हालांकि, राजसमंद से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। अब तक हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को सफलता मिली है। कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव हार जाती है तो इसे सीएम गहलोत के लिए बड़ा झटका माना जाएगा।

# गरीबों की मदद के लिए एसबीआई लेडीज क्लब आगे : नुपुर झिंगरन



हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एसबीआई लेडीज क्लब समाज में कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए समय-समय पर विभिन्न परोपकारी गतिविधियों का आयोजन करता है। इस प्रयास में, एसबीआई लेडीज क्लब, हैदराबाद ने अपनी अध्यक्ष श्रीमती नुपुर झिंगरन के नेतृत्व में एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय कोटी और एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय, सिकंदराबाद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

हाउस कीपिंग स्टाफ और ड्राइवरों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सामान्य चिकित्सक और स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा मुफ्त परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लड प्रेशर, रैंडम शुगर और ईसीजी जैसे परीक्षण उपलब्ध कराए गए और जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती नूपुर झिंगरन ने कार्यक्रम के लाभार्थियों से पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और सरकार की अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत कवर होने का अनुरोध किया। श्रीमती झिंगरन ने इस बात पर जोर दिया कि हम एक खुशहाल त्योहार तभी मना सकते हैं जब हमारे आसपास के लोग खुश और स्वस्थ हों। अपनी चैरिटी गतिविधियों के एक हिस्से के रूप में, एसबीआई लेडीज क्लब, हैदराबाद ने आउटसोर्स सेवाओं के लिए लगे कर्मचारियों को कंबल और साड़ी दान की। इस अवसर पर एसबीआई लेडीज क्लब हैदराबाद की अध्यक्ष ने नारायणपेट, पोचमपल्ली और गडवाल में बुनकरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं से स्थानीय रूप से निर्मित साड़ियों को खरीदने और बुनकरों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने बुनकरों को अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए बैंकों से वित्तीय सहायता लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## प्लास्टिक प्लेट व 6.99 लाख रुपये का कच्चा माल जब्त

वारंगल, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रतिबंधित प्लास्टिक प्लेटों के निर्माण के बारे में विश्वसनीय सूचना पर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों और ग्रेटर वारंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) के अधिकारियों के साथ एक टास्कफोर्स टीम ने वारंगल के पास पेंशनपुरा गांव के पास सुगुना इंडस्ट्रीज पर छापा मारा और भारी मात्रा में प्लास्टिक की प्लेटें मिलीं। टास्क फोर्स के एक प्रेस नोट के अनुसार, यूनिट से जब्त की गई सामग्री की कीमत 6,99,335 रुपये थी।

पुलिस ने प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक प्लेट बनाने वाली इकाई की मालिक सुगुना संजय को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त सामग्री को आगे की कार्रवाई के लिए जीडब्ल्यूएमसी और पीसीबी अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# एनएमडीसी में आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन

हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, एनएमडीसी ने ब्रह्म कुमारी आध्यात्मिक अंदोलन के अधीन मुख्यालय, हैदराबाद में "तनाव प्रबंधन" पर एक सत्र का आयोजन किया। 'हर दिन, हर घर आयुर्वेद' सरकार की इस पहल में भाग लेते हुए, एनएमडीसी मुख्यालय और अपनी प्रमुख परियोजनाओं में 12 सितंबर से 23 अक्तूबर तक छ: सप्ताह के दीर्घकालिक कार्यक्रम में जन भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। 'मानसिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद' को बढ़ावा देते हुए एनएमडीसी मुख्यालय ने ब्रह्मा कुमारी संस्था से बहन बी.के. अनीता को "तनाव प्रबंधन" पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बहन बी.के. अनीता ने तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने



के लिए सकारात्मकता पर जोर दिया और कहा कि दूसरों के जीवन के प्रति भी हमें सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ समस्याओं का सामना करना चाहिए। हमें वर्तमान के महत्व को समझते हुए शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए स्वयं को महत्व देने की जरूरत है। नमस्ते इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से 13 अक्तूबर को मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम पर एक सत्र भी आयोजित किया गया। नमस्ते योग फाउंडेशन के अध्यक्ष बृजभूषण पुरोहित ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद पर व्याख्यान दिया और मुख्यालय, हैदराबाद में योग और प्राणायाम का प्रदर्शन किया। 15 अक्तूबर को मुख्यालय, हैदराबाद में मानसिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद और इसके फायदों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## भाजपा विधायक रघुनंदन राव को विरोध का करना पड़ा सामना

हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुनुगोड़े उपचुनाव की तारीख से पहले ही सभी प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। मुनुगोड़े निर्वाचन क्षेत्र के निवासी कथित तौर पर कांग्रेस और भाजपा दलों के नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी के उम्मीदवार कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी के लिए प्रचार करने के लिए मुनुगोडे निर्वाचन क्षेत्र के नारायणपुरम मंडल में आए दुब्बाका भाजपा विधायक रघुनंदन राव को कोथुलापुरम गांव के निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने सवाल किया कि उन्होंने अपने दुब्बाका निर्वाचन क्षेत्र के लिए क्या किया है।

# नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर जारी, लग रही है लाभार्थियों की भीड़



सिरपुर, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। लाइफलाइन एक्सप्रेस के नेतृत्व में चल रहे नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर में प्रतिदिन भारी संख्या में रोगी जांच कराने आ रहे हैं। प्रतिदिन 750 के आसपास लोगों का विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जा रहा है और जिन रोगियों को आंख के ऑपरेशन की आवश्यकता है, उन्हें अग्रेसन भवन कनक परमेश्वरी मन्दिर राजस्थान भवन में शिफ्ट करके उनका ऑपरेशन किया जा रहा है। विधायक कोनेरू कोनपा की ओर से रोगियों को लाने एवं छोड़ने हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था रखी गई है एवं विधायक कोनेरू कोनपा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जांच शिविर में आये सभी रोगियों के लिए नि:शुल्क भोजन व्यवस्था रखी गई है। कार्यक्रम में तेरसा के जिला अध्यक्ष माइनारिटी सेल जाकीर अपना समय दान देते हुवे शिविर में जनता की सेवा में सेवा में जुटे हुए हैं।









मल्काजगिरि वाणीनगर गणेश मंदिर में समाजसेवी महावीरसिंह सेवड़ द्वारा उत्तराखंड चारधाम यात्रा के उपलक्ष्य में श्रीराम दरबार सत्संग समिति भाग्यनगर के कन्हैय्यालाल वैष्णव द्वारा सुंदरकांड किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का सम्मान भी किया गया। उपस्थित हैं आयोजक महावीरसिंह, राजेन्दर सिंह, महेश सिंह, सी.ए.नरेश सिंह, सुरेश सिंह सेवड़ राजपुरोहित केसरपुरा व समाज बन्धु।

## धोखाधड़ी के आरोप में पूर्व पुलिसकर्मी अंदर

हैदराबाद, 15 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। धोखाधड़ी के मामले में चिलकलगुडा पुलिस ने एक पूर्व सशस्त्र रिजर्व कांस्टेबल को गिरफ्तार किया। उसने खुद को चिल्कलगुडा पुलिस स्टेशन में तैनात एक कांस्टेबल के रूप में बताकर एक व्यक्ति को धोखा दिया था। गिरफ्तार व्यक्ति सी कोटी रेड्डी (43) आदिलाबाद जिले के मूल निवासी है। वह मंचेरियल सशस्त्र रिजर्व पुलिस में काम करता था। उसे कुछ अनुशासनात्मक मुद्दों पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। कोटी रेड्डी ने एक होटल मालिक से दो हजार रुपए ले लिए थे। होटल के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने एक मामला दर्ज किया और कोटी रेड्डी की पहचान करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।





नगर में आयोजित हिंदू-हिंदू भाई-भाई सम्मेलन में बतौर अतिथि उपस्थित समाजसेवी गोपाल बल्दवा का सम्मान किये जाने का दृश्य।

## 6 करोड़ रुपये के ठगी के आरोपी गिरफ्तार

